RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 9 अंक 172
लखनऊ, शनिवार, 13 अप्रैल, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




स्टार की तरह राजनीति में नहीं आई हूं
विविध-16


## अष्टम महागौरी



**समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिरू।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।**

**आदिशक्ति** श्री दुर्गा का अष्टम रूप श्री महागौरी देवी का है। मां के इस महागौरी रूप की पूजा नवरात्र के आठवें दिन की जाती है। मां महागौरी का रंग अत्यंत गौरा है इसलिए इन्हें महागौरी के नाम से जाना जाता है। श्री महागौरी की आराधना से उनके भक्त शक्तिशाली होते हैं। महागौरी को प्रसन्न कर लेने पर भक्तों को सभी सुख स्वतः ही प्राप्त हो जाते हैं। इसके अलावा मन को शांति भी मिलती है।

## नवम सिद्धिदात्री



**सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरम रैरपि।**
**सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।**

**नवरात्र** के अंतिम दिन यानि नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। मां दुर्गा अपने इस सिद्धिदात्री स्वरूप में भक्तों को हर प्रकार की सिद्धि प्रदान करती हैं। इस दिन भक्तों द्वारा विशेष पूजा करने से विभिन्न प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति होती है। माता सिद्धिदात्री के आशीर्वाद के बाद श्रद्धालु के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रह जाता है। इसके अलावा भक्तों को सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

# सेना के कथित राजनीतिकरण पर विवाद

## पूर्व सैन्य अफसरों ने लिखी राष्ट्रपति को चिट्ठी

● राष्ट्रपति भवन ने किया इनकार, तीन अधिकारियों ने मामले से किया किनारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आठ** पूर्व सैन्य प्रमुखों समेत 150 से ज्यादा पूर्व सैन्यकर्मियों ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को पत्र लिखकर सशस्त्र सेनाओं का 'राजनीतिक उद्देश्य' से 'इस्तेमाल' करने पर चिंता जताई है और उनसे अनुरोध किया है कि वे सशस्त्र सेनाओं के गैर राजनीतिक चरित्र को संरक्षित रखने के लिए इसमें दखल दें। उन्होंने कहा कि सेनाओं का इस तरह से दुरुपयोग होने से वर्दी में देशसेवा करने वाली महिलाओं और पुरुषों का मनोबल प्रभावित होगा तथा उनकी लड़ाकू क्षमता पर विपरीत असर डालेगा। वहीं सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति कार्यालय को अभी तक ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है। कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दिन गुरुवार को ही पत्र राष्ट्रपति को भेजा गया था।

इस बीच दो पूर्व प्रमुख एनसी सूरी (भारतीय वायुसेना) तथा एसएफ रोड्रिग्स (सेना), जिनका नाम सूची में है, ने कहा कि उन्होंने पत्र पर दस्तखत नहीं किया है। इस पत्र पर 11 अप्रैल की तिथि है। पूर्व सेना उप प्रमुख एमएल नायडू ने कहा कि सूची में नाम शामिल करते वक्त उनकी सहमति नहीं ली गई। सूरी ने यह भी कहा कि सशस्त्र सेनाएं गैर राजनीतिक हैं और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार के प्रति जवाबदेह हैं। पत्र लिखने की जरूरत के बारे में जानकारी देते हुए पूर्व सैन्य कर्मियों ने कहा कि एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर पूर्व सैनिकों की भावना से राष्ट्रपति को अवगत कराने के लिए यह खत लिखा गया है। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित पत्र इसलिए लिखा गया है कि वे संविधान के संरक्षक हैं और सशस्त्र सेनाओं के सुप्रीम कमांडर हैं।

पत्र में कहा गया 'आदरणीय हम आपसे अनुरोध करना चाहते हैं कि सभी राजनीतिक दलों को सेना, सेना की वर्दी या प्रतीक और सेना की कार्रवाई का राजनीतिक उद्देश्यों से या राजनीतिक एजेंडे के लिए इस्तेमाल करने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाते हुए आप इस बारे में सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दें। पूर्व सैन्य कर्मियों ने कहा कि सीमा पार हमले जैसे सेनाओं के ऑपरेशनों का राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा श्रेय लेने और 'मोदी की सेना' कहा जाना पूरी तरह से 'अस्वीकार्य' है। वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए एक बयान का उल्लेख कर रहे थे। पत्र में सेनाओं का राजनीतिक उद्देश्य से इस्तेमाल किए जाने का उदाहरण भी दिया गया है जिसमें यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सशस्त्र सेनाओं को मोदी जी सेना कहना तथा राजनीतिक कार्यक्रमों में विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान की तस्वीरों को लगाया जाना शामिल है।

पत्र में इसके दुरुपयोग का उल्लेख करते हुए (शेष पेज 10)



### कांग्रेस ने की चुनाव आयोग से शिकायत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आम चुनाव में सेना के राजनीतिकरण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वेब सीरीज एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के चुनावी हलफनामे में शैक्षणिक योग्यता को लेकर कथित तौर पर गलत जानकारी देने के खिलाफ शुक्रवार को चुनाव आयोग का रुख किया और इन पर कदम उठाने का आग्रह किया।चुनाव आयोग के समक्ष प्रतिवेदन देने के बाद पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष जिस प्रकार से सेना को सस्ती राजनीति में खींच रहे हैं वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह से सेना का राजनीतिकरण आजाद भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ। सेना को सस्ती राजनीति में खींचना सिवाय नरेंद्र मोदी और अमित शाह के किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा, हमने चुनाव आयोग से कहा है कि किसी भी पार्टी का नेता अगर प्रतिबंधित बात करता है तो उसे पहली बार में चुनाव प्रचार से एक दिन के लिए उस पर पाबंदी लगा दी जाए। इसके बाद जब भी ऐसा करे उस पर उतने ही दिन का प्रतिबंध लगे। (शेष पेज 10)

# चुनावी बांड पर रोक नहीं किंतु बतानी होगी कमाई

● शीर्ष अदालत ने इससे प्राप्त धन की जानकारी निर्वाचन आयोग को देने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को चुनावी बांड पर अपने अंतरिम आदेश में कहा कि इसके जरिये मिले धन से जुड़ी सारी जानकारी अब राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग को देनी होगी। अदालत ने कहा कि सभी राजनीतिक दल इस तरह से प्राप्त धन की रसीद और दानदाताओं की पहचान का विवरण सीलबंद लिफाफे में निर्वाचन आयोग को उपलबध कराएं और चुनाव आयोग इसे सुरक्षित रखेगा।

आदेश के मुताबिक पार्टियों को मिली 15 मई तक की रकम की जानकारी मई के आखिर तक चुनाव आयोग को देनी होगी। फिलहाल अदालत ने चुनावी बांड के माध्यम से राजनीतिक दलों को धन देने पर रोक नहीं लगाई है। कोर्ट ने इसे खरीदने की अवधि अप्रैल-मई में दस दिन से घटाकर पांच दिन करने का निर्देश दिया है।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने अपने आदेश में सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे चुनावी बांड की रकम और दानदाताओं के बैंक खाते का विवरण 30 मई तक निर्वाचन आयोग को मुहैया कराएं।

न्यायालय ने केन्द्र की इस दलील को ठुकरा दिया कि उसे इस समय चुनावी बांड योजना में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और आम चुनाव के बाद ही यह विवेचना करनी चाहिए कि क्या इसने काम किया है या नहीं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह चुनावी बांड योजना के अनुरूप कानूनों को लाने के मकसद से आयकर कानून, जनप्रतिनिधित्व कानून और वित्त कानून आदि में किए गए संशोधनों पर विस्तार से गौर करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी एक राजनीतिक दल की ओर इसका झुकाव नहीं हो। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड खरीदने की अवधि अप्रैल-मई में दस दिन से घटाकर पांच दिन करने का (शेष पेज 10)



### भाजपा को मिली कांग्रेस से 5 गुना ज्यादा रकम

**भाजपा** को साल 2016-17 और 2017-18 में 997 करोड़ रुपये और 990 करोड़ रुपये दान में मिले हैं। यह राशि कांग्रेस को इसी समय में मिले दान की राशि से 5 गुना ज्यादा है। चुनाव आयोग के वकील ने कहा है कि साल 2017-18 में भाजपा को 520 चुनावी बॉन्ड मिले, जिनकी कीमत 222 करोड़ रुपये है। पार्टी ने इसमें से 511 चुनावी बॉन्ड भुनाया, जिनकी कीमत 221 करोड़ रुपये है।

### बांड के जरिए ऐसे किया जाता है दान

**चुनावों** में राजनीतिक दलों के चंदा जुटाने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से चुनावी बांड की घोषणा की गई थी। चुनावी बांड एक ऐसा बांड है जिसमें एक करेंसी नोट लिखा रहता है, जिसमें उसकी कीमत होती है। ये बांड पैसा दान करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस बांड के जरिए आम आदमी राजनीतिक पार्टी, व्यक्ति या किसी संस्था को पैसे दान कर सकता है। इसकी न्यूनतम कीमत एक हजार रुपए जबकि अधिकतम एक करोड़ रुपए होती है। चुनावी बांड 1 हजार, 10 हजार, 1 लाख, 10 लाख और 1 करोड़ रुपये के मूल्य में उपलब्ध हैं।

# चुनाव ड्यूटी कर रहे अफसरों व जवानों को मिलेगा मानदेय

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

● निर्वाचन आयोग ने गजटेड अधिकारी के लिए प्रति सप्ताह 1,250, जूनियर के लिए 1000 और अन्य रैंक के लिए तय किए 750 रुपये

● आदेश की प्रतियां सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के अलावा बलों व गृह-कानून मंत्रालय को भी भेजी गई

**बिना** किसी मेहनताने के कड़ी चुनाव ड्यूटी बजाने वाले जवानों को अब मानदेय मिलेगा। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लोकसभा और चार विधानसभाओं के लिए हो रहे चुनावों में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (अर्द्धसैनिक) और प्रदेश सशस्त्र पुलिस (एसएपी) के अधिकारियों व जवानों को मानदेय देने का निर्देश दिया है।

आयोग ने 15 अथवा इससे कम दिनों की चुनावी ड्यूटी करने वाले गजटेड अफसरों मसलन असिस्टेंड कमांडेट, मेडिकल अफसर, डिप्टी कमांडेंट के लिए 2,500 रुपये, असिस्टेंट इंसपेक्टर-सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर को 2,000 रुपये और कांस्टेबल एवं हेड कांस्टेबल के लिए 1500 रुपये का मानदेय तय किया है। पन्द्रह दिन से ज्यादा की चुनावी ड्यूटी करने पर प्रति गजटेड अफसर को उक्त दर के हिसाब से ही प्रति सप्ताह 1,250 रुपये, इससे कनिष्ठ अफसर को प्रति सप्ताह 1000 रुपये और अन्य रैंक के कर्मचारी को प्रति सप्ताह 750 रुपये मानदेय मिलेगा। बुधवार को जारी निर्वाचन आयोग के आदेश में यह भी कहा गया है कि मानदेय राशि संबद्ध अधिकारी अथवा कर्मचारी के एक माह के कुल वेतन से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

आदेश के मुताबिक, मानदेय राशि के भुगतान पर होने वाला पूरा खर्च लोकसभा चुनाव के संदर्भ में केंद्र सरकार और विधानसभा चुनाव के संदर्भ में संबद्ध राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश वहन करेंगे। लोकसभा व विधानसभाओं -केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव साथ होने की स्थिति में यह व्यय केंद्र और संबद्ध सरकारें पचास-पचास फीसदी के अनुपात में उठाएंगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि लोकसभा चुनाव 2019 के लिए तैनात किए गए सीएपीएफ, एसएपी, आईआरबीएन (इंडिया रिजर्व बटालियन), बीडब्लूएचजी (बॉर्डर विंग होम गार्ड) के जवानों के मानदेय का (शेष पेज 10)

## अयोध्या में विवादित भूमि पर बने मंदिरों में पूजा की अनुमति नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद स्थल से लगी अविवादित जमीन पर मौजूद नौ प्राचीन मंदिरों में पूजापाठ की इजाजत की मांग करने वाली याचिका खाारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि आप इस देश को कभी शांति से नहीं रहने देंगे। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि वहां हमेशा ही कुछ होगा।

शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 10 जनवरी के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करने के दौरान यह टिप्पणी की। दरअसल, उच्च न्यायालय ने वहां नौ मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए उसकी सहमति मांगने वाली एक याचिका खारिज कर दी थी और याचिकाकर्ता को खर्च के तौर पर पांच लाख रुपए भी भरने का निर्देश दिया था। शीर्ष न्यायालय ने अपील पर सुनवाई (शेष पेज 10)

# राफेल मामले में राहुल के खिलाफ अवमानना केस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भाजपा** सांसद मीनाक्षी लेखी ने राफेल मामले में हाल ही में दिए उच्चतम न्यायालय के फैसले पर राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ अवमनना याचिका दायर की। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से सांसद मीनाक्षी लेखी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने अपनी व्यक्तिगत टिप्पणियों को शीर्ष अदालत के मुंह में डाला है और इस तरह उन्होंने गलत धारणा पैदा करने का प्रयास किया है। मीनाक्षी लेखी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने कथित रूप से टिप्पणी की, अब उच्चतम न्यायालय ने भी कह दिया कि चौकीदार चोर है।



● कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणियों के खिलाफ याचिका पर न्यायालय में 15 अप्रैल को सुनवाई

राहुल गांधी ने अमेठी संसदीय सीट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान बयान दिया। राहुल गांधी का इस सीट पर भाजपा की नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से मुकाबला है। गांधी ने प्रधानमंत्री के हाल ही में दिए गए इंटरव्यू का भी जिक्र किया, जिसमें मोदी ने कहा था कि उच्चतम न्यायालय ने राफेल सौदे में उनकी सरकार को क्लीन (शेष पेज 10)

## जेट एयरवेज की स्थिति पर पीएमओ ने बुलाई बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** कार्यालय (पीएमओ) ने निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी जेट एयरवेज की स्थिति पर विचार विमर्श के लिए तत्काल जरूरी बैठक बुलाई है। जेट एयरवेज गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है।

सूत्रों ने बताया कि नागर विमानन मंत्री सुरेश प्रभु ने विभाग के सचिव से जेट एयरवेज से संबंधित मुद्दों की समीक्षा को कहा था उसके बाद यह बैठक बुलाई गई। संकटग्रस्त जेट एयरवेज गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है और उसने अपनी कई उड़ानों को खड़ा कर दिया तथा सोमवार तक के लिए अंतरराष्ट्रीय परिचालन भी रोक दिया है।

एयरलाइन ने शेयर बाजारों को सूचित किया था कि पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों को भुगतान नहीं कर पाने की वजह से उसे अपने दस और विमानों को खड़ा करना पड़ा है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38767 | ↑ | 160 |
| निफ्टी | 11643 | ↑ | 47 |
| सोना | 32850 | ↓ | 170/10g |
| चांदी | 38200 | ↓ | 350 /kg |

## क्विक न्यूज

### मोदी पर बायोपिक पर पाबंदी के खिलाफ 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर बनी फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने शुक्रवार को कहा कि बायोपिक के निर्माताओं की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इस बायोपिक के प्रदर्शन पर बुधवार को प्रतिबंध लगा दिया था। आयोग ने कहा था कि चुनावों के समय कोई ऐसी फिल्म जो किसी राजनीतिक हस्ती या व्यक्ति के उद्देश्यों की पूर्ति करती हो, उसे प्रदर्शित नही किया जा सकता। आयोग ने एक अलग आदेश में फिल्म निर्माताओं को निर्देश दिया था कि पीएम नरेन्द्र मोदी शीर्षक की फिल्म अगले आदेश तक प्रदर्शित नही की जाए।

## विवादित बोल

# मुस्लिम मतदाता मुझे वोट करें क्योंकि चुनाव बाद उनको मेरी जरूरत पड़ेगी: मेनका

**संवाददाता।** सुल्तानपुर

**केंद्रीय** मंत्री मेनका गांधी ने मुस्लिम मतदाताओं से कहा है कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करें क्योंकि मुसलमानों को चुनाव के बाद उनकी जरूरत पड़ेगी।

मेनका ने मुस्लिम बहुल क्षेत्र तूराबखानी में गुरूवार को आयोजित एक चुनावी सभा में कहा, मैं लोगों के प्यार और सहयोग से जीत रही हूं लेकिन अगर मेरी यह जीत मुसलमानों के बिना होगी तो मुझे बहुत अच्छा नहीं लगेगा।

भाजपा नेता ने कहा, इतना मैं बता देती हूं कि फिर दिल खट्टा हो जाता है। फिर जब मुसलमान आता है काम के लिए, फिर मैं सोचती हूं कि नहीं रहने ही दो क्या फर्क पड़ता है। आखिर नौकरी भी तो एक सौदेबाजी ही होती है, बात सही है या नहीं? उन्होंने कहा कि अगर आप पीलीभीत में पूछिए, पीलीभीत के एक भी बंदे को फोन कर पूछो कि मेनका गांधी कैसे थी वहां। अगर आपको लगे कि कहीं भी हमसे कोई गुस्ताखी हुई तो हमको वोट मत देना। अगर आपको लगे कि हम खुले हाथ और दिल के साथ आए हैं कि आपको कल मेरी जरूरत पड़ेगी। यह इलेक्शन तो मैं पार कर चुकी हूं अब आपको मेरी जरूरत पड़ेगी।



मेनका गांधी इस बार सुल्तानपुर से चुनाव लड़ रही हैं जबकि उनके पुत्र वरूण गांधी उनकी सीट पीलीभीत से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने मुस्लिम मतदाताओं के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के एक बयान को लेकर शुक्रवार को चुनाव आयोग से आग्रह किया कि चुनावी कदाचार के लिए उनका नामांकन खारिज किया जाए। पार्टी ने यह भी कहा कि धार्मिक भावनाएं भड़काने के लिए मेनका के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज होनी चाहिए। विभिन्न मुद्दों पर शिकायत करने के लिए कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने चुनाव आयोग को अपना प्रतिवेदन सौंपा। इस दौरान पार्टी शिष्टमंडल द्वारा मेनका गांधी के बयान का भी मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, सच्चाई ये है कि मोदी जी और उनके मंत्री बौखला गए हैं। चुनाव की दौड़ को वो पूरी करने में अपने आपको असक्षम पा रहे हैं। हमने चुनाव आयोग को कहा है कि जो जाति और धर्म के आधार पर नफरत और बंटवारा फैलाए, ऐसी मंत्री को एक दिन भी उम्मीदवार बने रहने का अधिकार नहीं है।

# सन्यासी को वोट नहीं दिया तो दे दूंगा अपने पाप: साक्षी

**संवाददाता।** उन्नाव

**जिले** के बडबोले सांसद भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार साक्षी महाराज ने एक बार विवादित बयान दे डाला। इस बार वह वोट न देने पर धमकी भरे अंदाज में जनता को डराते दिखे।

एक चुनावी सभा में जनता को संबोधित करते हुए साक्षी महराज ने अपने संबोधन से कहा कि मैं सन्यासी हूं, आप जिताओगे तो काम करूंगा नहीं तो भजन कीर्तिन मन्दिर में जाकर करूंगा। उन्होंने कहा कि संन्यासी जब किसी के दरवाजे पर आता है और भिक्षा मांगता है याचना करता है अगर उसकी बात कोई नहीं मानता है तो वह गृहस्थी के पुण्य ले जाता है और अपने पाप देकर चला जाता है। उन्होंने कहा कि यह शास्त्र में लिखा है। साथ ही कहा कि मैं धन दौलत मांगने नहीं आया हूं। मैं वोट मांगने आया हूं, वह वोट मांगने आया हूं जिससे सवा सौ करोड़ देश वासियों की किस्मत सुधरनी है।



उन्होंने कहा कि आप अपनी कन्या का दान करते हैं तो बहुत सोच समझकर करते है। क्योंकि इससे कन्या का भविष्य जुड़ा रहता है। इसी तरह आपके वोट से भी सवा सौ करोड़ देश वासियों का भविष्य जुड़ा हुआ है। इसलिए बहुत सोच समझ कर फैसला लेना। साक्षी महराज आज सोहरामऊ थाना क्षेत्र में शेषपुर गांव में रामेश्वर बाबा मंदिर पर जनसभा को संबोधित करते हुए यह बाते कह रहे थे।

इस संबध में नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि साक्षी महराज के बयान को गंभीरता से लेते हुए उनके विरूध सोहरामऊ थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। उन्होंने बताया कि 171 सी आईपीसी के साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, 1989 की धारा 123 के तहत मामला पंजीकृत कराया गया है।

# शिखर के बाद मतदान का रुख नीचे की ओर

## वर्ष 2014 की मोदी लहर में दस से पन्द्रह फीसदी तक मतदान में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई थी और वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव तक यह सिलसिला बरकरार रहा

**कमल दुबे।** लखनऊ



**पिछले** लोकसभा चुनाव की मोदी लहर में ऊंची छलांग के बाद प्रदेश में चुनाव दर चुनाव मतदान में गिरावट दर्ज हो रही है। लोकसभा चुनाव में कल हुये पहले चरण के मतदान में कम से कम यही तस्वीर उभर कर सामने आ रही है। जिन आठ सीटों पर कल मतदान हुआ है उनमें से सात सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में गिरावट दर्ज हुई है। जैसे-तैसे गाजियाबाद के मतदाता अपने पुराने प्रर्दशन को बनाये रखने में सफल रहे हैं। अगर पिछले विधानसभा चुनाव में हुये मतदान से तुलना करें तो सभी की सभी आठों सीटों का मतदान प्रतिशत गिरा है।

पहले चरण के मतदान के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक सहारनपुर में 70.68 फीसदी, कैराना में 62.10 फीसदी, मुजफ्फरनगर में 66.66 फीसदी, बिजनौर में 65.40 फीसदी, मेरठ में 63.00 फीसदी, बागपत में 63.09 फीसदी, गाजियाबाद में 57.06 फीसदी और गौतमबुद्ध नगर में 60.15 फीसदी वोट पड़े। जिसमें गाजियाबाद सीट केवल ऐसी है, जिसमें पिछले लोकसभा चुनाव में 56.94 फीसदी वोट पड़े थे और इस बार कुछ अधिक वोट पड़े है। इसके अलावा सभी सीटों पर वोट का प्रतिशत गिरा है। हालांकि यह गिरावट चार फीसदी तक है, लेकिन मतदान का प्रतिशत वोटरों के शुरुआती जोश में कमी का संकेत देता है। वर्ष 2014 की मोदी लहर में हुये चुनाव में मतदान प्रतिशत में भारी बढ़ोत्तरी हुई थी। सहारनपुर में 74.25 फीसदी, बिजनौर में 67.88 फीसदी, कैराना में 73.08 फीसदी, मुजफ्फरनगर में 69.72 फीसदी, मेरठ में 63.11 फीसदी, बागपत में 66.77 फीसदी, गाहजयाबाद में 56.94 फीसदी तथा गौतमबुद्ध नगर में 60.38 फीसदी मतदान हुआ था। लगभग सभी सीटों पर वर्ष 2009 की दस से पन्द्रह फीसदी की भारी बढ़ोत्तरी दर्ज हुई थी। मतदान में भारी वृद्धि को निर्वाचन आयोग ने लोकतन्त्र के लिये सकारात्मक संकेत माना था और उम्मीद की जा रही थी कि आगे मतदान का प्रतिशत और बढ़ेगा। ऐसा हुआ भी और पिछले विधानसभा चुनाव में वोट का प्रतिशत बढ़ा भी, लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बढ़ोत्तरी का यह सिलसिला कायम नहीं रह सका। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि आगे चलकर मतदानत का प्रतिशत बढ़ेगा। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में सहारनपुर में 72.81 फीसदी, बिजनौर में 68.01 फीसदी, मेरठ में 64.62 फीसदी, मुजफ्फनगर में 68.11 फीसदी, गौतमबुद्ध नगर में 61.36 फीसदी, गाजियाबाद में 58.00 फीसदी, कैराना में 70.59 फीसदी तथा बागपत में 65.73 फीसदी मतदान हुआ था, जो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के ही जैसा था। अधिकतर सीटों पर थोड़े-बहुत वोट बढ़े थे।

### पुरुषों और महिलाओं में कांटे का मुकाबला

● किसी भी सीट में थर्ड जेन्डरों में नही दिखा उत्साह

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में महिलाओं ने पुरुषों को कड़ी टक्कर दी। आठ सीटों पर हुये मतदान में बिजनौर सीट ऐसी है, जहां पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के वोट डालने का प्रतिशत अधिक रहा। अन्य सीटों पर भी पुरूष मतदाताओं को महिलाओं ने जोरदार टक्कर दी। इसके विपरीत थर्ड जेन्डरों में मतदान के प्रति ज्यादा उत्साह नहीं दिखा और इनके अधिकतम 10.98 फीसदी ही वोट पड़े। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये आंकड़ों के मुताबिक सहारनपुर में हुये कुल 70.82 फीसदी मतदान में पुरुषों ने 71.55 प्रतिशत, महिलाओं ने 69.99 प्रतिशत तथा थर्ड जेन्डर ने 10.98 फीसदी वोट किये। कैराना में पुरूषों और महिलाओं के वोट डालने का काफी नजदीकी मुकाबला रहा। पुरूषों ने 67.77 और महिलाओं ने 67.11 फीसदी वोड डाले जबकि थर्ड जेन्डर का प्रतिशत 10.75 रहा। इसी तरह मुजफ्फरनगर में पुरूषों ने 68.30 , महिलाओं ने 68.14 फीसदी तथा थर्ड जेन्डरों ने 2.70 मतदान किया। बिजनौर में पुरूषों का 65.62 और महिलाओं का प्रतिशत 66.40 रहा। मेरठ में 65.43 फीसदी पुरूष, 62.70 फीसदी महिलाओं और 3.01 फीसदी थर्ड जेन्डरों ने वोट किया। बागपत में पुरूषों का 65.57 और महिलाओं को प्रतिशत 62.56 रहा जबकि थर्ड जेन्डरों का प्रतिशत 2.35 रहा। गाजियाबाद में 56.32 फीसदी पुरुष, 55.11 फीसदी महिला और 5.50 फीसदी थर्ड जेन्डरों ने वोट किया।

# चतुर्थ चरण में नामांकन पत्रों की वापसी के बाद 152 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● निघासन विधान सभा उप निर्वाचन में 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

● पांचवें चरण में नामांकन के तीसरे दिन 23 नामांकन पत्र दाखिल

**लोक** सभा सामान्य निर्वाचन के चतुर्थ चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की वापसी के बाद 152 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं। शुक्रवार को नामांकन वापसी के अंतिम दिन कुल 4 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिये, जिसमें शाहजहांपुर, हरदोई, फर्रूखाबाद तथा इटावा से 1-1 प्रत्याशी ने अपने नामांकन पत्र वापस लिये। इसके साथ ही निघासन विधानसभा उप निर्वाचन में शुक्रवार नामांकन वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। इस प्रकार निघासन में 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. वेंकटेश्वर लू ने बताया कि चतुर्थ चरण में शुक्रवार को नामांकन पत्रों की वापसी के अंतिम दिन शाहजहांपुर में 14 प्रत्याशी, खीरी में 15, हरदोई में 11, उन्नाव में मिश्रिख हरदोई में 13, उन्नाव में 9, फर्रूखाबाद में 9, इटावा में 13, कन्नौज में 10, कानपुर (कानपुर नगर) में 14, अकबरपुर में 14, जालौन में 5, झांसी में 11 तथा हमीरपुर में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. वेंकटेश्वर लू ने बताया कि पांचवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन के तीसरे दिन कुल 23 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये, जिसमें धौरहरा से 2, सीतापुर से 3, मोहनलालगंज से 2, लखनऊ से 6, अमेठी से 2, बांदा से 2, फतेहपुर से 2, कौशाम्बी से 1, बाराबंकी से 2 तथा फैजाबाद से 1 प्रत्याशी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में मुख्य रूप से धौरहरा से कांगेस के जितिन प्रसाद तथा बीएसपी के अरशद अहमद सिद्दीकी, सीतापुर से कांग्रेस के कैसर जहां, बांदा से कांग्रेस के बाल कुमार पटेल उर्फ राजकुमार, बाराबंकी से सपा के राम सागर तथा बीजेपी के उपेन्द्र सिंह शामिल हैं।

# राहुल गांधी अगले हफ्ते यूपी में करेंगे न्याय यात्रा की शुरुआत

● न्यूनतम आय योजना को चुनाव में मजबूत हथियार बनाएगी कांग्रेस

● प्रदेश मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर न्याय यात्रा को लोकसभा क्षेत्रों में रवाना करेंगे कांग्रेस अध्यक्ष



**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में अपने वजूद की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस न्यूनतम आय योजना (न्याय) को लोकसभा चुनाव में अपना मजबूत चुनावी हथियार बनाने जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी जल्द न्याय यात्रा का विधिवत शुभारंभ करने वाले हैं। वह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से न्याय यात्रा में शामिल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर लोकसभा क्षेत्रों में रवाना करेंगे। हालांकि पार्टी ने इस कार्यक्रम को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं की है लेकिन इस संबंध सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि यह योजना चुनाव में गेमचेंजर साबित हो सकती है। यही वजह है कि वह इस योजना को जनता के बीच ले जाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट गयी है।

न्याय के व्यापक प्रचार-प्रसार का पूरा खाका तैयार हो चुका है। हालांकि बीते 25 मार्च को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा घोषित इस योजना को उत्तर प्रदेश के चुनाव में हथियार बनाने में पार्टी की ओर से विलंब हुआ है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में वेस्ट यूपी की आठ सीटों पर मतदान हो चुका है लेकिन अभी भी छह चरणों में 72 सीटों पर चुनाव शेष है। पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि हाईकमान ने उत्तर प्रदेश में न्याय यात्रा की विधिवत शुरूआत करने का अहम निर्णय लिया है। इसके लिए बीस गाड़ियां (छोटी बसें) प्रदेश कांग्रेस कमेटी को मुहैया करायी जा चुकी हैं। इन बसों में साज-सज्जा का काम हो रहा है। आने वाले चार से पांच दिनों में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी लखनऊ के नेहरू भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव और पूर्वी यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी के भी मौजूद रहने की संभावना है। न्याय यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस में तैयारियां व्यापक रूप से चल रही हैं। सभी लोकसभा क्षेत्रों में न्याय यात्रा के प्रभारी बनाए जा रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने के बाद लोकसभा क्षेत्रों के प्रभारियों की जिम्मेदारी होगी कि सजी-संवरी इन गाड़ियों पर प्रदेशभर में पूरे चुनाव तक न्याय यात्रा का संचालन कर इसका गली-गली, गांव-गांव तक प्रचार प्रसार किया जाए। इन गाड़ियों पर न्यूनतम आय योजना, महिलाओं को 33 प्रशिक्षण आरक्षण सहित कांगेस के घोषणा पत्र में शामिल अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं के बारे में लिखा रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की ओर से यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मौजूदगी में बीते 25 मार्च को ऐलान किया गया था कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो देश के बीस फीसदी सबसे गरीब पांच करोड़ परिवारों को सालाना 72 हजार रुपए यानि छह हजार रुपए हर महीने बिना शर्त मुहैया कराए जाएंगे। यह रकम सीधे बैंक खाते में डालने की बात कही गयी है। कांग्रेस का दावा है कि योजना का लाभ 25 करोड़ लोगों को मिलेगा।

# पहले चरण के बाद भी बसपा ने नहीं खोले 15 सीटों पर अपने पत्ते

## पिछले चुनाव में 15 में से 10 सीटों पर पार्टी रही रनर, 2009 में 9 सीटों पर दर्ज की थी जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण में यूपी की आठ सीटों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बावजूद बहुजन समाज पार्टी ने अभी 15 सीटों पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। जबकि इन 15 सीटों में से कई सीटों पर वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने जीत दर्ज की थी। यह बात दीगर है कि पिछले चुनाव में मोदी लहर में यह सभी सीटें भाजपा के खाते में चली गई। पार्टी की तरफ जिन सीटों पर अभी अधिकृत तौर पर प्रत्याशी नहीं उतारे गये हैं, उनके बारे में माना जा रहा है कि जमीनी स्तर पर जीत को लेकर पूरी फीडबैक लेने के बाद ही बसपा सुप्रीमो मायावती प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करेंगी।

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ बसपा गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है। गठबंधन के तहत पार्टी 38 सीटों पर और समाजवादी पार्टी 37 व लोकदल तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। बंटवारे में मिली 38 सीटों में से 23 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी गयी है लेकिन अभी पूर्वांचल के तहत मिली 15 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा आधिकारिक तौर पर नहीं की गयी है। यह बात दीगर है कि स्थानीय स्तर पर इन सीटों पर उम्मीदवारों की तरफ से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। लेकिन जब तक इनके नाम की घोषणा पार्टी की तरफ से आधिकारिक तौर पर नहीं की जाती है तब तक बसपा में फेर-बदल की संभावना बनी रहती है। हालांकि इन 15 सीटों पर पार्टी की स्थिति को देखा जाय तो 10 सीटें ऐसी हैं जहां पर पार्टी दूसरे स्थान पर रही है। वहीं इन 15 में से 9 सीटें ऐसी हैं जहां पर पार्टी ने वर्ष 2009 के चुनाव में जीत दर्ज की थी। इनमें कई ऐसी सीटें हैं जो बसपा के प्रभाव वाली सीटें मानी जाती है। अब यह बात दीगर है कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में पार्टी का सुपड़ा साफ हो गया था। सीटों पर प्रत्याशियों के नाम में देरी को लेकर पार्टी के नेताओं का कहना है कि चुनावी मौसम में व्यस्तता के चलते सीटें घोषित नहीं हुई हैं। जल्द ही इनके नामों की घोषणा पार्टी सुप्रीमो की तरफ से कर दी जायेगी।

### यह है सीटें

**जिन** लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम क घोषणा अभी आधिकारिक तौर पर नहीं हुई है, उनमें सुलतानपुर, प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर और गाजीपुर शामिल है।

**पिछले चुनाव में रनरअप वाली सीटें**

**सुलतानपुर,** प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर, डुमरियागंज, संतकबीरनगर, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही, देवरिया, बांसगांव, घोसी व सलेमपुर, व गाजीपुर शामिल हैं।

**वर्ष 2009 के चुनाव में इन सीटों पर हुई थी जीत**

**अम्बेडकरनगर,** बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, जौनपुर, भदोही, देवरिया, घोसी व सलेमपुर शामिल है।

# टिकट के बावजूद भार्गव नदारद, प्रचार में जुटे आरके चौधरी

## मोहनलालगंज सुरक्षित सीट पर कांग्रेस में असमंजस बरकरार

**पायनियर समाचार सेवा।** मोहनलालगंज



आर के चौधरी



रामशंकर भार्गव

**सुरक्षित** लोकसभा सीट पर कांग्रेस में घमासान चल रहा है। पार्टी की ओर से मिश्रिख के पूर्व सांसद रामशंकर भार्गव को मोहनलालगंज सुरक्षित सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है लेकिन क्षेत्र में प्रचार आरके चौधरी का चल रहा है। क्षेत्र का आम मतदाता ही नहीं पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता व नेता भी संशय में हैं कि आखिरकार कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ेगा कौन?

संशय की यह स्थिति जो मोहनलालगंज सुरक्षित लोकसभा सीट को लेकर उत्पन्न हुई है उसके पीछे पार्टी के ही रणनीतिकार जिम्मेदार हैं। पिछले दिनों सीतापुर जिले के तीन नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री रामलाल रही, पूर्व बसपा सांसद कैसर जहां और पूर्व सांसद रामशंकर भार्गव कांग्रेस में शामिल हुए थे। ज्वाइनिंग के साथ टिकट के गिफ्ट हैंपर के रूप में कांग्रेस ने रामलाल राही की बहू मंजरी राही को मिश्रिख सुरक्षित और कैसरजहां को सीतापुर सीट से उतार दिया जबकि रामशंकर भार्गव को समायोजित करने के लिए उन्हें लखनऊ की मोहनलालगंज सुरक्षित लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। भार्गव इस क्षेत्र के लिए पूरी तरह से बाहरी हैं और उनके प्रत्याशी बनने से पार्टी के स्थानीय नेताओं ने भी अप्रसन्नता जाहिर की। इधर मोहनलालगंज क्षेत्र के बड़े नेताओं में शुमार बसपा सरकार के पूर्व मंत्री और मोहनलालगंज विधानसभा से तीन बार विधायक रहे आरके चौधरी (दिसंबर 2018 में सपा में शामिल हो गए थे) मौजूदा लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हो जाने की वजह से घुटन महसूस कर रहे थे। सपा से टिकट न होने से नाराज आरके चौधरी ने पार्टी छोड़ने का फैसला किया। नया राजनैतिक ठौर तलाश रहे आरके चौधरी ने कांग्रेस महासचिव व पूर्वी यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी से सम्पर्क साधा और कांग्रेस तुरंत उन्हें लेने को तैयार हो गयी। बीते छह अप्रैल को वह दिल्ली में कांग्रेस महासचिव के समक्ष पार्टी में शामिल हो गए। उनकी ज्वाइनिंग के साथ ही यह संदेश भी गया कि कांग्रेस मोहनलालगंज सीट पर प्रत्याशी बदलेगी और आरके चौधरी यहां से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि कांग्रेस की ओर उनके टिकट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा तो नहीं की गयी लेकिन पार्टी के प्रदेश इकाई के नेताओं ने भी संकेत यही दिए कि मोहनलालगंज से आरके चौधरी को ही टिकट मिलेगा। चौधरी के कांग्रेस में आए छह दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक मोहनलालगंज सीट को लेकर पार्टी ने कोई फैसला नहीं बदला है।

इधर कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी रामशंकर भार्गव क्षेत्र में कहीं भी सक्रिय नहीं दिखायी पड़ रहे हैं जबकि आरके चौधरी और उनके समर्थक लगातार प्रचार में जुटे हैं। चार दिन पहले ही गोसाईंगंज में प्रचार करने गए आरके चौधरी के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा भी दर्ज हुआ है। सूत्रों का कहना है कि मोहनलालगंज सीट पर निर्णय में देरी की वजह यह है कि रामशंकर भार्गव भी अपना टिकट बचाने के पूरे प्रयास में जुटे हुए हैं।

# गठबंधन का सहारा फिर भी सपा के लिए जीत की राह आसान नहीं

**शिवविजय सिंह।** लखनऊ

हाथरस लोकसभा सीट



**दूसरे** चरण की नौ सीटों पर 18 अप्रैल को होने चुनाव को लेकर गठबंधन काफी संजीदा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ये वह सीटें हैं जहां पिछले लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा व रालोद सरीखे दल दूसरे नम्बर पर आकर विजयी प्रत्याशी को ललकार रहे थे। लेकिन इस बार प्रदेश में बने नए समीकरण तहत सपा, बसपा व रालोद का गठबंधन सत्तापक्ष के सामने मजबूत दीवार बन कर खड़ा हो गया है। दूसरे चरण के चुनाव में आने वाली सीटों की बात की जाए तो इसमें मात्र हाथरस सीट समाजवादी पार्टी के कोटे में है शेष पर आठ सीटों में एक पर रालोद व सात पर बहुजन समाज पार्टी ताल ठोंकती नजर आ रही हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की खास हाथरस संसदीय सीट मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य मानी जाती है। इसको लेकर समाजवादी पार्टी खासी उत्साहित है। वैसे देखा जाए तो पिछले दो दशकों से हाथरस सीट पर भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व रहा है जिसे ध्वस्त करना गठबंधन के लिए लोहे के चने चबाने के बराबर है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर से पूर्व केंद्रीय मंत्री व पार्टी के कद्दावर नेता रामजीलाल सुमन पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। सुमन को पिछली बार भी सपा ने अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन तब उन्हें सफलता नहीं मिली थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजय प्रत्याशी राजेश कुमार दिवाकर को 544277 वोट मिले थे जबकि दूसरे नम्बर पर रहे बसपा उम्मीदवार को 217891 एवं तीसरे स्थान पर रहे सपा उम्मीदवार रामजीलाल सुमन को 180891 वोट हासिल हुए थे। इस बार लोकसभा चुनाव 2019 में गठबंधन के चलते सपा ने एक बार फिर अपने पुराने प्रत्याशी रामजी लाल सुमन पर ही दांव खेला है। माना जा रहा है कि रामजीलाल सुमन भाजपा प्रत्याशी के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। देखा जाए तो रामजीलाल सुमन काफी अनुभवी राजनेता हैं और चार बाद सांसद रह चुके हैं। रामजीलाल सुमन इस बार अपनी जीत के प्रति काफी आश्वस्त हैं लेकिन सही मायने में उनकी जीत की राह उतनी आसान नहीं है। क्योंकि 90 के दशक में रामलहर के दौर में 1991 के बाद से ही यह सीट भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रही है 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में यहां बीजेपी ने जीत दर्ज की। इस दौरान बीजेपी के कृष्ण लाल दिलेर 1996-2004 तक सांसद रहे। 2009 में यहां राष्ट्रीय लोकदल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की, हालांकि तब रालोद-बीजेपी का गठबंधन था, वहीं 2014 में तो बीजेपी के राजेश कुमार दिवाकर ने यहां से प्रचंड जीत दर्ज की। ऐसे में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रामजीलाल सुमन का इस सीट पर जादू कितना चलता है यह तो समय बताएगा लेकिन इतना जरूर है कि सपा-बसपा व रालोद के गठबंधन के बल पर मैदान में उतरे सपा प्रत्याशी रामजीलाल सुमन सत्तापक्ष के उम्मीदवार को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। देखा जाए तो 2014 में हाथरस सीट से बीजेपी के राजेश कुमार दिवाकर को बड़ी जीत मिली थी उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को 3 लाख से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। बसपा दूसरे स्थान पर रही थी। इसबार के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा साथ खड़ी है। ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि सपा, बसपा व रालोद एक जुट होकर भाजपा प्रत्याशी के सामने मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं।

# भाजपा के पूर्व सांसद रमाकांत व सपा के पूर्व मंत्री राज किशोर कांग्रेस में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**भाजपा** से टिकट कटने से नाराज चल रहे आजमगढ़ के पूर्व भाजपा सांसद रमाकांत यादव और सपा सरकार के पूर्व मंत्री राजकिशोर अपने समर्थकों सहित शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इन नेताओं ने कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व यूपी प्रभारी जुबेर खान भी मौजूद रहे।

रमाकांत ने कहा कि वह चाहे जिस पार्टी में भी रहे हों लेकिन उन्होंने हमेशा दलित और पिछड़ों की बात की। इसी के चलते भाजपा ने उनका टिकट काट दिया। रमाकांत यादव ने 2014 का लोकसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर आजमगढ़ सीट से तत्कालीन सपा अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि चुनाव में वह पराजित हो गए थे। इस बार फिर वह आजमगढ़ से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे लेकिन भाजपा ने उनका टिकट काटकर भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' को प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसी के बाद से वह भाजपा से नाराज चल रहे थे। सपा-बसपा के बीच गठबंधन होने और आजमगढ़ सीट से सपा मुखिया अखिलेश यादव के स्वयं चुनाव लड़ने की वजह से इन दोनों पार्टियों के लिए उनके दरवाजे बंद हो गए थे। जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का निर्णय किया। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस उन्हें भदोही सीट से चुनाव में उतार सकती है। सपा सरकार के पूर्व मंत्री और हरैया से तीन बार विधायक रहे राजकिशोर सिंह ने भी अपने भाई और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ब्रज किशोर सिंह 'डिम्पल' व अन्य समर्थकों सहित कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस राजकिशोर को बस्ती से लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है।

### गठबंधन की बदायूं में संयुक्त रैली आज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार 13 अप्रैल को बदायूं में गठबंधन की संयुक्त रैली में शामिल होंगे। एसएस गर्ल्स इंटरकालेज मुजरिया का मैदान जिला बदायूं में अखिलेश यादव के साथ बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह भी चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। बदायूं लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव प्रत्याशी हैं। वर्तमान में भी वे सांसद हैं। इसके अलावा 14 अप्रैल रविवार को अखिलेश यादव लोकसभा क्षेत्र रामपुर से प्रत्याशी मोहम्मद आजम खां के पक्ष में मोहल्ला फर्राशान नई बाजार का मैदान शाहाबाद जिला रामपुर में ढाई बजे चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे।

# पहले चरण की गड़बड़ियों को संज्ञान में ले आयोग: मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लोकसभा** चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद एक बार फिर ईवीएम मुद्दा बनता जा रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर हुए मतदान के दौरान ईवीएम मशीनों में एक बार बीजेपी के पक्ष में आई गड़बड़ी को अति गंभीर मुद्दा बताते हुए चुनाव आयोग से मांग की है कि वह इन अनियमितताओं का पूरी गंभीरता से संज्ञान लेकर इसका जनसंतोष समाधान निकाले ताकि अगले चरणों में लोगों को ऐसी शिकायत नहीं मिले। साथ ही मायावती सभी कार्यकर्ताओं, एजेन्टों से यह अपील की है कि वोट डालते समय पूरी तरह से जागरूक रहें और बटन दबाते वक्त बगल में ही रखे गये वीवीपैट मशीन पर यह जरूर देखें कि आपका वोट जिस चुनाव चिन्ह पर दबाया है, उसी की बत्ती जल रही है और उसी निशान की पर्ची कटकर वीवीपैट के डिब्बे में गिर रही है। यदि ऐसा नहीं हो रहा है तो आप शोर मचाकर चुनाव पर्यवेक्षक को बुलायें और उनसे शिकायत करें। अगर आपकी शिकायत नहीं सुनी जाती है तो आप बाहर निकल कर मीडिया को भी बतायें और इसकी लिखित शिकायत सभी को भेजें। मायावती ने कहा कि कल पहले चरण के मतदान के दौरान जब वे दक्षिण भारत के चुनावी दौरे पर थीं तब उन्हें खबर मिली कि लोकसभा के प्रथम चरण के हुये चुनाव में उत्तर प्रदेश की पुलिस व प्रशासन द्वारा अपनी ताकत का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा अनेकों बूथों में ईवीएम में गड़बड़ी पाई गई, जिसका नतीजा था कि बटन तो हाथी का दबाया जा रहा था पर वोट कमल (भाजपा) पर पड़ रहा था। इस बावत तत्काल मुख्य चुनाव आयुक्त व सभी सम्बन्धित लोगों के संज्ञान में लिखित एवं दूरभाष के द्वारा कल ही लाया गया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# नक्खास में आग से 30 दुकानें स्वाहा

## फुटपाथ पर लगी दुकानें हुईं अग्निकांड का शिकार लाखों का नुकसान, मौके पर नहीं पहुंचे अफसर







**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दशकों** से चौक स्थित नख्खास मार्केट में फुटपाथ पर दुकान लगाकर कारोबार करने वाले गरीब दुकानदारों की खुशियों में उस समय ग्रहण लगा गया जब शार्ट सर्किट के चलते उनकी दुकानें भीषण आग की चपेट में आकर स्वाहा हो गयीं। आग में दो दर्जन से अधिक दुकानें चपेट में आई हैं। अग्निकांड में का दुकानों के अन्दर रखा लाखों रुपये का सामान जल कर स्वाहा हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की करीब आधा दर्जन गाड़ियों ने दुकानदारों की मदद से ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। संवेदनहीनता का आलम यह रहा कि पटरी दुकानदारों के साथ हुए इतने बड़े हादसे के बाद किसी आला अधिकारी ने मौके पर आने की जहमत नहीं उठाई। पीड़ित दुकानदारों ने डीएम से मुआवजा दिए जाने की मांग की है।विक्टोरिया स्ट्रीट फुटपाथ व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद मेराज ने बताया कि तड़के करीब चार बजे नक्खास स्थित चिड़ियाबाजार के सामने पुराने मार्केट में अकबरी गेट निवासी होजरी का काम करने वाले औसाब की दुकान को ऊपर बिजली के जर्जर तारों से निकली चिंगारी ने अपनी चपेट में लिया। उसके बाद देखते ही देखते उसने कई दुकानों को अपने चपेट में ले लिया। दुकानों में अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया। आग लगने के बाद स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर दमकल की आधा दर्जन गाड़ियों की मदद से अग्नि शमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**नहीं हुआ फायर स्टेशन का फोन रिसीव:** दुकानदारों ने बताया कि आग लगने के बाद मौके पर हाहाकार मच गया। लोगों ने शोर मचाकर स्थानीय लोगों को एकत्र कर पुलिस को सूचना दी। यही नहीं चौक स्थित फायर स्टेशन समेत कन्ट्रोल रूम को फोन मिलाया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद दुकानदार भाग कर दमकल आफिस पहुंचे और इसकी सूचना दी। दुकानदारों का आरोप है कि अगर समय पर कार्रवाई हो जाती तो दुकानदारों का कम नुकसान होता।

विक्टोरिया स्ट्रीट फुटपाथ व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद मेराज ने बताया शुक्रवार की सुबह लगी आग में करीब तीस दुकानदारों के करीब एक करोड़ रुपये स्वाहा हो गये। आग ने उन्हे पूरी तरीके से तबाह कर दिया। अधिकांश दुकानदार गरीब है और उधारी से सामान लाकर यहां पर बेचते थे। आग लगने के कारण वह बर्बाद हो गए। आग लगने से बालागंज निवासी सलीम की चूड़ी की दुकान समेत शेखू, वसीम, सलीम, इश्तियाक, अजहर, अनवर अली, रजिया बेगम, अन्नू, फरहान, समीर, हशमत अली, रजिया और फहीम की चूड़ी की दुकानें जल कर राख हो गई। वहीं आग की चपेट मे आकर मोहम्मद आसिम, इन्तेजार अली,आकिल, आसिम की रेडीमेड की दुकान, आकिब, उसमान की बर्तन की दुकान, मंजू की अन्डरगार्मेन्ट की दुकान, मुमताज, नूर की पर्स की दुकान, तलहा आर्टिफिशयल ज्वैलरी की दुकान जल कर राख हो गयी। इन दुकानदारों में तीन मौके पर मौजूद नहीं थे।

**मौलाना खालिद राशिद की मदद से डीएम को सौंपा मांग पत्र:** समिति अध्यक्ष मेराज ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद किसी ने भी हमारी सुध नहीं ली। हमने मौलाना खालिद रशीद की मदद से डीएम से मदद की मांग की है। हमारी मांग है कि आग से तबाह हुए पटरी दुकानदारों को दोबारा कारोबार शुरू करने के लिए मुआवजा दिया जाए ताकि दुकानदार अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। भीषण अग्निकांड में लाखों की क्षति का अनुमान है।

## सूबे के सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर की कमी पर उच्च न्यायालय हुआ सख्त

# सरकार को नोटिस आला अफसरों को लगाई कड़ी फटकार



### पूछा, पिछले तीन साल में क्या किया, हलफनामा दाखिल करने का दिया आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एसजीपीजीआई** व केजीएमयू समेत सूबे की सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटरों की कमी पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार से सवाल जवाब किया है। पूछा है कि अस्पतालों में वेंटिलेटरों की कमी पूरा करने के लिए 20 अप्रैल, 2016 से अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। पीठ ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महकमे के प्रमुख सचिव समेत अन्य संबधित आला अफसरों को इस संदर्भ में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। पीठ ने यह ताकीद भी किया है कि यदि इस आदेश का अनुपालन नहीं हुआ, तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। जस्टिस पंकज कुमार जायसवाल एवं जस्टिस रजनीश कुमार की पीठ ने यह आदेश एक विचाराधीन जनहित याचिका पर दिया है। वर्ष 2016 में वी द पीपुल नामक एक संस्था ने यह याचिका दाखिल की थी। 20 अप्रैल, 2016 को पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राजधानी की एसजीपीजीआई व केजीएमयू समेत सूबे की सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटरों की कमी पर सख्त रुख अपनाया था। पीठ ने पाया था कि एसजीपीजीआई में 87 वेंटिलेटर हैं। पीठ ने तब एसजीपीजीआई से पूछा था कि क्या यह पर्याप्त हैं। यदि नहीं, तो क्या उसने सरकार से इसकी मांग की है। वहीं इस सुनवाई के दौरान केजीएमयू ने बताया था कि उसके पास 83 वेंटिलेटर हैं। जबकि 12 की डिमांड की गई है। हालाकि उसे 35 वेंटिलेटर और चाहिए। पीठ ने इस सुनवाई के पश्चात चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महकमे के प्रमुख सचिव को आदेश दिया था कि वेंटिलेटरों की कमी पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। पीठ ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश देते हुए यह भी कहा था कि सूबे की अन्य सरकारी अस्पतालों में भी वेंटिलेटरों की कमी पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही करें। शुक्रवार को पीठ के समक्ष इस याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अभी तक इस समस्या में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। आए दिन वेंटिलेटरों की कमी से बच्चों व बुजुर्गो की मौत हो रही है। पीठ ने इस पर चिंता जताते हुए संबधित सभी आला अफसरों को आदेश दिया कि वो इस संदर्भ में व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें। बताएं कि 20 अप्रैल, 2016 के आदेश का कितना अनुपालन किया गया है।

# अब नई तकनीक से किडनी के कैंसर का सटीक इलाज संभव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किडनी** के ट्यूमर (कैंसरग्रस्त) के इलाज में नई तकनीक के आ जाने से अब इसका बेहतर तरीके से इलाज संभव है। पहले जहां कैंसर से प्रभावित हिस्से के चलते गुर्दे का निकालना पड़ता था, वहीं अब आधुनिक तरीके से ट्यूमर से प्रभावित अंग व गुर्दे का थोड़ा हिस्सा निकाल कर बचाना संभव हो गया है। शुक्रवार को यह जानकारी किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ शनिवार से आयोजित हो रहे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सीएमई यूरोओंकोकॉन 2019 के चेयरमैन प्रो. एस.एन.शंखवार ने दी है।

कन्वेशन सेंटर में शुरू हो रहे सीएमई के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. शंखवार व आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. एच.एस.पाहवा ने बताया कि सीएमई का आयोजन नयी दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट, पीजीआई लखनऊ तथा यूरोलॉजिकल एसोसिएशन ऑफ उत्तरप्रदेश-उत्तराखंड, लखनऊ यूरोलॉजी क्लब एवं आरएस एजूकेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में सतत चिकित्सा शिक्षा कम वीडियो वर्कशॉप के माध्यम से दुनिया भर से आ रहे करीब 100 विशेषज्ञ किडनी कैंसर को लेकर दिशा में किये जा रहे अपने-अपने कार्यों के बारे में बतायेंगे जो मरीजों के इलाज की दशा और दिशा तय करने में मददगार होगा। डॉ. पाहवा ने बताया कि दुनिया भर में कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। भारत की बात करें तो आईसीएमआर के अनुसार इस समय देश में 22.5 लाख कैंसर से पीड़ित लोग हैं, जबकि हर साल करीब 11 लाख नये कैंसर रोगियों को चिन्हित किया जाता है। वहीं अगर इससे होने वाली मौतों की बात करें तो बीते 15 वर्षों में यह संख्या दोगुनी हो गयी है। हर वर्ष कैंसर से ग्रस्त करीब 8 लाख लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। किडनी का कैंसर मूत्र संबंधी कैंसर में तीसरे नम्बर का कैंसर है। किडनी के कैंसर के लक्षणों के बारे में डॉ पाहवा ने बताया कि इसका शुरुआती लक्षण पेशाब में खून आना है। यानी कैंसर अभी पहली स्टेज पर है, ऐसे में इलाज से ठीक होने की पूरी संभावना होती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सूजन आना और दर्द होना भी अगर शामिल हो गया है तो ज्यादातर संभावना यह होती है कि कैंसर एडवांस स्टेज में पहुंच चुका होता है। इसलिए आवश्यक है कि मरीज जागरूक रहे। किडनी के कैंसर के कारणों के बारे में उन्होंने स्मोकिंग यानी धूम्रपान के साथ ही अन्य कारणों में जेनेटिक को जिम्मेदार करार दिया।

# कंपनी का करार समाप्त होने से फंसा कर्मचारियों का वेतन

### ई-परियोजना के तहत अस्पतालों में संविदा पर तैनात कर्मचारी वेतन, पीएफ के लिए काट रहे चक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ई** परियोजना के तहत राजधानी के सरकारी चिकित्सालयों में संविदा पर तैनात कर्मचारी आजकल दोहरी मार से परेशान हैं। नियोक्ता कंपनी का करार मार्च माह में समाप्त हो जाने की वजह से इन कर्मचारियों के वेतन और पीएफ फंस गया है। जिसको लेकर अस्पतालों के निदेशक से लेकर कंपनी के दफ्तर तक कर्मचारी चक्कर काटने को मजबूर हैं।यह कमोवेश स्थिति राजधानी के उन सभी अस्पतालों की हैं, जहां पर सिल्वर टच कंपनी के जरिए संविदा पर कर्मचारियों को रखा गया था। इनमें डाटा एक्जीक्यूटिव से लेकर सीनियर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव के पद शामिल हैं। यह कर्मचारी अस्पतालों में पर्चा बनाने, जांच शुल्क आदि अहम कार्य करते हैं। इन कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि दो माह का वेतन अभी तक कंपनी ने नहीं दिया है। वेतन के साथ ही कंपनी ने शुरू से लेकर मार्च तक वेतन से काटा गया पीएफ भी खाते में नहीं डाला है। कर्मचारियों के मुताबिक कार्यरत कर्मचारियों का पीएफ लाखों रुपए में होगा। प्रदेश के 32 अस्पतालों में कंपनी के कर्मचारी काम कर रहे थे। कर्मचारियों ने बताया कि कंपनी के सलाहकार निवेदन साहनी और यूपी के प्रभारी राजेंद्र शुक्ला से कई बार संपर्क कर चुके हैं लेकिन वह रोजाना टालमटोल कर रहे हैं। आए दिन पीएफऔर वेतन खाते में जल्द पहुंच जाने की बात कह रहे हैं। इन दोनों ही अधिकारियों से बयान के लिए संपर्क किया गयाए लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में, खाली अस्पताल, इलाज होगा प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**टीबी** मरीजों के लिए ठाकुरगंज में बने अस्पताल में तैनात टेक्निशियन सहित 15 कर्मचारियों की लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगाये जाने की वजह से अस्पताल खाली हो गया है। इन सभी कर्मचारियों की ड्यूटी शनिवार से तय कर दी गई है। यह चुनाव के प्रशिक्षण समेत अन्य कार्य में लग जाएंगे। ऐसे में इन कर्मचारियों के न रहने से इसका सीधा असर अस्पताल में आने वाले मरीजों के इलाज पर पड़ना तय है। ठाकुरगंज स्थित टीबी अस्पताल में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है, उनमें दो एक्सरे टेक्नीशियन, तीन लैब टेक्नीशियन, दो ईसीजी टेक्नीशियन, एक डेंटल हाइजिनिस्ट, एक फिजियोथेरेपिस्ट, एक स्टोर कीपर, पूरा ऑफिस स्टाफ, दो चीफ फार्मासिस्ट, पांच फार्मासिस्ट समेत कई चतुर्थ श्रेणी और सफाई कर्मचारी तक शामिल हैं। इन सभी को चुनाव प्रशिक्षण में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। इन कर्मचारियों चुनाव में ड्यूटी लगाए जाने से अस्पताल में एक भी ईसीजी टेक्नीशियन, डेंटल हाइजिनिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, स्टोर कीपर नहीं मौजूद रहेगा। जिससे ईसीजी, फिजियोथेरेपी कराने वाले मरीजों को इलाज के लिए सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ेगी। साथ ही महज एक-एक लैब और एक्सरे टेक्नीशियन, दो चीफऔर पांच फ ार्मासिस्टों के भरोसे ही शनिवार से मरीजों को बमुश्किल इलाज मिल जाएगा। वहीं, मतदान के समय तीन दिन तक पैथालॉजी, एक्सरे, इमरजेंसी, डेंटल, फिजियोथेरेपी और ऑफिस स्टाफका कार्य पूरी तरह से प्रभावित व बंद हो जाएगा।

## राजयपाल व मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** राज्यपाल राम नाईक व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी के सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जीवन के विभिन्न पक्ष सभी के लिये प्रेरणादायी और सामाजिक जीवन में सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्श जीवन से हमें सीख लेते हुए उसे आत्मसात करने की जरूरत है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सन्देश में कहा कि रामनवमी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव है। रामनवमी के पर्व के साथ ही चैत्र नवरात्रि का पूजन भी सम्पन्न होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने हमें धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनका सम्पूर्ण जीवन हमें भारतीय संस्कृति के उदात्त गुणों श्रद्धा, भक्ति, शक्ति, शान्ति, शील तथा सदाचार की प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत करता है।

## पारा 39 डिग्री के पार, खूब तपे लोग

**लखनऊ।** शुक्रवार को गर्म दोपहरी ने सभी को परेशान कर दिया। पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया। शुक्रवार को इस साल अभी तक का सबसे अधिक तापमान है। तेज धूप के कारण लोगों का बुरा हाल रहा। वहीं शाम को गर्म मौसम बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार कुछ दिनों तक आसमान साफ रहेगा और पारा बढ़ेगा। पिछले दिनों बारिश के बाद अब फिर से पारा चढ़ने लगा है। धूप अब झुलसाने लगी है। ` दोपहर 12 बजे के बाद झुलसाने वाली तेज धूप ने लोगों को परेशान कर दिया। शाम को हवा नहीं चली जिसके कारण गर्मी बनी रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि साफ आसमान के कारण तेज धूप निकलेगी और पारा में बढ़ोत्तरी हो सकती है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक रहा। आर्द्रता 62 प्रतिशत रही। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

# विघ्न हरने के लिए मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चैत्र** नवरात्र के सातवें दिन महाशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई। राजधानी के सभी मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भक्तों ने मां को गुड़ का भोग लगा कर समस्त पापों-विघ्नों का नाश करने की प्रार्थना की। मंदिरों में देर शाम भजनों का सिलसिला चला और दुर्गा सप्शती का पाठ कर भक्तों को प्रसाद दिया गया।

कालरात्रि मां के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इनकी पूजा अर्चना करने से भक्तों को डर नहीं सताता है। सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, और तेज बढ़ता है। भक्तों ने शनिवार को श्रृद्धा और भक्ति के साथ मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की। मां को गुड़ का भोग लगाया गया। इससे आकस्मिक आने वाले संकटों से रक्षा होती है। बीकेटी इक्यावन शक्तिपीठ में फूलों से मां का श्रृंगार किया गया। शाम को मंदिर परिसर को लाल, पीले, गुलाबी रंग के फूलों से मंदिर को सजाया गया। बंगला बाजार और कृष्णानगर के राम जानकी मंदिर, इन्द्रेश्वर मंदिर, दुर्गा मंदिरों में श्रृंगार के बाद भक्तों ने मां को चूनर चढ़ाई। तेज गर्मी के बाद भी चौक के बड़ी काली जी मंदिर और छोटी काली जी मंदिर में महिलाओं की कतारें दूर तक लगी रही और मां कालरात्रि के दर्शन कर देर शाम तक भक्त मां के दर्शन का इंतजार करते रहे। चिनहट के मां जानकी मंदिर, कैसरबाग दुर्गा मंदिर, ठाकुरगंज के कल्याण गिरि और कैसरबाग के स्वप्नेश्वर महादेव व शास्त्रीनगर दुगर्मा मंदिरों में भी भक्तों ने दर्शन किए और मंदिर में मां के जयकारे गूंजते रहे। कैसरबाग घसियारी मंडी के काली बाड़ी मंदिर में शाम को आरती और भुइयन देवी मंदिर में भी भक्तों ने माता की आराधना पूजा की। चौक के संतोषी माता मंदिर, रानी कटरा के संकटा देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। भक्तों ने माता को चूनर, कुमकुम, अक्षत के साथ धूप, दीप और नैवैद्य चढ़ाया। कृष्णानगर के दुर्गा मंदिर में भजनों का सिलसिला चलता रहा। मानसनगर के तुलसी मानस मंदिर के अलावा घरों में भी माता मां के पांचवें स्वरूप की पूजा-अर्चना कर श्रृंगार किया गया। ठाकुरगंज स्थित मां पूर्वी देवी बाघंबरी सिद्धपीठ मंदिर में सुबह श्रृंगार पूजन के उपरांत देर शाम मां की आराधना की गई। महिला मंडली ने भजन कीर्तन के बाद शाम को माता की आरती उतारी, महिलाओं ने गुड़ का भोग लगाकर प्रसाद बांटा। वहीं श्री बारोवारी काली पूजा कमेटी द्वारा आयोजित पूजा रिसालदार पार्क में की गई। सप्तमी के दिन यहा सूबह पूजा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरत किया गया। दोपहर की आरती के बाद भक्तों ने भोग चखा। शाम को छोटे-छोटे बच्चों ने मां के गीतों पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

### राम नवमी आज

**मर्यादा** पुरूषोत्तम भगवान राम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी गुरुवार को पुनर्वसु नक्षत्र कर्क लग्न कर्क राशि में मध्यान में हुआ था। इस वर्ष 13 अप्रैल को नवमी 11.41 से प्रारम्भ होकर 14 अप्रैल को प्रात: 9.35 तक है। अत: राम नवमी 13 अप्रैल को मनाई जाएंगी। सीतापुर रोड स्थित विध्यांचल देवी मंदिर के ज्योतिषी आनन्द दुबे ने बताया कि भगवान विष्णु के 10 अवतारों में 7वां अवतार राम का है। श्री राम का जन्म हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। घर -मंदिर को बंदनवार, ध्वजा आदि से सजाना चाहिए। इस नि व्रत रख कर प्रात: काल भगवान राम के साथ सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का पूजन करना च ाहिए। भगवान राम के पूजन और मंत्र जाप से बुद्धि विवेक, सुख-समृद्धि रोग निवारण शत्रु से मुक्ति और शक्ति व साहस प्राप्त होता है। राम नवमी 13 अप्रैल को पूजा मुर्हूत कर्क लग्न में दिन 11.50 से 1.59 तक शुभ है।

# मोदी के हमशक्ल सहित आठ प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

## नामांकन के तीसरे दिन लखनऊ लोकसभा सीट से 6 और मोहनलालगंज से दो प्रत्याशी उतरे मैदान में



कलेक्ट्रेट में लखनऊ लोकसभा के लिए नामांकन करने जाते निर्दलीय प्रत्याशी संजय सिंह राणा



अभिनन्दन पाठक, निर्दलीय प्रत्याशी



फॉरवर्ड ब्लॉक के रमेश कश्यप



डॉ. भीमराव अम्बेडकर दल के बाबा परमहंसदास



मोहनलालगंज से आदर्श संग्राम पार्टी के सुशील कुमार ने किया नामांकन



नामांकन के लिए जाते राष्ट्रीय समाज पक्ष के प्रत्याशी बृजेश कुमार विक्रम



नामांकन करने जाते गनेश चौधरी



नागरिक सेवा पार्टी के कामरान असद ने किया नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव के नामांकन के तीसरे दिन आठ प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की। सन्यासी से लेकर डुप्लीकेट तक अपना भाग्य अजमाने के लिए चुनावी मैदान में उतर आए हैं। लखनऊ लोक सभा से ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी सहित 6 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। वहीं मोहनलालगंज लोक सभासीट से 2 प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किया है। वहीं पर्चा दाखिले के दौरान पर्यवेक्षकों ने नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया।

कलेक्ट्रेट में चुनावी मैदान में आठ प्रत्याशियों ने अपना दमखम दिखाने के लिए दोनों लोक सभा सीटों से पर्चा दाखिल किया है। लखनऊ लोक सभा सीट से दोपहर में प्रधानमंत्री मोदी के हमशक्ल के नामांकन की काफी चर्चा रही। 2.40 मिनट पर पर्चा भरने दाखिल हुए प्रधानमंत्री के हमशक्ल होने से छोटे मोदी के नाम मसहूर निर्दलीय प्रत्याशी अभिनंदन पाठक ने भी अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने कहा कि मैं किसी को न हराने और न जीतने आया हूं। मैं जनता की सेवा करना चाहता है, इसके लिए चुनाव लड़ रहा हूं। वहीं, आल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक से रमेश ने अपनी दावेदारी पेश की है। पेशे से ड्राइवर रमेश ने कहा अपनी दावेदारी मैंने अपनी पार्टी की ओर से पेश की है। अब असल परीक्षा 6 मई को होगी। लोक सभा लखनऊ सीट से कुल 6 प्रत्याशी रहे। बाराबंकी निवासी उदासीन अखाड़े से बाबा परमहंस दास ने अपनी दावेदारी पेश की है। बाबा ने कहा कि हमें संविधान ने अधिकार दिया है, जिसके तहत हम चुनावी मैदान में उतर आए हैं। बाबा ने डॉ भीमराव अंबेडकर दल से पर्चा दाखिल किया है। ऐशबाग निवासी कामरान असद ने नागरिक सेवा पार्टी (आर) से पर्चा दाखिल किया। वहीं, निर्दलीय के रूप में संजय सिंह राणा ने लखनऊ लोक सभा सीट से अपना पर्चा भरा है। प्रत्याशी 2.81 लाख रुपए के मालिक हैं। पुराने लखनऊ के चौक निवासाी गनेश चौधरी ने पर्चा दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की है। वहीं मोहनलालगंज लोक सभा सीट से मनवतावादी समाज पार्टी से जगदीश प्रसाद गौतम ने पर्चा भरा है। वहीं आदर्श संग्राम पार्टी के सुशील कुमार ने भी अपनी दावेदारी मोहनलालगंज से पेश किया है। प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश करने के दौरान लोक लुभावन वादे करने से नही चूके। अभिनंदन पाठक ने महिलाओं की सुरक्षा और बेरोजगारों को नौकरियां देने का वादा भी किया।

### पर्यवेक्षक ने वाहनों की जांच के दिए निर्देश

**लोकसभा** प्रत्याशियों के नामांकन के साथ पर्यवेक्षकों ने निरीक्षण करते हुए गाड़ियों की चेकिंग की। इससे पहले नामांकन प्रकिया का जायजा लिया था, वहीं शुक्रवार को चारबाग में पर्यवेक्षक कुणाल हैवर गाड़ियों को चेक किया। उन्होंने सभी पांच विधान सभा क्षेत्र में एसएसटी चेक प्वाइंट्स का निरीक्षण किया। तैनात एसएसटी मजिस्ट्रेट को वाहनों को नियमित चेक करने का आदेश दिया है।

### प्रत्याशियों की संपत्ति

**कामरान असद**
वाहन–मोटर साइकिल
चल संपत्ति– 3,23,674 रुपए
अचल संपत्ति– कुछ नहीं
शैक्षिक योग्यता– स्नातक

**गनेश चतुर्वेदी**
वाहन– मारुति कार, बाइक, एक्टिवा
चल संपत्ति–रुपए 2,56980
अचल संपत्ति–रुपए 26,34,295
शैक्षिक योग्यता–विधि स्नातक,

**रमेश**
वाहन–मोटर साइकिल
चल संपत्ति–1,415
अचल संपत्ति–नहीं
शैक्षिक योग्यता–साक्षर

**जगदीश प्रसाद गौतम**
वाहन–मोटर साइकिल
चल संपत्ति–रुपए एक लाख
अचल संपत्ति–रुपए 25 लाख
शैक्षिक योग्यता: बीए

**संजय सिंह राणा**
वाहन–सेंट्रो कार
चल संपत्ति–252969
अचल संपत्ति–20 लाख
कर्जा–रुपए 9,99,925.00
शैक्षिक योग्यता– स्नातक

**अभिनंदन पाठक**
वाहन–नहीं
चल संपत्ति–रुपए 30 हजार
अचल संपत्ति–कुछ नहीं
शैक्षिक योग्यता–एमए

**सुशील कुमार**
वाहन–नहीं
चल संपत्ति–रुपए 29 हजार
अचल संपत्ति– कुछ नहीं
शैक्षिक योग्यता–इंटर मीडियट

**बाबा परमहंस दास**
वाहन–नहीं
चल संपत्ति–रुपए 6.5 लाख
अचल संपत्ति–रुपए 10 लाख
शैक्षिक योग्यता–हाईस्कूल

# लखनऊ सीट से टिकट के लिए कांग्रेस में स्थानीय नेताओं की दावेदारी हुई तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश महामंत्री विनोद मिश्रा ने भी पार्टी की ओर से खरीदा नामांकन फार्म**

**सूबे** की वीवीआईपी सीटों में शुमार लखनऊ लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अभी तक भले ही अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन लेकिन टिकट के दावेदार स्थानीय नेताओं ने अपनी ओर से तैयारी में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। दो नेता तो कांग्रेस पार्टी के नाम पर नामांकन फार्म भी खरीद चुके हैं।

लखनऊ संसदीय सीट से सत्तारूढ़ भाजपा ने देश के गृहमंत्री राजनाथ सिंह को फिर से मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले में अभी तक कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गयी है। सपा–बसपा गठबंधन में यह सीट सपा के हिस्से में गयी है। सपा ने भी अभी तक कोई प्रत्याशी नहीं दिया है। कांग्रेस पहले इस सीट से किसी बड़े ब्राह्मण चेहरे को उतारना चाहती थी। इसी के तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को लखनऊ से चुनाव लड़ाने की तैयारी की गयी थी लेकिन उन्होंने पांव पीछे खींच लिए। कांग्रेस उन्हें धौरहरा सीट से पहले ही प्रत्याशी घोषित कर चुकी थी। जितिन प्रसाद लखनऊ से उतरने के लिए राजी नहीं हुए और धौरहरा सीट पर ही लड़ने की इच्छा जतायी। काफी जद्दोजहद के बाद पार्टी ने उन्हें धरौहरा सीट से लड़ने की इजाजत दे दी। जितिन के बाद लखनऊ सीट से फिल्म अभिनेता शत्रुघन सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा के कांग्रेस के टिकट पर लड़ने की चर्चा तो खूब हुई लेकिन बात नहीं बन पायी। बताया जा रहा है कि इसके लिए शत्रुघन सिन्हा की ओर से इंकार कर दिया गया। कांग्रेस लखनऊ सीट के लिए अभी तक किसी उपयुक्त बड़े चेहरे को नहीं तलाश पायी है। ऐसे में कांग्रेस के स्थानीय नेताओं मे टिकट मिलने की उम्मीद बढ़ गयी है। स्थानीय नेताओं में कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री और लखनऊ जिला प्रभारी विनोद मिश्रा, शहर अध्यक्ष बोध लाल शुक्ला, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला और लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं। इनमें विनोद मिश्रा का नाम प्रमुखता से चल रहा है।

उन्होंने शुक्रवार को कांग्रेस की ओर से लखनऊ सीट से नामांकन के लिए फार्म भी खरीदा है। उनसे पहले श्याम किशोर शुक्ला नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पहले दिन ही बीते मंगलवार को कांग्रेस की ओर से नामांकन फार्म खरीद चुके हैं। लखनऊ सीट पर नामांकन की अंतिम तारीख 18 अप्रैल है। इस वजह से उम्मीद जतायी जा रही है कि कांग्रेस की ओर से अब एक–दो दिनों में प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी।

### दूसरे चरण में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी: लू

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. वेंकटेश्वर लू ने द्वितीय चरण के मतदान के सम्बन्ध में शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रथम चरण के मतदान के अनुभवों के आधार पर बेहतर चुनाव प्रबन्धन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं की सुविधा को अधिकतम सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने पेयजलए छाया और पंखे की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये है। इसके अलावा मतदान कार्मिकों को भी सुविधाएं देने के निर्देश देते हुए उनके भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने को कहा है।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद देवी प्रसाद सिंह के निधन पर व्यक्त किया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्री सिंह समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिये सदैव तत्पर रहते थे**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सांसद देवी प्रसाद सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देवी प्रसाद सिंह का जनता से गहरा जुड़ाव था। उन्होंने एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्वों का हमेशा कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। श्री सिंह समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिये सदैव तत्पर रहते थे। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हुए स्व. देवी प्रसाद सिंह के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। ज्ञातव्य है कि राज्य सभा के पूर्व सांसद श्री सिंह जनपद देवरिया के निवासी थे।

मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड **ई निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो को संपादित कराने हेतु कार्य में अनुभवी व दक्ष विद्युत ठेकेदारों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है । ई निविदा का प्रथम भाग (1–अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, बाराबंकी के खाते में निफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से जमा की गयी राशि के रसीद की प्रति 2–स्वयं द्वारा प्रमाणित अद्यतन् 'क' श्रेणी के लाइसेन्स की प्रति, 3– फर्म की साख की पुष्टि संबंधी अभिलेखों यथा सी0ए0आडिट रिपोर्ट अथवा विगत वित्तीय वर्ष की बैंक खाता का स्टेटमेंट की छायाप्रति 4–विगत तीन वर्षों में विद्युत कार्य संपादित करने हेतु फर्म के साथ संपादित अनुबन्धों की सूची अथवा अनुबन्ध की स्कैन्ड प्रतियां 5. जीएसटी पंजीकरण की स्वयं सत्यापित प्रति, 6– ज्वांइट वेंचर मान्य न होने का स्व लिखित प्रमाण पत्र व द्वितीय भाग (कार्य/सामग्री की दरें तथा नियम व शर्ते ) दिनॉक 25.04.2019 को सांय 5 बजे तक उप्र सरकार की वेबसाईट https:// etender.up.nic.in पर अपलोड किये जा सकते हैं । ई निविदा का प्रथम भाग दिनांक 26.04.2019 को प्रातः 11 बजे पूर्वान्ह से खोली जायेंगी। ई निविदा का प्रथम भाग उपयुक्त पाये जाने की स्थिति में ई निविदा के द्वितीय भाग खोला जायेगा और द्वितीय भाग के खुलने की सूचना ई टेंडर की वेबसाईट पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगी। निविदा प्रपत्र मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की वेबसाइट www.mvvnl.in पर भी देखे जा सकते हैं। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने/विभक्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा तथा साथ ही साथ तीनों पैकेजों/निविदा कार्यो में से भाग लेने वाली फर्मो को अधिकतम् एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य व धरोहर राशि निफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से मण्डल के स्टेट बैंक आफ इंडिया, बाराबंकी के खाता संख्या 36734428367, आईएफएससी कोड संख्या एसबीआईएन0015680 में हस्तान्तरित करनी होगी, जिसका विवरण निविदा प्रपत्र में विस्तृत रूप से उल्लिखित होगा। 1. संख्या 01/विविमं(बा0)/2019–20: विद्युत वितरण खण्ड, बाराबंकी द्वितीय रामनगर के अंतर्गत उप खण्ड रामनगर में दैवीय आपदा व अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, तार आदि को बदलकर विद्युत व्यवस्था बनाये रखने, पेड़ की टहनियों की कटाई छंटाई का कार्य पूर्ण करना। निविदा प्रपत्र रूपया 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि 10000/– 2. संख्या 02/विविमं (बा0)/2019–20: विद्युत वितरण खण्ड, बाराबंकी द्वितीय रामनगर के अंतर्गत उप खण्ड मसौली में दैवीय आपदा व अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, तार आदि को बदलकर विद्युत व्यवस्था बनाये रखने, पेड़ की टहनियों की कटाई छंटाई का कार्य पूर्ण करना। निविदा प्रपत्र रूपया 1180.00 (जीएसटी सहित), धरोहर राशि 10000/– अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल वडेल, फैजाबाद रोड, बाराबंकी पत्रांक 252 दिनांक 12.4.19 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'

# अखिलेश ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर फतेहाबाद क्षेत्र में लखनऊ की तरफसे आ रही कार की ट्रक से टक्कर में 8 लोगों की मौतें होने पर गहरा दु:ख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री यादव ने कहा कि मृतकों में सात जौनपुर के और एक आजमगढ़ के निवासी है। अखिलेश यादव ने मृतक आश्रितों को पर्याप्त मुआवजा दिये जाने तथा घायलों की उचित चिकित्सा व्यवस्था की मांग की है।

### लोकदल से निष्कासित

**लखनऊ।** लखनऊ निवासी रालोद नेता डॉ. राजवर्धन सिंह परमार को दल विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाये जाने व लगातार की जा रही अनुशासनहीनता के कारण राष्ट्रीय लोकदल की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

# राज्यपाल ने लालजी टण्डन को दी जन्मदिवस की बधाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के राज्यपाल राम नाईक ने आज बिहार के राज्यपाल लालजी टण्डन को उनके त्रिलोकी नाथ मार्ग स्थित आवास जाकर उनके 84वें जन्मदिवस पर गुलदस्ता भेंट करके बधाई दी। राज्यपाल ने उनके स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु होने की शुभकामना भी दी। इस अवसर पर अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

# शिकायतों के मामलों में ग्राम पंचायत विभाग सबसे आगे

## लोकायुक्त ने राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन 2018

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लोकायुक्त** उत्तर प्रदेश न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने शुक्रवार को राज्यपाल राम नाईक के समक्ष लोकायुक्त प्रशासन का वार्षिक प्रतिवेदन 2018 प्रस्तुत किया गया। राजभवन में राज्यपाल के सम्मुख प्रस्तुत किए गए वार्षिक प्रतिवेदन के दौरान लोकायुक्त प्रशासन शंभू सिंह यादव, उप लोकायुक्त राकेश कुमार, मुख्य अनवेषण अधिकारी पंकज कुमार उपाध्याय, सचिव कुवंर जी खन्ना, संयुक्त सचिव तथा अविनाश शर्मा एवं अपर निजी सचिव उपस्थित थे। राज्यपाल को लोकायुक्त प्रशासन की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के उपरांत सचिव कुवंर जी खन्ना लोकायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि लोकायुक्त में सबसे अधिक शिकायतें हैं ग्राम पंचायत विभाग की आई हैं। इसके अलावा कई मामलों की जांचे भी चल रही है जिसमें उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों के साथ–साथ प्रदेश सरकार के मंत्री भी शामिल है। इस मौके पर सचिव कुंवर जी खन्ना ने बताया कि लोकायुक्त प्रशासन उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018 में कुल 3915 परिवाद प्राप्त हुए जिसमें पूर्व से लम्बित 882 परिवादों सम्मिलित किए जाने पर कुल 4797 परिवादों पर कार्यवाही की गयी।

वर्ष 2018 में कुल 3564 परिवादों का निस्तारित किया गया। जिसमें प्रारम्भिक स्तर पर निस्तारित परिवाद 3169 तथा अन्वेषण के बाद निस्तारित परिवाद 395 सम्मिति है। उन्होंने बताया 31 दिसम्बर 2018 तक कुल 1233 परिवाद लम्बित थे, जिन पर कार्यवाही प्रचलित है। उन्होंने बताया लोकायुक्त प्रशासन ने विभिन्न मामलों में कार्यवाही करते हुए वर्ष 2018 में लगभग 650.65 लाख रुपए का भगुतान कराया गया। इसके साथ ही लोक आयुक्त एवं उप लोक आयुक्त द्वारा वर्ष 2018 में कुल 22 प्रतिवेनद एवं 6 संस्तुतियां सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित किए गए। इसके अलावा लोक आयुक्त द्वारा वर्ष 2018 में कुल छह विशेष प्रतिवेदन राज्यपाल को प्रेषित किए गए।

# बेस्ट रिसर्च पेपर वाले शिक्षकों और छात्रों की लिस्ट जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय की तरफ से रिसर्च पेपर को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए शुरू किए गए बेस्ट रिसर्च अवार्ड की लिस्ट जारी कर दिया गया हैं। विवि की तरफ से जारी दूसरी सूची में इस बार कुल 31 शिक्षकों और स्टूडेंट्स का चयन बेस्ट रिसर्च पेपर के लिए किया गया हैं।

इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक प्रो. राजीव मनोहर ने बताया कि यूनिवर्सिटी बीते दो सेशन से बेस्ट रिसर्च जर्नल प्रकाशित करने वाले स्टूडेंट्स और शिक्षकों को चयनित कर सम्मानित करती हैं। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी सेशन 2017-18 के बेस्ट रिसर्च जर्नल की लिस्ट जारी किया है, जो इम्पैक्ट वन के लेवल पर पाए गए हैं। इम्पैक्ट वन के तहत स्टूडेंट्स के रिसर्च जर्नल का चयन होता है, जबकि इम्पैक्ट फाइव के तहत शिक्षकों के रिसर्च जर्नल का चयन होता हैं। इस बार जियोलॉजी के स्टूडेंट्स इमराम खान के तीन बेस्ट जर्नल इम्पैक्ट वन के लेवल के तहत चयनित किए गए हैं। प्रो. राजीव मनोहर ने बताया कि रिसर्च पेपर चयनित होने वाले सभी स्टूडेंट्स और शिक्षकों को 11 सौ रुपए का नगद पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाता हैं।

### बीए ऑनर्स, बीबीए टूरिज्म, एमटीटीएम की परीक्षाएं पहली मई से

**लखनऊ।** लविवि की बीए ऑनर्स, बीबीए टूरिज्म और एमटीटीएम की परीक्षाएं एक मई से शुरू होंगी। विवि की तरफ से जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक बीए ऑनर्स दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक से 13 मई तक होंगी। जबकि बीबीए एडमिनिस्ट्रेशन व टूरिज्म दूसरे, चौथे, छठे एवं मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं भी एक से 13 मई के बीच होंगी।

# सहारा ग्लोबल एकेडमी का हुआ उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सहारा** इंडिया परिवार के कैम्ब्रिज (यू.के.) पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा प्रदान करने वाले अंतरराष्ट्रीय विद्यालय 'सीएसडी सहारा ग्लोबल एकेडमी' का उद्घाटन आज लखनऊ में सहारा समूह के मैनेजिंग वर्कर व चेयरमैन सुब्रत रॉय के द्वारा किया गया। नबीकोट नंदना, बक्शी का तालाब स्थित सीएसडीएस कैम्पस में आयोजित समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में सुब्रत रॉय सहारा ने कहा कि हमने हमेशा समाज में शिक्षा के महत्व पर बल दिया है। आज के तेजी से बदलते बेहद प्रतियोगी और अतिविशिष्टता पर बल देने वाले वैश्विक परिवेश में यह अत्यावश्यक है कि हम अपने छात्रों में प्रारम्भ से ही उनके चुने हुए क्षेत्र में विशिष्टता प्राप्त करने व निजी प्रगति हेतु ज़रूरी कौशल का विकास करने की ओर ध्यान दें। सीएसडी सहारा ग्लोबल एकेडमी गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में मानदंड स्थापित करने की दिशा में हमारी दीर्घकालिक योजना की एक विनम्र शुरुआत है। सीएसडी सहारा ग्लोबल एकेडमी का पाठ्यक्रम सुनने, बोलने, पढ़ने व लिखने को एकसाथ समाहित करने हुए विद्यार्थियों को विकसित व सशक्त करने के लक्ष्य से तैयार किया गया है। शिक्षा के परे भी एकेडमी का फोकस अन्य विधाओं जैसे कि कम्युनिटी लर्निंग, होलिस्टिक डेवलपमेंट, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग, स्पोर्ट्स, गेम्स व एक्स्ट्रा–करिक्यूलर गतिविधियों इत्यादि पर भी होगा। इसका एफिलिएशन कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी बोर्ड, युनाइटेड किंगडम से किया गया है ताकि छात्रों को अपनी भावी सफलताओं को रचने के लिए एक सशक्त नींव मिल सके। उद्घाटन समारोह को कुमकुम रॉय चौधरी, सीएसडी सहारा ग्लोबल एकेडमी की संस्थापक व सहारा इंडिया परिवार की एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर ने भी संबोधित किया।

### दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कांफ्रेंस सीएमएस में आज से

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के तत्वावधान में 13 व 14 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कांफ्रेंस कल 13 अप्रैल, शनिवार से विद्यालय प्रांगण में प्रारम्भ हो रहा है, जिसमें लखनऊ, इलाहाबाद, रायबरेली, दिल्ली आदि विभिन्न शहरों के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र दल प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें छात्र वैश्विक परिदृश्य के गंभीर मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा–परिचर्चा करके विश्वव्यापी समस्याओं पर सकारात्मक सुझाव प्रस्तुत करेंगे, साथ ही साथ छात्रों के व्यक्तित्व विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा। मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कांफ्रेंस वास्तव में संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेम्बली का का हूबहू प्रतिरूप है, जिसके माध्यम से छात्रों को महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा।

# फर्जी संस्था बनाकर नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

● एसटीएफ ने कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में अवैध दस्तावेज बरामद कर फर्जी कार्यालय को किया सील





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** पशु एवं डेयरी विकास परिषद (भारत सरकार का उपक्रम) नाम से फर्जी संस्था बनाकर पशुधन अधिकारी, पशुधन निरीक्षक आदि पदों पर सरकारी नौकरी देने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गैंग का एसटीएफ ने खुलासा किया। एसटीएफ ने गैंग में शामिल दो जालसाजों को प्रयागराज से गिरफ्तार किया। इनके पास से भारी संख्या में अवैध दस्तावेज बरामद करने के साथ ही फर्जी कार्यालय को सील कर दिया है। एसटीएफ के एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि इस गैंग के बारे में गोपनीय सूचना मिलने के बाद एसटीएफ फील्ड इकाई की एक टीम गठित की गयी थी। इस टीम को छानबीन के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि भारती भवन नया पुरवा स्टैनली रोड थाना शिवकुटी, प्रयागराज में फर्जी कार्यालय संचालित किया जा रहा हैं। उक्त सूचना पर स्थानीय पुलिस का सहयोग लेकर एसटीएफ ने उक्त भवन पर छापा मारा। एसटीएफ ने यहां से हेमन्त बनर्जी निवासी देवोग्राम ननूर, बीरभूमि पश्चिम बंगाल और मदन कुमार निवासी उदापुर थाना जेठवारा प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। इस कार्यालय को एसटीएफ द्वारा सील कर दिया गया।

पूछताछ पर दोनों अभियुक्तों ने बताया किया हम लोग इस धन्धे मे पिछले काफी समय से लिप्त हैं। हमारे बॉस लखनऊ निवासी वशिष्ठ तिवारी हैं। हम सभी लोगो ने मिलकर राष्ट्रीय पशु एंव डेयरी विकास परिषद भारत सरकार की अग्रणी संस्था नाम की फर्जी संस्था बनाकर भारी संख्या में फर्जी एवं अवैध कागजात बनाकर पशुधन अधिकारी, पशुधन निरीक्षक शाखा प्रबन्धक, कार्यालय सहायक, क्लर्क व कम्पयूटर आपरेटर आदि पदों पर सरकारी नौकरी देने के नाम पर लोगों से फर्जीवाड़ा करके लाखों रुपए ठगे हैं। संस्था के नयापुरवा प्रयागराज स्थित भारती भवन कार्यालय में कुल 22 लोगों को फर्जी नियुक्ति देकर फर्जी ढंग से संस्था को संचालित कर रहे थे। हम लोगों की इस फर्जी संस्था के मुख्यकर्ता धर्ता वशिष्ठ तिवारी के लखनऊ में पकड़े जाने पर कार्यालय का सारा फर्जी समान दस्तावेज, कम्प्यूटर व अन्य सामानों को समेट कर फरार होने की योजना थी।

## सड़क हादसे में छह साल की बच्ची की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के इंटौजा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक छह साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मातम के बीच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम कल्याणपुर थाना इंटौजा निवासी सुनील कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम ने बताया कि शुक्रवार को करीब 10 बजे उनकी बेटी एकता(6) साल अपनी मां व दादी के साथ जीटी रोड पर के किनारे खड़ी थी। उसी समय लखनऊ की ओर से आ रही आई-10 कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक तेजी से गाड़ी चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दी। उसके बाद रोड से उठाकर बच्ची को इलाज के लिए सीतापुर अटरिया के हिन्द अस्पताल ले गए। उसके बाद अस्पताल में मृत हालत में छोड़कर भाग निकले। इसके बाद पुलिस को पूरे मामले की सूचना मिली। पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर आरोपी चालक व उसमें बैठे लोगों को पता लगा रही है।

# ट्रक लूट कर भाग रहे बदमाश को दबोचा

● बाराबंकी में चालक व खलासी की पिटाई कर उन्हें खेत मे फेंक कर लूट लिया था ट्रक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाराबंकी** में असलहों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने चालक और खलासी की पिटाई करने के बाद उन्हें खेत मे फेंक दिया और ट्रक लूट कर भाग निकले। ट्रक मालिक ने जीपीएस से ट्रेस कर मदद के लिए घटना की सूचना यूपी-100 पर दी। जिसके बाद एक बदमाश को यूपी-100 और मड़ियांव पुलिस की सक्रियता से सीतापुर रोड पर दबोच लिया गया। जबकि उसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापे मार रही है। इंस्पेक्टर मड़ियांव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बाराबंकी नगर कोतवाली के दशहराबाग निवासी ट्रक मालिक मनोज जायसवाल को रात करीब एक बजे उनके चालक राजेश कुमार ने फोन कर ट्रक लूटने की जानकारी दी थी। राजेश के मुताबिक बाईपास के पास व अपने सहयोगी के साथ ट्रक के अंदर बैठ कर नोएंट्री खुलने का इंतजार कर रहा था। तभी असलहों से लैस नकाबपोश दो बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया। विरोध करने पर पिटाई की। राजेश के मुताबिक गुमराह करने के उद्देश्य से बदमाश ट्रक को फैजाबाद की तरफ ले गए। रास्ते में ड्राइवर और खलासी के हाथ पैर बांध कर एक खेत मे फेंक दिया। काफी देर बाद राजेश घिसटते हुए सड़क पर पहुंचा और एक राहगीर की मदद से मालिक मनोज को जानकारी दी। राजेश के मुताबिक उसके पास मौजूद बीस हजार रुपये भी बदमाशों ने लूट लिया था।

**जीपीएस सिस्टम से मिली लोकेशन:** ट्रक मालिक मनोज जायसवाल के मुताबिक ट्रक में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है। लिहाजा उसने तुरंत लैपटॉप पर ट्रक की लोकेशन देखी। जिस पर उसे पता चला कि ट्रक लखनऊ की तरफ जा रहा है। जबकि ड्राइवर राजेश ने ट्रक फैजाबाद की तरफ ले जाने की जानकारी दी थी। जिसके बाद मनोज ने यूपी-100 पर सूचना देकर मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही खुर्रमनगर के पास मौजूद पीआरवी-502 पर तैनात कमांडर चंद्रपाल सिंह यादव, सब कमांडर दिलीप कुमार, चालक संतोष नारायण यादव ,होमगार्ड रवि सिंह ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दी और साथ ही मनोज से ट्रक की लोकेशन भी लेते रहे।

**सीतापुर रोड पर जाम लगवाकर दबोचा:** कुछ देर बाद ट्रक को खुर्रमनगर चौराहे के पास आते देख पीआरवी.502 ने पीछा किया। जिस पर बदमाशों ने कई बार पीआरवी मे टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद पीआरवी ने इंस्पेक्टर मड़ियांव को कॉल कर मदद मांगी। घटना की गंभीरता देखते हुए इंस्पेक्टर ने भी तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम की मदद से चंद्रा ढलान के पास घेराबंदी कर दी। सड़क पर ट्रक व अन्य वाहन खड़े करवा कर जाम लगवा दिया। सामने जाम लगा देख बदमाश हड़बड़ा गए।

## क्विक न्यूज

### पांच वांछित चढ़े पुलिस के हत्थे

**लखनऊ।** महंत दिनेशानंद सरस्वती की हत्या के बाद चिनहट पुलिस ने सीख लेते हुए पांच फरार चल रहे अपराधियों को धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने शुक्रवार को पांच वारंटियों को धर दबोचा। पकड़े गए फरार बदमाशों ने अपना नाम व पता छोटा भरवारा निवासी कुमार साहू, सनातन नगर कमता निवासी पुष्पेन्द्र तिवारी, दुर्गापुरी कालोनी चिनहट निवासी आदित्य सिंह, पटना स्थाली थाना देवा जिला बाराबंकी निवासी रवि कुमार व गौतम मार्केट खरगापुर थाना गोमतीनगर निवासी अर्जुन वर्मा बताया।

### पेड़ से लटकर दी जान

**लखनऊ।** राजधानी के इन्दिरानगर थाना क्षेत्र में गाड़ी चालक ने पेड़ से लटक कर जान दे दी। ग्राम चांदन थाना इन्दिरानगर निवासी सरिता रावत ने बताया कि उनके पति अशोक रावत(28)प्रायवेट गाड़ी चलाते थे। गुरुवार को शराब के नशे में वह घर से चले गए। रात में जब उनकी तलाश की तो पता चला कि उनके पति अशोक रावत चांदन गेस्ट हाउस के पीछे आम के पेड़ में मफलर का फंदा बनाकर फांसी पर लटक रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमतीनगर पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को धर दबोचा। इसके बाद उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सेक्टर-3 झुग्गी झोपड़ी गोमतीनगर विस्तार निवासी जंग बहादुर पाण्डेय उर्फ खुल्ला पर नकबजनी का मुकदमा दर्ज था। वह कई बार पुलिस को चकमा देकर भाग चुका था। देर रात पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय की अभिरक्षा में रवाना किया गया।

### बच्चों को दी मताधिकार की जानकारी

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर के अलीनगर सुनहरा स्थित एसएसडी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्कूल प्रशासन द्वारा बच्चों को मताधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर मानव धर्म मन्दिर के संस्थापक व स्कूल प्रबंध निदेशक रामानंद सैनी ने बताया कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मतदाताओ को मतदान करके मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के बच्चों को उन्होंने शपथ भी दिलायी कि घर जाकर वह अपने माता पिता के साथ- साथ मोहल्ले में रहने वाले लोगों को भी मताधिकार की जानकारी देंगे।

### मतदान को लेकर जागरूक

मोहनलालगंज। सारे काम छोड़ दो ,सबसे पहले वोट दो, हम सबका है यह पैगाम ,वोट के बाद ही दूजा काम, लोकतंत्र का यह वरदान ,करो वोट और पाओ मान, इस तरह के नारे लगाते हुए शुक्रवार को मोहनलालगंज प्रशासन ने समूचे तहसील क्षेत्र में मतदाता जागरुकता रथ गुजार कर लोगो को आगामी 6 मई के दिन शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक कर प्रेरित किया। मतदाता जागरुकता यात्रा की अगुवाई एसडीएम सूर्यकान्त त्रिपाठी और तहसीलदार उमेश कुमार सिंह ने की।

### कंटेनर में लगी आग

मोहनलालगंज । हाई टेंशन लाइन का तार छूने से कंटेनर के पिछले हिस्से में आग लग गई। लपटें उठती देख ड्राइवर व क्लीनर ने ट्रक से छलांग लगा कर जान बचाई। फतेहपुर निवासी राजकुमार कानपुर स्थित राइस मिल से मशीन लेकर मोहनलालगंज आ रहे थे। शुक्रवार सुबह भसण्डा गांव के पास सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रक कच्चे रास्ते पर उतार दिया। वहीं सड़क किनारे से गुजर रहे हाई टेंशन लाइन से ट्रक का पिछला हिस्सा टकरा गया। जिसकी वजह से आग लग गई। इसी बीच ट्रक के टायरों में धमाका हो गया। जिसके बाद दमकल कर्मियों को सूचना दी गई।

# मासूम को कुचलने वाला ड्राइवर गिरफ्तार

**लखनऊ।** विकासनगर में कॉलोनी के अंदर बुधवार को तेज रफ्तार से निकली कार की चपेट में आई दो वर्षीय मासूम की हुई मौत के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को वैन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में दो दिनों तक आरोपित का बुजुर्ग पिता पुलिस को गुमराह करता रहा। वह खुद घटना के समय कार चलने का दावा कर बेटे को बचाने का प्रयास कर रहा था लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे वह टूट गया और हकीकत बता दी। जिसके बाद पुलिस ने उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर-एम मिर्जापुर अलीगंज निवासी ललकेश की दो वर्षीय बेटी अनन्दया बुधवार की सुबह घर के बाहर खेल रही थी। तभी गली से तेज रफ्तार से गुजरी कार ने उसे कुचल दिया। लोगों ने कार चालक को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। घायल अनन्दया को लोगों की मदद से पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर विकासनगर रामकुमार यादव ने बताया कि मासूम के पिता ने कार का नंबर दिया था। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को पकड़ने का प्रयास किया गया। आरोपित कॉलोनी का ही रहने वाला पवन कुमार विश्वकर्मा निकला था लेकिन उसके पिता रामऔतार विश्वकर्मा(70)ने पुलिस को यह कह कर गुमराह कर दिया कि घटना के समय कार उसका बेटा नहीं बल्कि वह स्वयं चला रहा था लेकिन बाद में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित पवन को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## नाले में मिला शव नहीं हुई शिनाख्त

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट इलाके में नाले में गिरने से एक युवक की जान चली गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। इसके बाद शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। बुद्वविहार कालोनी चिनहट निवासी रामस्वरूप पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके मकान के सामने करीब 9:30 बजे एक नाले के अंदर एक शव बहता दिखाई पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। उसके बाद आसपास के लोगों से शिनाख्त कराई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस का कहना है कि मृतक का बदन इकहरा है। उसका रंग गेंहुवा है। मृतक की उम्र करीब 32 साल लग रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक ने ग्रे रंग की लालपट्टीदार लोवर पहने था। उसके बदन पर काली टी शर्ट पर लोगो लगा था। काले रंग की अण्डर बीयर पहने हुए था। गले में लालरंग का धागा भी पहने हुए हैं। वहीं सूत्रों का कहना है कि नशेड़ी किस्म का आदमी था।

## लूट की घटना का खुलासा, दो गिरफ्तार



**लखनऊ।** हजरतगंज थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुए लूटकांड का 48 घंटे में पुलिस ने खुलासा कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी पूर्वी सुरेशचन्द्र रावत ने बताया कि बीते गुरूवार को हुई लूट की घटना के बाद एसएसपी के आदेश पर सीओ हजरतगंज अभय कुमार मिश्रा की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक राधा रमण सिंह व साइबर क्राइम सेल की टीम ने एसबीआई मेन ब्रांच के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नया टोला जुराबगंज थाना कोढ़ा जिला कटिहार बिहार निवासी आशु कुमार यादव व राजकुमार को धर दबोचा। इन आरोपियों को पकड़ने के लिए स्वाट टीम रायबरेली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय, अमरेश कुमार त्रिपाठी, एसआई संदीप तिवारी हजरतगंज, एसआई दीवान असलम खान,साइबर सेल प्रभारी राहुल राठौर समेत दर्जनों पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। ये आरोपी निगोंहा से रायबरेली की ओर जा रहे थे। इनके पास से 24225 रुपए व लूट में शामिल पल्सर बाइक मिली है।

## घुमन्तू गैंग का 50 हजार का ईनामी पठान छैमार बरेली से गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने घुमन्तू आपराधिक गैंग के 50 हजार के ईनामी अपराधी पठान छैमार उर्फ खान को बरेली से गिरफ्तार किया है। पुरस्कार घोषित अपराधियों की तलाश में लगी एसटीएफ को सूचना मिली कि पठान छैमार भोजीपुरा, रेलवे स्टेशन, बरेली पर आने वाला है। इस जानकारी के बाद एसटीएफ ने स्टेशन पहुंचकर पठान छैमार को गिरफ्तार किया। एसटीएफ के अनुसार यह अपराधी विगत 10 वर्षों से अधिक समय से लगातार जघन्य अपराध कारित करता रहा है। पठान ने पूछताछ में बताया कि मेरे परिवार व रिश्तेदार सभी घरों में डकैती डालने का कार्य को पेशे के तौर पर करते है। वर्तमान समय में मेरे 2 मामा जैन हसन हल्द्वानी जेल में तथा जैनु मुजफ्फरनगर जेल में बन्द हैं, तीसरे मामा तावर अली फरार हैं। जिस पर 25 हजार का इनाम घोषित है। बहनोई दुग्धा व शाका मुजफ्फरनगर जेल में बन्द हैं। परिवार के अन्य कई लोग जैसे चचेरे, ममेरे, मैसेरे भाई आदि अलग अलग जेलों में बन्द हैं। उसने बताया कि हम लोग दिखाने के लिए भीख मांगते हैं तथा उसी दौरान घरों की रेकी कर लेते है। डकैती डालने के दौरान हत्या व लड़कियों/बच्चियों से बलात्कार आदि घटना को अंजाम देने की प्लानिंग का हिस्सा होता है।

## हाईकोर्ट ने स्टेट पब्लिक सर्विस ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश स्टेट पब्लिक सर्विस ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों के मसले पर मुख्य सचिव से जवाब तलब किया है। पीठ ने पूछा है कि रिक्तियों की भर्ती के लिए क्या कदम उठाए गए। यह भी जानना चाहा है कि अभी इसमें कितना समय लगेगा। मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। जस्टिस पंकज कुमार जायसवाल एवं जस्टिस रजनीश कुमार की पीठ ने यह आदेश बेंच ने स्थानीय वकील सुरेंद्र कुमार की याचिका पर दिया है। इनका कहना है कि पिछले दो वर्षों से ट्रिब्यूनल में चार पद खाली हैं। जबकि इस साल जून-जुलाई महीने में चार और अधिकारी रिटायर हो जाएंगे। लेकिन इन्हें भरने के लिये अब तक कोई कदम नहीं उठाए गया हैं। पीठ ने उनकी इस याचिका पर पूर्व में भी जवाब मांगा था। लेकिन सरकारी वकील ने बताया कि पदों को भरने के संबध में उन्हें सरकार की ओर से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। पीठ ने इस पर मुख्य सचिव को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया।

# सुपरवाइजर को नोटिस, कार्रवाई के लिए सीएमओ को लिखा पत्र

संवाददाता। सरोजनीनगर

**बंथरा** इलाके के अमावा जंगल में गुरुवार को सड़क किनारे लावारिस हालत में पड़े मिले पल्स पोलियो के वैक्सीन कैरियर बॉक्स मामले में अखबारों में खबर छपने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने आनन-फानन कैरियर बॉक्स को वहां से उठवा लिया। इस मामले में सरोजनीनगर सीएचसी अधीक्षक द्वारा संबंधित सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के साथ ही उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सीएमओ को लिखा गया है। बताते चलें कि बंथरा इलाके के फ्तेहगंज- नारायनपुर रोड स्थित अमावा जंगल के पास गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क किनारे लावारिस हालत में एक वैक्सीन कैरियर बॉक्स के साथ ही चार आइस पैक और करीब आधा दर्जन पल्स पोलियो ड्रॉप के वायल पड़े मिले थे। शुक्रवार को इस संबंध में जब सीएचसी अधीक्षक अशोक कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने मामले को टालते हुए वैक्सीन कैरियर बॉक्स को जंगल में पड़े होने से इंकार कर दिया। बल्कि उनका कहना है कि जहां पर वैक्सीन कैरियर बॉक्स मिला है उसके पास में ही विभाग का डिपो है। जहां पर आसपास गांवों में पल्स पोलियो अभियान के दौरान सभी वैक्सीन कैरियर बॉक्स इकट्ठा किए जाते हैं और वहां से प्राइवेट गाड़ियों के जरिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया ले जाता है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन कैरियर बॉक्स जंगल में नहीं पड़ा था। बल्कि किसी ने डिपो के पास से उठाकर उसे वहां डाल दिया और उसकी फोटो खींच ली। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में हुई जांच में ऐन न्याय पंचायत के सुपरवाइजर परवेश की लापरवाही पाई गई है। जिसकी वजह से सुपरवाइजर परवेश के खिलाफनोटिस जारी करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएमओ को लिखा गया है।

# एक कारोबारी गिरफ्तार, अवैध पटाखे बरामद

संवाददाता। मोहनलालगंज

पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामला

**आतिशबाज** शकील के घर चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट की वजह सिलिण्डर फटने को साबित करने पर तुली मोहनलालगंज पुलिस और प्रशासन चौतरफा किरकिरी के बाद शुक्रवार को बैकफुट पर नजर आए। सोशल मीडिया पर पुलिस और प्रशासन का झूठ बेपर्दा होते देख अफसरों ने अभियान चलाकर मोहनलालगंज कस्बे से ही बड़े पैमाने पर अवैध पटाखे बरामद कर एक कारोबारी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। हालांकि इस कार्रवाई ने कस्बे में चोरी-छिपे अवैध पटाखा कारोबार धड़ल्ले से चलने की आशंका को पुख्ता कर पुलिस अधिकारियों की भूमिका को सवालों के घेरे में ला दिया है।

मोहनलालगंज तहसील मुख्यालय और कोतवाली से चंद कदम पर आतिशबाज शकील के घर बुधवार को हुए ताबड़तोड़ धमाको में आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए थे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने हादसे की वजह गैस सिलिण्डर में विस्फोट को करार दिया था। गुरुवार को क्षेत्रीय जागरुक लोगों ने सोशल मीडिया पर घटनास्थल की कई तस्वीरें साझा कर मौके पर कई जगह अवैध रुप से बनाए गए पटाखे और बारुद फैला होने का प्रमाण देकर पुलिस और प्रशासन का झूठ बेपर्दा कर दिया। लिहाजा चौतरफा किरकिरी होते देख शुक्रवार को अधिकारियों की नींद टूटती नजर आई। पुलिस टीम ने मोहनलालगंज कस्बे में घटनास्थल के समीप ही छापेमारी कर बड़े पैमाने पर अवैध रुप से डम्प किए गए पटाखे बरामद कर कस्बा निवासी इश्तियाक को गिरफ्तार करने का दावा किया है। हालांकि उसका साथी मुख्तार पुलिस को चकमा देकर भाग निकलने में कामयाब बताया जा रहा है। उधर सूत्रों की मानें तो पुलिस की जरा सी सक्रियता की भनक लगते ही अवैध पटाखा कारोबारी मोहनलालगंज कस्बे से काफी मात्रा में अवैध पटाखे चोरी-छिपे बाहर शिफ्ट कराने में जुट गए हैं।

### पीड़ितों की मदद से प्रशासन ने झाड़ा पल्ला

**मोहनलालगंज** पुलिस और प्रशासन की गैस सिलिण्डर से विस्फोट होने की थ्योरी हादसे में पीड़ित परिवारों के लिए अभिशाप बन गई है। अपनी थ्योरी को बल देने के लिए पुलिस ने मामले में पड़ोसी रिजवान से तहरीर लेकर घटना की एफ्आईआर दर्ज कर पीड़ित परिवारों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। पड़ोसी रिजवान हादसे में क्षतिग्रस्त मकान के बाहर दिन-रात गुजार रहे हैं। लेकिन इससे बेखबर राजस्व विभाग को हादसे का दंश झेल रहे परिवारों की सुध लेने की फुरसत नही है। अलबत्ता राजस्व अधिकारियों ने घटना को लेकर अपनी थ्योरी और पुलिस की एफ्आईआर को वजह बनाकर पीड़ित परिवारों को किसी भी तरह की आर्थिक मदद मुहैया करा पाने में हाथ खड़े कर दिए हैं। एसडीएम सूर्यकान्त त्रिपाठी ने बताया घटना दैवीय आपदा की श्रेणी में नही आ रही।

# यूपी में विपक्ष का नहीं खुलेगा खाता: यशवंत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में इस बार सशक्त हिन्दुस्तान की लहर चल रही है। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट कर रहे हैं। इसलिए इस बार उत्तर प्रदेश में विपक्ष का खाता भी नहीं खुलने वाला है। मथुरा, आगरा, मैनपुरी, संभल, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बागपत, मेरठ, कैराना, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर आदि लोकसभा क्षेत्रों में व्यापक जनसम्पर्क कर लखनऊ लौटे विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने कहा कि इस बार का चुनाव दो धाराओं के बीच हो रहा है। पहली धारा उन लोगों की है जो पहली बार पाकिस्तान में घुसकर जवाब देने पर मोदी फिर से, मोदी दिल से चिल्ला रहे हैं। दूसरी धारा उन लोगों की है जो अयोध्या में राममंदिर के विरोधी है, कश्मीर में धारा 370 के समर्थक हैं। जिनके निशाने पर पाकिस्तान नहीं, भारतीय जनता पार्टी है। विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने कहा कि इस बार कोई यह नहीं देख रहा है कि भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार कौन है, लोग देख रहें हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

# नौ दिनों में एक लाख से अधिक छात्रों ने देखी शिक्षात्मक बाल फिल्में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहा अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव आज सम्पन्न हो गया। बाल फिल्मोत्सव के अन्तिम दिन छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों में देश-विदेश की शिक्षात्मक बाल फिल्में देखने का भारी उत्साह दिखाई दिया। इससे पहले, मुख्य अतिथि सतगुरू शरण अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव के नवें व अन्तिम दिन का विधिवत् उद्घाटन किया जबकि विशिष्ट अतिथि महेन्द्र मोदी, डीजी पुलिस, टेक्निकल एवं प्रतीक मेहरा, प्रोग्रामिंग हेड, रेडियो सिटी, की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया।

इस अवसर पर गायक मो. सलामत खान, मिस टीन इण्डिया महिमा गौड़, निर्माता-निर्देशक अमित मिश्रा एवं रेडियो जॉकी आर जे. विक्रम की उपस्थिति ने समारोह की रौनक में चार-चाँद लगा दिये। सीएमएस के फिल्म्स डिवीजन द्वारा 4 से 12 अप्रैल तक आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के नौ दिनों में लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों के लगभग एक लाख से अधिक छात्रों ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों का आनन्द उठाया एवं जीवन मूल्यों व चारित्रिक उत्कृष्टता की शिक्षा प्राप्त की। बाल फिल्मोत्सव के समापन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि फिल्में लर्निंग का सशक्त माध्यम है परन्तु इसके व्यावसायिक पक्ष की वजह से बहुत सी गड़बड़िया आ जाती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि महोत्सव में दिखाई गई शिक्षात्मक बाल फिल्में बच्चों के मन-मस्तिष्क में रचनात्मक प्रभाव डालेंगी। उन्होंने बच्चों से अपील की कि भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम की आत्मकथा अवश्य पढ़ें। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि इस बाल फिल्मोत्सव की वजह से हमें बच्चों के बीच आने का अवसर मिला, जिसके लिए मैं सीएमएस का आभार व्यक्त करता हूँ।

# नहीं सुधरी व्यवस्था तो परिणाम भुगतने को तैयार रहें: मेयर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** की सफाई व्यवस्था पर मेयर ने कार्यदायी संस्था ईकोग्रीन को कड़ी फटकार लगायी। मेयर ने शत प्रतिशत कूड़े की उठान शहर से करने का निर्देश दिया है। साथ ही चनाव के बाद सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं तो परिणाम भुगताने की भी चेतावनी दी है। यही नहीं बैठक के दौरान नगर आयुक्त सहित एनएसए प्रभारी को भी नसीहत दी। शुक्रवार को मेयर संयुक्ता भाटिया द्वारा ईकोग्रीन के साथ अधिकारियों की बैठक की। बैठक में नगर आयुक्त की उपस्थिति में कूड़ा निस्तारण पर ईकोग्रीन के रवैये पर सवाल उठाते हुए सुधार लाने के निर्देश दिया। जनता की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए मेयर ने कड़े शब्दों में ईकोग्रीन शत प्रतिशत कूड़े की उठान का निर्देश दिया। मेयर ने ईकोग्रीन के प्रबंधक अभिषेक से उनके द्वारा कवर किये जा रहे मोहल्ले की सूची भी तलब की, साथ ही शहर में शत-प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए गाड़ियाँ और कर्मचारी बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। महापौर ने ईकोग्रीन को स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में लखनऊ के प्रत्येक मोहल्ले से डोर टू डोर कूड़ा उठना चाहिए, जिससे कि लखनऊ की जनता को परेशानी का सामना न करना पडे। इसके लिए जोनवार शत प्रतिशत कूड़ा उठाने की व्यवस्था करें, जिसको स्वयं महापौर नगर आयुक्त के साथ निरीक्षण भी करेंगीं। इकोग्रीन के प्रबंधक अभिषेक ने महापौर के समक्ष हर जोन का प्लान बनाकर पेश किया। जिसको एक एक करके जोनवार स्थापित करने के बाद महापौर व नगर आयुक्त को दौरा भी करवाकर निरीक्षण करवाएंगे। महापौर ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि आचार संहिता हटने तक व्यवस्थाये सुचारु रूप से व्यवस्थित नही हुई तो परिणाम भुगतने को तैयार रहें।

पूर्वोत्तर रेलवे — ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | ई-प्रापण निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित निविदा मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप मु.इं.2-बीएसबी-2019-11 दिनांक: 10-04-2019 | पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के इन्दारा – दोहरीघाट खण्ड के आमान परिवर्तन कार्य के सम्बन्ध में इन्दारा (सहित)–घोसी (सहित) खण्ड के कार्य हेतु अद्यतन शुद्धि पर्चियों के साथ जून 2016 के आर.डी.एस.ओ. विनिर्देश की पुष्टि करने वाली मशीन द्वारा तोड़ी गयी ट्रैक बैलास्ट की निजी खदानों से विनिर्माण, आपूर्ति एवं स्टैकिंग। | ₹ 14,36,35,404.60<br>निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 10,000/-<br>कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 (छः) माह | ₹ 8,68,200/- |
| 2 | उप मु.इं.2-बीएसबी-2019-12 दिनांक: 10-04-2019 | पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के इन्दारा – दोहरीघाट खण्ड के आमान परिवर्तन कार्य के सम्बन्ध में घोसी (रहित)–दोहरीघाट (सहित) खण्ड के कार्य हेतु अद्यतन शुद्धि पर्चियों के साथ जून 2016 के आर.डी.एस.ओ. विनिर्देश की पुष्टि करने वाली मशीन द्वारा तोड़ी गयी ट्रैक बैलास्ट की निजी खदानों से विनिर्माण, आपूर्ति एवं स्टैकिंग। | ₹ 13,93,12,038.60<br>निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 10,000/-<br>कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 (छः) माह | ₹ 8,46,600/- |

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः 22-04-2019
• उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि-दिनांक 06-05-2019, 14:30 बजे तक।
• उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 06-05-2019, 14:30 बजे।
• निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट ***https://ireps.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
• निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री डी.पी. सिंह, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मऊ, मो.नं. 9794844287**
मुजाधि/डब्लू-24 **उप मुख्य इंजीनियर/नि./ II, वाराणसी**

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो० नं०: 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# गुडहाई मंडी में आग लगने से बच्ची की मौत, दो झुलसे

## ● आग बुझा रहे फायर ब्रिगेड कर्मी आनंद सिंह भी झुलसे

**संवाददाता।** लालगंज रायबरेली



**लालगंज** नगर की घनी बस्ती गुडहाई मंडी में अज्ञात कारणो से लगी आग के चलते भारी जन धन की हानि हुयी है।आग पर जब तक फायर ब्रिगेड कर्मी काबू पाते तब तक एक अबोध तीन वर्षीय बच्ची लक्ष्मी की आग मे ही जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं दो अन्य छोटी अबोध बालिकाये अनन्या और वैष्णवी गम्भीर रूप से घायल भी हुयी है। अनन्या को लालगंज के चिकित्सको ने हालत गम्भीर होने के चलते रिफर कर दिया है। अनन्या लखनऊ मेडिकल कालेज मे भर्ती है।

वहीं आग बुझा रहे फायर ब्रिगेड कर्मी आनंद प्रताप सिंह भी घायल हो गये है। लालगंज प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने अग्निकांड मे मृत लक्ष्मी के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर 12 बजे के लगभग गुडहाई मंडी के बजरंगी पुत्र स्व0 सियाराम गुप्ता के तिमंजिले मकान के ऊपरी मंजिल के कमरे मे बिजली की सार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग लगते ही घर मे बैठी महिलाओ मे दहसत व्याप्त हो गयी।बताते है कि बजरंगी की पत्नी आरती गुप्ता गोदी मे लिये हुये दो वर्षीय अनन्या को तो लेकर भागी लेकिन उसकी दो अन्य बच्चियां लक्ष्मी और वैष्णवी वहीं कमरे मे छूट गयी।आरती देवी के चीखने चिल्लाने पर कुछ युवको ने घर के अन्दर घुसकर वैष्णवी को तो निकाल लिया लेकिन बढ़ती आग की लपटे और धुएं के चलते बालिका लक्ष्मी को निकाला न जा सका,जिसके चलते वो तीन वर्षीय अबोध बालिका आग मे जलकर पूरी खाक हो गयी।केवल उसका ढांचा ही बचा था। उल्लेखनीय है कि बेकरी का कार्य करने वाले स्व0 सियाराम अग्रहरि के तीन पुत्र बजरंगी, महेस, बउवन गुडहाई मंडी के तिमंजिला मकान मे रहते है।बजरंगी अपनी पत्नी आरती व तीन बच्चियो वैष्णवी, लक्ष्मी, अनन्या के साथ मकान की तीसरी मंजिल पर रहते था।बजरंगी के ही कमरे मे सार्ट सर्किट से आग लगी है।घनी बस्ती मे आग लग जाने की सूचना पाते ही सरकारी महकमा हरकत मे आ गया।लालगंज फायर ब्रिगेड व रेलकोच फायर ब्रिगेड कर्मियो ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दोपहर बाद तक आग बुझायी जा रही थी।मकान घनी बस्ती और सकरी गली मे होने के चलते प्रसासन को रेसक्यू आपरेसन करने मे भारी कठिनाई का सामना उठाना पडा। मौके पर पहुंचे सीओ लक्ष्मीकांत गौतम और प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह ने बगल वाले मकान की छत पर चढकर अग्निकांड वाले कमरे की दीवार तोडवाया।तब जाकर कमरे से जब कुछ धुंआ बाहर निकला उसके बाद पुलिस कर्मी मुकेस ने कमरे मे घुसकर जली हुयी बच्ची के शव को कम्बल मे लपेटकर बाहर निकाला। अग्निकांड की घटना का जायजा लेने एसडीएम जीतलाल सैनी और तहसीलदार अमिता यादव,नायब तहसीलदार पुष्पक भी मौके पर पहुंची।एसडीएम ने अग्निकांड से पीडित परिवार को सांत्वना देते हुये सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता दिलाने का आस्वासन भी दिया है।

## गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से लगी आग, पांच बीघे फसल खाक

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमौरी गांव में शुक्रवार को दोपहर के समय गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों की वजह से आग लग गई जिसकी वजह से गेहूं का खेत धू-धू कर जलने लगा। देखते ही देखते करीब 5 बीघे मे आग फैल गई जिससे गेहूं फसल जलकर खाक होने लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा ग्रामीणों ने स्वयं ही आग बुझाने लगी करीब 2 घंटे बाद ग्रामीणों में आग पर काबू पाया लेकिन तब तक उक्त गांव निवासी शिव राज ,रामकिशोर, लोधा, रामफेर, रामदेव ,गेंदा, रामकुमार बच्चू के गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। 5 बीघे गेहूं के खेत में आग लगने क्या कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। ग्रामीण अज्ञात कारणों की वजह से आग लगने की बात कह रहे हैं फिर हल 5 बीघे गेहूं के खेत में आग लगने से किसानों का काफी नुकसान हुआ है किसान किसी तरह महंगे दामों पर खाद लेकर तथा महंगे दामों पर पानी लगाकर गेहूं की फसल को तैयार किया था लेकिन जब समय आया तो आग लगने से सब कुछ जलकर राख हो गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**खीरों ( रायबरेली )।** थाना क्षेत्र के गांव देपारमऊ मजरे भितरी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक के पिता ने जहरीला पदार्थ खाने से हुयी मौत की सूचना पुलिस को दी है। लेकिन परिवारीजन उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। खीरों पुलिस शव को कब्जे में लेकर अन्त्यपरीक्षण के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार देपारमऊ निवासी मृतक जयसिंह (23) के पिता संतराम सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि पारिवारिक कलह के कारण उसका बेटा जयसिंह (23) नशे का आदी हो गया था। इसी कारण से उसने गुरुवार की देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया. जिससे उसकी मौत हो गयी। दूसरी तरफ मृतक जयसिंह की माँ विद्यासिंह ने बताया कि उसके पति संतराम सिंह गुरुवार को गांव से बाहर लगे कोल्हू में गन्ने की पेराई कर रहे थे। उसका बेटा जयसिंह सुबह नाश्ता कर घर से कोल्हू पर गया। कुछ देर बाद वह वहां से घर जाने के लिए अपने पिता से बताकर निकला। लेकिन घर नहीं पहुंचा। गुरुवार की शाम ग्रामीण लोन नदी के किनारे जानवर चराने गए तो नदी के किनारे उसके कपडे पड़े मिल।. नदी के किनारे ही कुछ दूर पर जयसिंह का शव पड़ा हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर उन्हे जानकारी हुयी तो परिवारीजनों ने शव को वहां से उठाकर दरवाजे पहुंचाया। परिवारी जनों ने जयसिंह की हत्या कर शव को नदी के किनारे फेंके जाने की आशंका व्यक्त की है। इस घटना से मृतक की माँ विद्यासिंघ,पत्नी गुडिया, भाई राम सुमेर सिंह,राम सिंह,बहन ममता पिता संतराम सिंह सहित सभी परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ यादव ने बताया कि मृतक के पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# निखिल पांडेय अपने गुरुजनों से मिलने विद्यालय पहुंचे




**रायबरेली।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित होकर जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले एनएसपीएस के पूर्व छात्र निखिल पाण्डेय आज अपने गुरूजनो से मिलने विद्यालय पहुँचे। विद्यालय ने अपने छात्र के सम्मान में विद्यालय प्रागण में एक सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसका शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके हुआ, तत्पश्चात् विद्यालय संस्थापक-प्रबन्धक डॉ0 शशिकान्त शर्मा एवं सह-प्रबन्धिका डॉ0 रश्मि शर्मा ने निखिल पाण्डेय को शॉल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए निखिल पाण्डेय ने अपनी सफलता का श्रेय एनएसपीएस के प्रबन्धक, सहप्रबन्धिका, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं उपलब्ध शैक्षिक वातावरण को दिया। अपनी उपलब्धि के लिए उन्होने अपने गुरूजनो के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा कॅरियर से सम्बन्धित पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का समुचित उत्तर देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।अपने सम्बोधन में डॉ0 शशिकान्त शर्मा ने निखिल पाण्डेय को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी और कहा कि निखिल पाण्डेय का विद्यालय का पूर्व छात्र होना विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात हैं। अपने उद्बोधन में डॉ0 शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि निखिल पाण्डेय की सफलता से सीख लेते हुए, वर्तमान पाठ्क्रम को निश्चित समय सीमा में योजनाबद्ध ढंग से तैयारी करके ही समुचित सफलता प्राप्त की जा सकती है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, उपप्रधानाचार्या श्रीमती जोन एलिजाबेथ नेथन, कोआर्डिनेटर्स, मो0 फैजान खान, ज्ञानेन्द्र तिवारी, आशीष गोविन्द राव, दिलीप तिवारी , अवधेश शर्मा, रामदेव, बाल जी पाण्डेय, संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए, कर्मचारी रहे।

# सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



**ऊँचाहार।** चलो बुलावा आया है...माता ने बुलाया है, की मंगल स्वरों के साथ अपने अनोखे अंदाज के साथ प्रस्तुतीकरण का आगाज करते हुए अपने सह कलाकारों के साथ दर्शकों के बीच जैसे ही पूजा चटर्जी पहुंची उपस्थित जनसमुदाय मस्ती से झूम उठा । यह दृश्य है एनटीपीसी ऊँचाहार में आयोजित सांस्कृतिक संध्या का। एनटीपीसी ऊँचाहार में सांस्कृतिक परंपरा की कड़ी में स्वरांजली ग्रुप के सौजन्य से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन समूह महाप्रबंधक अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने किया। इस सुरमई संध्या में राइजिंग स्टार फेम शुभम मिश्रा तथा इंडियन आइडल फेम पूजा चटर्जी ने अपने गीतों और सुरों की अनथक प्रस्तुति से ऐसा शमा बांधा कि दर्शकगण वाह-वाह कर झूम उठे। शुभम मिश्रा का सूफ़ियाना अंदाज़ जहां लोगों को भय वहीं पूजा की दिलकश अदाओं ने श्रोताओं को झूमने और अंत तक डटे रहने पर मजबूर कर दिया। यह संगीत संध्या देर रात तक बहती रही और श्रोता उसमें गोते लगाते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केशव लाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी ऊँचाहार, परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन और असोसियेशन के पदाधिकारीगण, प्रियदर्शिनी लेडिज़ क्लब की अध्यक्षा उमा त्रिपाठी, लेडिज़ क्लब की अन्य पदाधिकारी व सम्मानित सदस्याओं सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित थे ।

## छह मई को भूल न जाना वोट डालने जरूर जाना

**महाराजगंज रायबरेली।** सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, 6 मई को भूल न जाना वोट डालने जरूर जाना जैसे गगनभेदी नारों के बीच न्याय पंचायत कोटवा मोहम्मदाबाद में न्याय पंचायत स्तरीय मतदाता जागरूकता रैली खंड प्रेरक रेखा श्रीवास्तव वआंगनवाड़ी सुपरवाइजर उर्मिला देवी के नेतृत्व में निकाली गई। खंड प्रेरक रेखा श्रीवास्तव ने रैली को के मध्य मौजूद ग्रामीणों अभिभावकों एवं छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई उन्होंने छात्र-छात्राओं से आवाहन किया कि वह घर जाकर अपने माता-पिता परिवार के सदस्यों व पड़ोसियों को आगामी 6 मई के मतदान के लिए अवश्य प्रेरित करें । श्रीमती श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकाली गई रैली न्याय पंचायत स्तर के कई गांव से होकर गुजरी मतदाता जागरूकता रैली में बच्चों का जोश देखने लायक था विद्यालय के बच्चे हाथों में तिखतियाँ लेकर नारेबाजी कर रहे थे रैली में प्राथमिक विद्यालय कोटवामोहम्मदाबाद के नौनिहालों ने भाग लेकर रैली को सफल बनायाद्य पंचायत जागरूकता रैली से जनप्रतिनिधि के साथ साथसफाई कर्मी भी गहरा जी रहे जबकि ने पंचायत स्तरीय मतदाता जागरूकता रैली के लिए जिलाधिकारी ने बीडीओ को पत्र लिखा था उसके बाद भी न्याय पंचायत स्तरीय रैली में कई कर्मचारी व जिम्मेदार नही पहुंचे। खंड प्रेरक रेखा श्रीवास्तव की अगुवाई में संकुल प्रभारी विन्देश्वरी व सुपरवाइजर उर्मिला देवी न्याय पंचायत के गांव से गुजरी तो छात्रों द्वारा आगामी 6 मई के लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर गुनगुनाए जा रहे नारों से ग्रामीण बेहद प्रभावित हुए ।कोटवा मोहम्दाबाद गांव के बीच में ग्रामीणों ने रैली को रोककर खंड प्रेरक रेखा श्रीवास्तव समेत मौजूद अन्य जिम्मेदारों को विश्वास दिलाया की वह सारे काम छोड़ कर 6 मई को हर हाल में मतदान अवश्य करेंगे। खंड प्रेरक ने रैली में मौजूद लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। साथ ही ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुकेश चंद्र साहू शशांक गौरव राम लखन देशराज दिलीप कुमार सहित तमाम ग्रामीण अभिभावक व छात्र प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**महराजगंज रायबरेली।** हलोर कस्बे में सत्यम कंप्यूटर्स व जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महाराजगंज नगर इकाई के अध्यक्ष महाराजगंज रिंकू जयसवाल व हलोर के अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल व प्रदीप पटेल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा छोटे-छोटे कामों के लिए लोगों को दूरदराज जाना पड़ता था सत्यम कंप्यूटर व जन सुविधा केंद्र के खुलने से यहां के लोगों को बहुत राहत मिली है इस मौके पर अर्पित पटेल, दुर्गा शंकर मिश्रा, शब्बीर, एके पांडे ,सचिन, शिवम, शुभम आदि लोग उपस्थित रहे।

### विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**लालगंज रायबरेली।** विकास खंड के गोपालपुर गांव स्थित बुढिया माता देवी मन्दिर मे नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। मानस पाठ समापन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया।भंडारे के आयोजक भाजपा नेता चन्द्रसेखर शरण सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बुढिया माता देवी मन्दिर मे मानस पाठ और भंडारे का आयोजन समाज के सहयोग से किया जाता है। भंडारे मे वंस बहादुर सिंह, केसरी नन्दन सिंह,जगमोहन चौहान, रामबहादुर फौजी, कमल सिंह, आदित्य सिंह, अपूर्व सिंह, अभिनव सिंह, पिंटू काक्षी, सुनील काक्षी आदि लोगो का भी सराहनीय योगदान रहा।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**ऊंचाहार।** कोतवाली के गांव गोसाईकापुरवा निवासिनी युवती ने घर पर गृहकलह से तंग होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। जिसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला रेफर कर दिया गया है। कोतवाली के गांव गोसाईकापुरवा निवासिनी पूजा 20वर्ष पुत्री रामदुलारे अपने घर पर फोन से बातचीत करने से मना करने पर उसने कीटनाषक दवा पीकर आत्महत्या करने का प्रयाष किया है। जिसके बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसको परिजनो के द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी ऊंचाहार मे भर्ती किया गया जहां पर उसकी हालत मे सुधार न होने पर उसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया उधर कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण की जांच करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

### निकाली गई मतदाता रैली

**महराजगंज रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महाराजगंज द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य राजीव सिंह की अध्यक्षता में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए छात्र एवं छात्राओं के द्वारा एक मतदाता रैली निकाली गई । रैली के माध्यम से मतदान के महत्व के साथ वोट की कीमत को बताया गया । इस रैली में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया । जन-जन की यही पुकार, वोट देना अबकी बार । लोकतंत्र का आधार, वोट ना हो कोई बेकार। मतदान जो कर के आएगा, सच्चा नागरिक कहलायेगा। प्रधानाचार्य राजीव सिंह जी ने कहा कि आप सभी जाति और धर्म के आधार पर वोट ना दें। उन्होंने कहा मेरा सभी से अनुरोध है कि वह जरूर दें क्योंकि अपने देश की मजबूत आधारशिला आपके ही हाथ में है। इस अवसर पर भूपेंद्र शुक्ला, प्रेमशंकर, आलोक पांडे, स्वप्निल शुक्ला, दीपा मौर्या, मंजली अवस्थी, मोहित श्रीवास्तव आदि अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा को पराजित करना सपा का लक्ष्यः ओपी

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में समाजवादी अधिवक्ता सभा की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय सपा नेता ओपी यादव ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करना ही सपा का लक्ष्य है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सेना का राजनैतिक करण कर रही है। सेना के पूर्व नौ सेनाध्यक्षों ने महामहिम राष्ट्रपति को पत्र भेजकर चुनाव में सेना को सियासत से जोड़ने पर ऐतराज जताया और योगी व मोदी को चुनाव में सेना का इस्तेमाल पर रोक लगाने की माँग की है, लेकिन भाजपा है कि मानती नहीं भाजपा के मंसूबे सेना के निजीकरण करने के लगते हैं। समाजवादी अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष शशि कुमार यादव ने कहा कि 2019 के चुनाव में यूपी में भाजपा दहाई का अंक नहीं छू पायेगी। इस बार भाजपा की लहर नहीं भाजपा के खिलाफजनता का कहर दिख रहा है। बैठक में जय सिंह यादव, चैधरी अशोक कुमार पटेल, अजय शर्मा, अंजनी यादव, हेमंत कुशवाहा, शैलेश कुमार पाल, सौरभ यादव, मनोज कुमार सिंह, के0के0 सिंह, शुभम श्रीवास्तव, राजेन्द्र बहादुर यादव, कृष्ण शंकर मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता शशि कुमार यादव एवं संचालन जय हिन्द पाल ने किया।

### महिला व किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के दो गांवों में एक महिला व एक किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवारीजनों ने दोनों को सीएचसी खीरों पहुंचाया जहां से उन्हे प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिवारीजनों के अनुसार मानपुर मजरे अतरहर निवासिनी बिट्टी (25) पत्नी रामनरेश की किसी बात को लेकर उसके पति राम नरेश और परिवारीजनों से शुक्रवार की सुबह कुछ कहासुनी हो गयी थी। जिससे नाराज होकर बिट्टी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दूसरी घटना में परिवारीजनों ने बताया कि हरीपुर मिर्दहा निवासिनी सुमन (16) पुत्री राम स्वरूप को उसके परिजनों ने किसी बात को लेकर शुक्रवार की सुबह उसे डाट दिया था. इस बात से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों के परिजनों को हालत बिगडने पर जानकारी हुयी तो उन्हे सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ यादव ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो के माध्यम से घटनाओं की जानकारी हुयी है। मामलों की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की जायेगी।

### युवक की लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मौत

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के गांव कुसंडी में संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार की रात एक युवक की लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी। एक ओर परिवारीजन प्यास लगने से हालत बिगडना बता रहे हैं वहीं डाक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ने की पुष्टि की है। परिवारीजनों के अनुसार कुसंडी निवासी शिवम मिश्रा (30) कस्बा खीरों में मेडिकल स्टोर संचालित करता था। गुरुवार को सुबह वह नवरात्रि व्रत होने के कारण पूजा अर्चना कर घर से मेडिकल स्टोर खीरों गया। शाम को उसे प्यास लगने पर हालत बिगड़ी तो परिवारीजनों ने सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन वहां से नाजुक हालत में उसे लखनऊ भेजा गया जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सीएचसी प्रभारी डॉ भावेश सिंह ने बताया कि मरीज की जहरीला पदार्थ (सल्फास)खाने से हालत बिगड़ी थी। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था. प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांचकर मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की जायेगी।

# पखरोली टंकी से जलापूर्ति बाधित पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि



**डलमऊ रायबरेली।** गर्मी के मौसम ने जैसे ही सख्त रुख अपनाना शुरू किया वैसे ही जल निगम की पखरोली स्थिति पानी की टंकी से पानी की आपूर्ति बाधित हो गयी मुराई बाग कृष्णा नगर वार्ड में स्थिति इस पानी की टंकी से नगर पंचायत डलमऊ के आधे से ज्यादा हिस्सों मे पानी की आपूर्ति की जिम्मेदारी रहती है जो वर्ष भर मे चार से पांच बार तक खराब होती है और कोई भी खराबी का निस्तारण एक महीने से कम मे नही हो पाता पिछले हफ्ते से तकनीकी कमी का नाम लेकर विभाग के कर्मचारी हाथ पर हाथ रख कर बैठे है मानो उनके लिए कोई समस्या ही ना हो और पानी की कमी से जूझ रही जनता त्राहि त्राहि कर रही है परन्तु जल निगम के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही और स्थिति बदतर होती जा रही है लापरवाही की हद तो तब हो जाती जब हफ्ते भर बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कब तक सही होने के सवाल पर चुप् रहते हुए विभागीय हीलाहवाली को जिम्मेदार ठहरा देते हैं इस प्रकरण जल निगम के अवर अभियंता अपनी व्यथा कुछ इस प्रकार कहते हैं विभाग को किसी भी तकनीकी कमी को दूर करने के लिए कोई भी पैसा नहीं मिलता अपने स्तर से ही व्यवस्था कर इस तरह की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

# पूर्व सदर विधायक ने की बिना शर्त कांग्रेस को समर्थन की घोषणा

## ● सोनिया के ही बस की बात है राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं का लाभ दे पाना



**रायबरेली।** पूर्व सदर विधायक अखिलेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिना शर्त कांग्रेस को समर्थन की घोषणा कर दी। श्री सिंह ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि मौजूदा समय में देश में चुनाव हो रहे हैं और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को देश मना रहा है। इसी के साथ अहम हो जाता है रायबरेली और अमेठी का चुनाव उन्होंने बताया व रायबरेली से पांच बार विधायक उन्होंने कहा कि अगर मैं सांसद होता तो क्या मेरी बस में था कि मैं रायबरेली को केंद्रीय स्तर की योजनाएं दे पाता आज रायबरेली में देश की सबसे बड़ी फैक्ट्री व संस्थान मौजूद है जो कांग्रेस की सोनिया गांधी ने अपने शहर को चमकाने के लिए पूरा प्रयास किया और वह सफल भी रहा। ऐसी योजनाएं भी दे सकता है जो प्रधानमंत्री के समकक्ष हो श्री सिंह ने कहा जहां चुनाव नाली खरंजा शौचालय पर नहीं लड़ा जाएगा या चुनाव संपूर्ण विकास के लिए लड़ा जाएगा जिसमें उद्योग मुख्यत: शामिल होगा जिससे देश के युवाओं का भविष्य बने मेडिकल सुविधाएं प्रदान हो जो आज की मुख्य जरूरत है। क्षेत्रीय स्तर के नेताओं की एक सीमाएं होती है हम जैसे नेताओं की सीमाएं हैं अन्य पार्टी के लोग खड़ंजा नाली टूटी सड़कें हैंड पंप दे सकते। सोनिया गांधी रायबरेली की भविष्य है इसलिए वह लोकसभा के इस चुनाव में सोनिया गांधी को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा करते हैं। एक समय था जब में था कांग्रेस में सक्रिय लेकिन लोगों द्वारा साजिश रच दी गई थी जिसे उन्होंने पार्टी छोड़ दिया था। श्री सिंह ने कहा वह योगी आदित्यनाथ को पसंद करते हैं लेकिन रायबरेली के भविष्य के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है और मुझे यही विकल्प सही लगता है। उन्होंने कहा हमारे रिश्ते गांधी परिवार से अच्छे है प्रियंका जी से मेरी लगातार मुलाकात होती रहती है श्री सिंह ने कहा सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी का दिल बड़ा है। उन्होंने कहा फिलहाल वहां किसी पार्टी से नहीं है उसके बावजूद कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हैं श्री सिंह ने कहा उन्होंने ही पांचवीं बार 5 लाख पार का नारा दिया है इस बार सोनिया गांधी को 5 लाख मतों से ज्यादा मतों से विजयी बनाये। भले ही कांग्रेस बुरे लोगों से गिरी है लेकिन उस अपमान को बुलाकर कांग्रेस को समर्थन करें श्री सिंह ने कहा कि इस चुनाव में वह अपने संसाधन भी लगाएंगे हर गली मोहल्ला गांव टीम बनाकर मेहनत करें। श्री सिंह ने कहा मैं जात पात का विरोधी हूं मैं चाहता हूं कि इस जाति व्यवस्था को कानून बनाकर खत्म कर दिया जाए जहां पर सबको बराबरी का दर्जा मिले। श्री सिंह ने कहा रायबरेली की जनता जानती है सोनिया गांधी का चुनाव जीतना कितना जरूरी है उन से ही रायबरेली की पहचान है और उन्होंने भी रायबरेली को कभी निराश नहीं किया कभी सूखे से ग्रसित रहने वाला जिला आज कई फैक्ट्रियों व संस्थानों को समेटे हुए है जहां से पढ़कर युवा देश का नाम कर रहा है तो रेल कोच कारखाने से देश का नाम रोशन हुआ है कांग्रेस की देन है जिसने इतनी विशाल फैक्ट्री रायबरेली में डाली है। रायबरेली, जिला पंचायत सदस्य ने सोनिया गांधी को समर्थन देने की बात कही जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रायबरेली और अमेठी की सीट पर समाजवादी पार्टी पूरा समर्थन करती है। रायबरेली व अमेठी के नौजवान इस मौके का इंतजार कर रहे थे उन्होंने कहा नौजवान लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व अपने नेता को चुनने के लिए नौजवान वोट दिलाने के लिए काम करेंगे नौजवान तन मन धन के साथ रहेगा। देश का युवा समझ चुके है कि उनका भविष्य अंधकार में है वह नई सरकार चुनकर अपने भविष्य को सुरक्षित करना चाहते हैं। इस मौके पर नगर पालिका प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने कहा बढ़-चढ़कर जनता वोट करें और अपना भविष्य व मुशीर अहमद मौजूद रहे।

# जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

● जेपी नड्डा ने मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने का दिलाया संकल्प

● कहा, मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश का बच्चा बच्चा है आतुर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**भारतीय राजनीति,** भारतीय संस्कृति, सभ्यता और भारतीय समाज की आवश्यकताओं तथा भारतीय सोच के अनुरूप देश की एकमात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी ही है। यह बातें शुक्रवार को होटल अजय इंटरनेशनल में इलाहाबाद संसदीय एवं फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव एक चुनौती है, पूरे दमखम से लड़ना चाहिए। नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश का बच्चा बच्चा आतुर है। उन्होंने चुनाव प्रबंधन के विषय में पूरी योजना बनाकर चुनाव लड़ने का दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की सजगता कमजोर पड़ी तो विपक्ष षड़यंत्र कर सकता है। उन्होंने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की सूची बनाकर मतदान केंद्र पर महिला पुलिस की मांग करने और कार्यकर्ता घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियां तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा कर सबका साथ सबका विकास जैसे मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रग करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता जो अपनी बढ़ती उम्र के कारण या व्यक्तिगत कारणों से सक्रिय न हों उनसे भी संपर्क कर और उनका भी सहयोग लेना चाहिए। उन्होंने दिव्य एवं


जेपी नड्डा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

भव्य कुंभ की भी चर्चा करने और सफाई कर्मियों के सम्मान के विषय को मजबूती से समाज में रखने का निर्देश देते हुए अन्य सूत्र भी बताए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का संकल्प एक भारत श्रेष्ठ भारत। इसी संकल्प के साथ भाजपा 2019 में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की लहर होने की बात करते हुए गठबंधन को सिरे से खारिज कर दिया। वहीं मंत्री जे पी नड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस के पूर्व यूथ प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश चन्द्र तिवारी 'बाबा' ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते हुए नरेंद्र मोदी की राष्ट्र भावना से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बाबा तिवारी के साथ सपा के वरिष्ठ नेता बृजेश भारतीय ने भी सदस्यता ग्रहण कर भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति के अनुसार चलने की प्रतिबद्वता जताई है। बैठक में कैबिनेट मंत्री इलाहाबाद संसदीय प्रत्याशी डा. रीता बहुगुणा जोशी, फूलपुर प्रत्याशी केसरी देवी पटेल, महानगर अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, कन्हैया लाल पांडे, जमुनापार अध्यक्ष शिवदत्त पटेल, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश कुमार, फूलपुर लोकसभा प्रभारी विधायक संजय गुप्ता, विधायक नीलम करवरिया, विधायक विक्रमाजीत मौर्य, विधायक प्रवीण पटेल, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, रणजीत सिंह, पूर्व विधायक दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, अशोक चौधरी, कुंज बिहारी मिश्रा, कविता पटेल, राम पलट यादव, अश्वनी दुबे, मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, नवरत्न कात्याल, राजू राय, प्रेम नारायण केसरवानी, अरुण अग्रवाल, अमरनाथ द्विवेदी, अमरनाथ तिवारी, उमेश तिवारी, संतोष तिवारी, प्रहलाद, राजू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# रामशंकर कठेरिया पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता। आगरा

**आगरा।** इटावा लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी एंव अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामशंकर कठेरिया समेत 20 भाजपा कार्यकर्ताओं को नामजद करते हुए 35 लोगों के विरूद्ध इटावा पुलिस ने जिले के भरेह थाने में डकैती समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

पर्थरा गांव में बुधवार को चुनाव प्रचार के दौरान हुए विवाद में भरेह थाने के दरोगा ने भाजपा प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया, विधायक सरिता भदौरिया, विधायक सावित्री कठेरिया, एक पूर्व विधायक समेत 20 भाजपाइयों पर डकैती, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत 10 धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। एसओ भरेह शैलेंद्र सिंह को जांच सौंपी गयी है। उधर, भरथना सावित्री कठेरिया ने दरोगा के खिलाफ तहरीर दी है, इसमें आरोप है कि जनसंपर्क के दौरान दरोगा ने महिलाओं के साथ अभद्रता




की और उन्हें को वोट मांगने से रोका। इटावा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया बुधवार को चरकनगर तहसील क्षेत्र में प्रचार करने गये थे। पर्थरा गांव में जनसंपर्क के दौरान भीड़ जमा हो गयी, बिना अनुमति जनसभा करने की सूचना पर भरेह थाने के दरोगा गीतम सिंह पाल गांव पहुंचे और वीडियो बनाने लगे, इस दौरान उनका ग्रामीणों व भाजपाइयों से विवाद हो गया था। दरोगा से मारपीट की सूचना पर एसपी ग्रामीण राम बदन सिंह और चकर नगर सीओ चंद्रपाल सिंह ने गांव ने गांव जाकर ग्रामीणों से जानकारी ली। डीएम ने एसडीएम व सीओ से भी जांच करायी। देर रात दरोगा की तहरीर पर भाजपा प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया, भरथना विधायक सावित्री कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व विधायक रवींद्र सिंह चौहान, सरमन सिंह निवासी मनियां, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमार निवासी ख्यालीपुरा, धर्मेन्द्र प्रताप सेंगर निवासी महुआ सूडा, शेखर चौहान निवासी चकरनगर, मनोज भदौरिया, गौरव सिंह मोहित, सुलेखा सिंह, गोपाल सिंह, सोल्टी, जितेंद्र सिंह, देवेश, सतेन्द्र सिंह, कल्लू, आचार्य निवासीगण पथर्रा और विमल भदौरिया निवासी उदी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी, 35 अज्ञात भाजपाइयों व ग्रामीणों को भी आरोपी बनाया गया है। एसओ भरेह ने बताया कि डकैती, सरकारी काम में बाधा डालने, चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन समेत 10 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है, मामले की जांच की जा रही है।

# एनआरएचएम घोटाले के आरोपी बाबू सिंह कुशवाहा ने की कांग्रेस प्रत्याशी राजबब्बर के समर्थन में जनसभा

● कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर वह करायेंगे नोटबंदी घोटाले की जांच

संवाददाता। आगरा

**आगरा-फतेहपुर** सीकरी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं का आगाज एनआरएचएम घोटाले के आरोपी बाबू सिंह कुशवाह की जनसभाओं के साथ हुआ। बाबू सिंह कुशवाह की जनाधिकार पार्टी है जो कांग्रेस प्रत्याशियों का समर्थन कर रही है। कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी के समर्थन में उनकी जनसभा करायी। किसी कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आगरा एवं फतेहपुर सीकरी में यह पहली जनसभा थी जिसमें फतेहपुर सीकरी



से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाह ने ग्रामीण इलाकों में गुरूवार को जनसभाएं की। पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाह जो करोड़ों के एनआरएचएम घोटाले के आरोपी हैं, जेल में रहे हैं, उन्होंने केंद्र सरकार की नोटबंदी को घोटाला बताकर जनसभा की शुरूआत की। फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट के धिमश्री गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए बाबू सिंह कुशवाह ने कहा कि भाजपा ने जो वायदे किये वह पूरे नहीं किये हैं, 15 लाख रूपये बैंक खातों में नहीं डाला गया, बेरोजगारों को नौकरियां नहीं मिली, उल्टे नोटबंदी के नाम पर घोटाला भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कांग्रेस के 72 हजार रूपये गरीब महिलाओं को दिये जाने के वायदे को गरीब महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि भाजपा में कांग्रेस के न्याय से घबराहट पैदा हो गयी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो नोटबंदी घोटाले की जांच करायी जायेगी उनकी जनसभा में प्रत्याशी राजबब्बर ने भी भाजपा को निशाने पर लिया कहा कि भाजपा के लोग झूठे वायदे करते हैं और लोगों को राष्ट्रवाद का सर्टिफिक्रेट देते हैं।

# भाजपा व निषाद पार्टी गठबंधन से प्रत्याशियों की जीत तयः इन्द्रजीत

**प्रयागराज।** भाजपा व निषाद पार्टी का गठबन्धन होने से अब भाजपा प्रत्याशियों की जीत बिल्कुल ही आसान हो गयी है। निषाद पार्टी का भाजपा के साथ गठबन्धन होने से अन्य दलों की नींद हराम हो गयी है। कुछ राजनीतिक दलों को तो भाजपा व निषाद पार्टी के संयुक्त प्रत्याशियों के सामने चुनाव मैदान में उतारने के लिए कोई उम्मीदवार ही नहीं मिल रहा है। जबकि छठवें चरण का नामांकन आगामी 16 अप्रैल से शुरू हो जायेगा। उक्त बातें निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत निषाद ने विधान सभा करछना कार्यालय में कहीं। प्रदेश सचिव राम प्रसाद निषाद ने कहा कि निषादों की अनदेखी करने वाले दलों को इस चुनाव में समझ आ जायेगा कि निषादों के साथ अन्याय करने का परिणाम क्या होता है। उन्होंने कहा कि डा. संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में निषाद समाज का कारवां अब रूकने वाला नहीं है।


# भारत-पाक के पीएम एक ही भाषा बोल रहे हैं: खुर्शीद

● राफेल के सवाल पर कहा सत्ता में आने पर कांग्रेस कराएगी जांच

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**भारत** और पाकिस्तान दोनों के प्रधानमंत्री एक ही भाषा बोल रहे है। यह बात फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने आज अपरान्ह 2:10 बजे उत्तर प्रदेश कें फर्रुखाबाद जिले में शहर नेहरु रोड स्थित जामा मस्जिद में पेश इमाम मौज्जयम अली द्वारा मुस्लिम समाज के लोगों के साथ जुमे की नमाज पढ़ाने के बाद मस्जिद गेट पर यूनीवार्ता से बातचीत करते हुए कही।

काग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र और पाकिस्तानी भाषा एक है के प्रश्न पर कांग्रेंस वरिष्ठ नेता श्री खुर्शीद ने कहा कि एक ही भाषा


सलमान की फाइल फोटो

हम (काग्रेस) बोंल रहे है या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोल रहे है, जब मोदी जी की बात की सहमति पाकिस्तान प्रधानमंत्री इमरान खानं कर रहे है। तो यह स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान दोनों के प्रधानमंत्री एक ही भाषा बोल रहे है। राफेल मामले पर उन्होने कहा कि कांग्रेंस के सत्ता में आने पर कानून के तहत जहां-जहां आवश्यक्ता होगी। वहां जाच कर कार्यवाही की जाएगी और इसमें कोई समस्या नहीं होगी।

## कश्मीर भारत का अभिन्न अंगः सलमान खुर्शीद

**फर्रुखाबाद।** कांग्रेंस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का दावा है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अगं है और रहेगा। श्री खुर्शीद आज सांयकाल 4 बजे उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शहर स्थित मोहल्ला भीकमपुरा में कांग्रेंस कार्यकर्ता असलम भाई के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पाक प्रधानमंत्री इमरान खां का यह बयान कि भारत में मोदी सरकार बनने पर कश्मीर मुद्दे का समाधान हो जाएगा के प्रश्नोत्तर पर श्री खुर्शीद ने कहा कि केन्द्र में कांग्रेंस की सत्ता आने पर हम अपनी जमीन और कश्मीर छोड़ने वाले नहीं है। यह हमारी कल्पना है कि भारत की जमीन को कश्मीर से कोई भी अलग नही कर सकता है कश्मीर भारत का अभिन्न अगं है हम इस किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगें। पाकिस्तान एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सांठगांठ है तो भी कांग्रेंस सरकार बनने पर कश्मीर को नहीं छोड़ेगी। उन्होने कहा कि चुनाव जमीन व जमीर पर लड़े जाते है। यदि जमीन व जमीर न होगा तो वह चुनाव किा मुद्दे पर लड़ेगा। हमारे लिए धर्म निरपेक्षता एवं इन्सान से दोस्ती व प्यार मोहब्बत ही सबसे बड़ा धर्म है। चुनाव आयोग के बारे में पूछे जाने पर उन्होने कहा कि मैं चुनाव आयोग का सम्मान करता हूॅ, आयोग को सुरक्षित और सम्मानित रखना होगा। राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिहं के बयान मोदी सरकार बनवाओं और भाजपा को वोट दो के बारें में पूछे गये प्रश्न पर उन्होने कहा कि राजनीतिक जीवन को लोग भूल जाते है इस बात को तूल न दिया जाए। देश में देश में बहुत सी उलझन है जिनका समाधान निकालने का प्रयास किया जाए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नफीस हुसैन खां,पूर्व जिलाध्यक्ष आफ्ताब खां,इमरान अंसारी,असलम भाई आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद सोशल मीडिया पर हुईं ट्रोल

**उन्नाव।** लोकसभा चुनाव के गर्म माहौल में प्रत्याशी एक दूसरे पर कीचड. उछालने का कोई भी मौका नहीं छोड रहे हैं। ऐसा ही एक वाकया सामने आया जब प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी की एक ऐसी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिससे राजनीति का चेहरा सामने आ गया। इस फोटो की चर्चा हर गली नुक्कड से लेकर चाय की दुकानों पर होती रही। प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अपना मुंह ढक रही हैं जिस पर लोगों का मानना है कि वह बस्ती की दुर्गंध से अपना बचाव कर रही हैं। कुछ लोगों ने इसे धूप से बचाव का भी तरीका बताया। सोशल मीडिया पर भी इस फोटो को लेकर खूब चर्चा और खिंचाई हुयी।

सोशल मीडिया पर वायरल हुयी फोटो को लेकर आम मतदाताओं से चर्चा करने पर मिर्जापुर निवासी विकास बाजपेयी ने कहा कि जनप्रतिनिधि पांच साल तक जनता के बीच नहीं जाते इसलिए उन्हें बदबू आती है। सिविल लाइन निवासी दिवाकर द्विवेदी ने कहा


प्रचार के दौरान मुंह ढकने पर हुई खिंचाई

कि वोट की राजनीति और दिखावा करने वाले प्रत्याशियों को ही प्रचार प्रसार में चुनाव के समय निकलना पडता है तो उन्हें गांव की बस्तियों में घिन तो आयेगी ही। माखी के विक्रांत सिंह ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि जनता से जुडे रहे होते तो जनता के दुख दर्द को समझते और गर्मी व बदबू झेलने की क्षमता होती। सोशल वर्कर तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के राजनीतिक माहौल में राजनीतिक दल दिखावे का मुखौटा पहने रहते है, जिनकी सच्चाई अक्सर सामने आया करती है। कोई भी प्रत्याशी जनता के बीच जाकर काम नहीं करना चाहता है, नाक बंद करने की जरुरत महसूस होती है। अब जनता के बीच जाना मजबूरी है इसलिए इतनी गर्मी में वोट की खातिर भटक रहे हैं। यह फोटो राजनीति का आइना है। जो लोग गंदगी या बदबू से मुंह ढक सकते हैं वो अपने वादों से मुकर भी सकते हैं। शुक्लागंज के निहालखेडा निवासी राजू रावत ने इस फोटो के बारे में कहा कि इस मामले में राजनीति नहीं की जा सकती। यह सिर्फ धूप से बचने के लिए चेहरे पर कपड.ा लगाया गया है। राजनीतिक फायदे के लिए पूर्व सांसद को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गंदी राजनीति का प्रतीक है।

## 40 का पारा प्रत्याशियों समेत अन्य को रहा झुलसा

**उन्नाव।** उम्मीदवारो पर बढ़ती गर्मी का पूरा असर देखने को मिल रहा है। प्रत्याशी गमछे और अन्य कपडो से मुंह ढ़क कर वोट मांगते देखे जा रहे है। एसी कमरो में बैठने वाले उम्मीदवारो को चालीस डिग्री का तापमान बहुत खल रहा है। लेकिन उनकी मजबूरी है कि चुनाव में समय बहुत कम है। 60 किलोमीटर चौडे और करीब 130 किलोमीटर लंबे लोकसभा क्षेत्र में गांव-गांव जाना भी है। उधर, दिन में गांवो में जहां सन्नाटा पसरा हुआ है, वही रात में भी लोग नही दिख रहे है। वह अपने खेतो में फसलो की कटाई-मढ़ाई में लगे हुए है। इस कडकती धूप में मतदाताओ के बीच जाना जहां मजबूरी है। वही उनके शरीर को झुलसा देने वाली धूप कम होने का नाम नही ले रही है।

## बढ़ता पारा कही मतदान को न कर दे प्रभावित

**उन्नाव।** लोकसभा चुनाव में बढ़ता तापमान प्रत्याशियो के लिए मुसीबत बना हुआ है। शरीर को झुलसा देने वाली धूप लग्जरी वातानुकूलित गाडियों को भी ठण्डा करने में नाकाम साबित कर रहा है। अप्रैल माह के पहले पखवारे में तापमान 40डिग्री को पार कर गया है। 29 अप्रैल तक तापमान 45 से 47 डिग्री के मध्य होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कहीं यह शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी वोटरो को भी न प्रभावित कर दे।

# जितिन के नामांकन पर आयोजित सभा में ब्रह्म स्वरूप सागर ने लगाया आरोप

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी ब्रह्म स्वरूप सागर ने फिर बसपा पर निशाना साधा। कहा- मैंने देखा है जिस तरह बसपा में टिकटों का बंटवारा हुआ करता था। पहले बीएसपी के लोग सिर्फ एक बिरादरी को बेचा करते थे। गठबंधन के बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी के लोगों को भी बेच दिया। बिकने वालों में इस बार वह लोग भी शामिल हैं, जो कभी बिका नहीं करते थे। खरीदने वाला भी आपके बीच, आपके ही मुकाबला करने आया। ऐसे दल और ऐसे प्रत्याशी को भी जवाब आप ही को देना है। ऐसे लोगों को बता देना है कि हम बिका नहीं करते। हमें भरोसा है कि आप ऐसे लोगों को मुंह तोड़ जवाब देंगे। आप मुझे भी आशीर्वाद देंगे कि मैं जीतकर आपके बीच आपकी समस्याओं का समाधान कर सकूं।

शुक्रवार सुबह ब्रह्म स्वरूप सागर अपने समर्थकों के साथ



लखीमपुर पहुंचे वहां जितिन प्रसाद के नामांकन के मौके पर आयोजित सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा की नीतियों पर भी निशाना साधा और बसपा की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मुझे प्रत्याशी बना कर शाहजहांपुर में विकास की जिम्मेदारी दी है। टिकट दिलाने में जितिन प्रसाद का भी योगदान है। मैं कांग्रेस पार्टी और जितिन दोनों के प्रति आभारी हूं। इन का कर्ज उतारने के लिए भी मुझे यहां के लोगों का साथ चाहिए। मुझे भरोसा है यह साथ मिलेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कौशल मिश्रा समेत तमाम कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। शाहजहांपुर लौट कर ब्रह्म स्वरूप सागर गांव पडरा सिकंदरपुर गये। पुरानी आवास विकास कॉलोनी में जनसंपर्क किया इस मौके पर कांग्रेस की पूर्व महिला जिला अध्यक्ष मंजू रानी, पवन सिंह, दौलत राम एडवोकेट, विपिन तिवारी, दिनेश भारती एडवोकेट, शान मोहम्मद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जब पैरों तले जमीन खिसकती है तो बहानेबाजी आती है: स्मृति इरानी

संवाददाता। अमेठी

**राहुल गांधी** के नामांकन करने के बाद जब मीडिया से बात कर रहे थे। उस समय किसी के द्वारा उनके ऊपर लेजर लाइट की फोकस डाली गई। जिस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण पत्र लिखकर गृह मंत्रालय को शिकायत किया है। राहुल गांधी पर लेजर फोकस करने घटना को लेकर कांग्रेस के नेताओं की शिकायत के सन्दर्भ में जब स्मृति इरानी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब पैरों तले जमीन खिसकती है बहुत सारे बहानेबाजी आने लगती है। क्योंकि उनकी हार दिख रही है तभी लोगों का ध्यान बांटने के लिए ऐसी बहानेबाजी की जा रही है।

जिस पर अमेठी में बीजेपी प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा कि देखिए जब वर्तमान में पैर के नीचे से जमीन खिसक रही होती है तो



ऐसी हरकतें बहुत लोग अपनाते हैं। लोकसभा चुनाव 2014 में बिहार की एक रैली में नरेंद्र मोदी बोल रहे थे तो पूरी रैली में आसपास बम फट रहे थे तो वह वहां पर निडर होकर खड़े रहे और जनता ने भी साहस दिखाया। वहां पर उस भाषण में उस सभा में सम्मिलित हुई। इस में शेर कौन देश का बच्चा.बच्चा जानता है।

# मेनका ने किया मोदी सरकार की योजनाओं का गुणगान

● कहा, मैं जिले को ले जाना चाहती हूं आगे

संवाददाता। सुलतानपुर

**भाजपा** प्रत्याशी व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी ने टांटिया नगर में निषाद सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोगों को कोई परेशानी आए तो याद रखना कि आपके जिले में एक ऐसी शक्ति आई है जो न किसी से डरती है और न ही कुछ लेने आई है। उन्होंने कहा कि मैं जब अपने पति संजय गांधी के साथ सुलतानपुर आई तो उन्होंने यहां पर एक चीनी मिल बनवाई, गोमती पुल बनवाया और अपने पति के झण्डे को लहराने के लिए राजनीति की राह पकड़ी और बेटे वरुण गांधी को भी यही सिखाया। जनता ने हमें सात बार चुनाव जिताया है। कहा कि सबको मालूम है कि हिन्दु हों या मुसलमान हों सब मेरे हैं चाहे मुझे वोट दें या न दें वे मेरे रहकर ही रहेंगे। कहा कि मैं जिले को आगे ले जाना चाहती हूं। मेनका गांधी ने कहा कि आप निषाद भाइयों से वरुण का बहुत गहरा रिश्ता था और उन्होंने आपके लिए कुछ करके दिखाया है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी सांसद को एक आदर्श गांव चुनना चाहिए तो उन्होंने अपने जिले के हजारों गांवों से वलीपुर की निषाद बस्ती



को चुना और उसमें विकास कार्य करवाया। निषादों के लिए बाधमण्डी बनवाया, हैंडपंप और सोलर लाइटें दीं। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने कहा कि मैं आपके साथ जिले में गरीबों के विकास के लिए आया हूं। वरुण गांधी ने निषादों को बाधमण्डी बनाकर दिया है। वहीं मेनका गांधी ने पयागीपुर में धर्मेन्द्र मिश्रा के आवास पहुंचकर एक जनसभा की और केन्द्र सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए समर्थन की अपील की। जनसभा में राजीव मिश्रा, गुंजन मिश्रा, आशीष मिश्रा, पुष्कर तिवारी, लाल बाबा, दिनकर तिवारी, भरत तिवारी, आंशू पाठक, लल्लन पाठक ने मेनका गांधी का स्वागत किया। वहीं कादीपुर में पूर्व मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र के आवास पर पहुंची और उनके पुत्र राकेश मिश्रा से भी मुलाकात की। उन्होंने गोसाईगंज में जनसभा करते हुए मोदी सरकार की योजनाओं की गुणगान किया। उन्होंने बताया कि किसानों के खाते में दो-दो हजार की दो किश्तें खाद-बीज के लिए पहुंच गई है। इसके साथ ही उन्होंने दर्जनों योजनाओं का बखान किया। इस मौके पर विधायक राजेश गौतम, विधायक सूर्यभान सिंह, विवेक सिंह, राजेश सिंह, लालमणि सिंह, प्रदीप सिंह राणा, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी समेत सैकडों समर्थक मौजूद रहे।

# कोर्ट ने किया केंद्र की आयुष्मान भारत योजना की तारीफ

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज


**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने कहा कि किसानों का जीवन लगातार नए प्रयोग व वजूद के लिए संघर्ष में बीत रहा है। उन्हें सूखा, बाढ़, व लागत मूल्यों में उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। उद्योगों की तरह अपने उत्पाद की कीमत तय करने का उन्हें अधिकार नहीं होता। बिचौलिए उनकी मेहनत की कमाई का फायदा उठाते हैं। सरकार किसानों को समानरूप से लाभ देने में नाकाम रही है। इसलिए उनकी जीविका के मूल अधिकार से जुड़ी जमीन के अधिग्रहण पर उन्हें उचित मुआवजा मिलना चाहिए। न्यायमूर्ति एस पी केशरवानी ने किसानों के लिए केंद्र सरकार की 'आयुष्मान भारत योजना' की तारीफ करते हुए कहा है कि सरकार ने नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं देकर संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कोर्ट ने कहा कि किसान अभी भी दशकों पहले की स्थिति में है। किसानी से आय से परिवार की न्यूनतम जरूरतें पूरा करने की स्थिति नहीं बन सकी है। कई मामले प्रकाश में आये हैं, जब देश के विभिन्न हिस्सों में किसान दिक्कतों से परेशान होकर अपने जीवन को ही समाप्त कर लिया है। कोर्ट ने नोएडा अथारिटी को किसानों को 355 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजे का भुगतान 3 माह में करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि किसानों की जमीन विकास के लिए जबरन ले ली जाती है और उन्हें उचित मुआवजे के लिए सालों मुकदमेबाजी में उलझना पड़ता है। 28 साल पहले अधिगृहीत जमीन के मुआवजे के लिए किसानों को 16 साल कोर्ट के चक्कर लगाने पड़े। कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण मुआवजे को लेकर दाखिल सैकड़ों किसानों की अपीलें मंजूर कर ली है और प्रत्येक को बतौर हर्जाना 5 हजार रूपये दिए जाने का निर्देश दिया है। 1989 से 1992 तक गौतमबुद्धनगर के चार गावों छलेरा, आगाहपुर, मोरना व कोशियारपुर की जमीनें अधिगृहीत की गयी। मुआवजे के भुगतान राशि में अंतर को लेकर मोरना गांव के रामपाल व सैकड़ों किसानों ने अपर जिला जज गाजियाबाद के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। कोर्ट ने आसपास के गांवों की भूमि दर के आधार पर मुआवजा देने का आदेश दिया है।

# ब्लैक होल का चित्र

## खगोलशास्त्र में उल्लेखनीय उपलब्धि

**चंद्रमा** पर मनुष्य के पहुंचने की पचासवीं वर्षगांठ के ठीक पहले वैज्ञानिकों ने ब्लैक होल का चित्र खींचने में सफलता की घोषणा की है। अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा प्रस्तुत सापेक्षिकता के सिद्धान्त से लेकर अब तक अनेक भौतिकी सिद्धान्तों में इस अवधारणा का अनुमान लगाया गया था। अब यह एक भौतिक वस्तु के रूप में हमारे सामने है, हालांकि ब्लैक होल की धुंधली तस्वीर सूर्य ग्रहण के समय दिखने वाले कोरोना जैसी है। अनेक गोलाकार छवियों व उससे जुड़े डेटा से वैज्ञानिकों को ब्लैक होल के रहस्यमय परिवेश के बारे में नई जानकारियां मिलेंगी। यहां गुरुत्वाकर्षण इतना अधिक होता है कि वह सभी ज्ञात यथार्थ को नष्ट कर देता है। इससे हमें ब्लैक होल से निकलने वाले भारी मात्रा में विकिरण की जानकारी भी मिलेगी जो लगभग प्रकाश की गति से चलता है तथा ब्रह्मांड में उसके कारण रंगीन चमक दिखती है। यह एक आश्चर्यजनक उपलब्धि है जिससे पता चलता है कि खगोलशास्त्रीय प्रेक्षण पिछले 400 वर्षों में कितना आगे आया है। पहले दूरदर्शी की खोज डच हैंस लिपरशे ने की थी, जबकि गलती से गैलीलियो को इसका अन्वेषक समझा जाता था। वर्तमान खोज से स्पष्ट है कि मानवजाति को ग्रहों की खोज जारी रखनी चाहिए तथा यह एक वैश्विक प्रयास बनना चाहिए।

पिछले कुछ दशकों में हमने खगोलशास्त्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और इसमें अंतरिक्ष में स्थापित प्रयोगशालाओं जैसे हबल, चंद्रा व केपलर की महत्वपूर्ण भूमिका है। उम्मीद की जाती है कि ब्लैक होल जैसी चीजों के चित्र युवा लोगों को विज्ञान व इंजीनियरिंग में गहरी खोजों के लिए प्रेरित



करेंगे। इससे उन लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी जो अनुभव करते हैं कि हमें धरती के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकल कर इस बार न केवल चंद्रमा, बल्कि उससे आगे भी जाना चाहिए। खासकर इस तथ्य पर गौर किया जाना चाहिए कि मानवजाति अपने आवास इस ग्रह को नष्ट करने पर आमादा है जिसने जीवन को जन्म दिया है, अतः हमें ऐसे तारों की खोज करनी चाहिए जो भविष्य में हमारा घर बन सकें। हालांकि, हमें अपने ग्रह की विनाश प्रक्रिया भी रोकनी होगी। ज्योतिष में विश्वास करने वाले अनेक लोगों का मानना है कि हमारा भाग्य सितारों द्वारा निर्धारित होता है, लेकिन वैज्ञानिक मिजाज वाले लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं। वास्तव में कुछ ज्योतिषी ब्लैक होल को कन्या राशि वाले सितारों का केन्द्र मानते हैं जो हमारे उच्चतर मस्तिष्क व ज्ञान से भावनाओं के आंकलन में सहायता करता है। हमारा भविष्य निश्चित रूप से तारों में है। हालांकि, चीन समेत अनेक देश दूसरे ग्रहों में बुद्धिमान प्राणियों की तलाश कर रहे हैं, पर अब वह दिन ज्यादा दूर नहीं है जब मानवजाति अंततः तारों पर बस्तियां बसाएगी। इसके लिए हमें ब्रह्मांड की खोज जारी रखते हुए कुछ मूलभूत सवालों के जवाब तलाशने होंगे। न केवल विज्ञान, बल्कि दर्शन में भी इनकी चर्चा है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त के अनुसार, 'वास्तव में कौन जानता है? इसकी घोषणा कौन करेगा? इसका जन्म कहां हुआ था? इसकी रचना किसने की है? देवता भी इस ब्रह्मांड की रचना के बाद ही आए। फिर कौन जानता है कि यह कहां से प्रकट हुआ?' हो सकता है कि हमें एक दिन उन सवालों के जवाब मिलें जो हमारे विवेकवान पूर्वजों ने पूछे थे। उस दिन के लिए मानवजाति को लगातार ब्रह्मांड की खोज जारी रखनी होगी। इसके साथ ही हमें उस ग्रह का ध्यान रखना होगा जहां हम रहते हैं। हमें धरती को भूलना नहीं चाहिए।

# विरोध के नाम पर अलगाववाद को बढ़ावा

## भारत को खण्डित करने का ख्वाब देखने वाले चुनाव मैदान में उतरने के लिए एकजुट नहीं हो सके लेकिन सभी का एक ही नारा है, मोदी हटाओ संविधान बचाओ। ऐसा कहने वाले स्वदेशी लोग पाकिस्तान को संबल प्रदान कर रहे हैं।



**राजनाथ सिंह 'सूर्य'**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**जम्मू** कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने धमकी दी है कि यदि संविधान की धारा 370 और 53-ए को समाप्त किया गया तो जम्मू कश्मीर सर्वदा के लिए भारत से अलग हो जायेगा। इस समय घाटी में पीपुल्स पार्टी, नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस की तिकड़ी भाजपा के विरुद्ध एक हो गये हैं। यद्यपि उमर अब्दुल्ला और उनके पिता फारूक अब्दुल्ला ने इस प्रकार की धमकी तो नहीं दी है तथापि उनकी अभिव्यक्ति और कांग्रेस की अभिव्यक्तियों में महबूबा के ही स्वर सुनाई पड़ते हैं। उन्होंने कश्मीर के लिए 1953 के पूर्व थी अर्थात जम्मू कश्मीर का विधान निशान, और प्रधान की भारत से अलग जो स्थिति थी वह बहाल होनी चाहिए। जम्मू काश्मीर के राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कहा था कि घाटी के राजनीतिक दल पाकिस्तान के इशारे पर बोलते हैं या चुप रहते हैं।

जम्मू-कश्मीर में सक्रिय राजनीतिक दल कांग्रेस के कतिपय नेताओं तथा पाकिस्तान के स्वर एक ही राग अलाप रहे हैं। वह है नरेन्द्र मोदी हराओ। सेना की शौर्य गाथा वे बजाए उसे अत्याचारी के रूप में बताने की होड़ लगी है। भारत को खण्डित करने का ख्वाब देखने वाले चुनाव मैदान में उतरने के लिए एकजुट नहीं हो सके लेकिन सभी का एक ही नारा है। मोदी हटाओ संविधान बचाओ। ऐसा कहने वाले स्वदेशी लोग पाकिस्तान को संबल प्रदान कर रहे हैं। कश्मीर के नेता दिल्ली में भी यही भाषा बोलते हैं जिससे ऐसा लगता है कि भारत माता के लिए उन्हें अगाध श्रद्धा है लेकिन श्रीनगर पहुंचते ही उनकी भाषा ऐसी हो जाती है जैसे भारत की सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर उनका गला घोंटा जा रहा है ऐसे लोगों से जब यह पूछा जाता है कि पांच लाख से अधिक कश्मीरी ब्राह्मणों को अपनी पुश्तैनी सम्पत्ति कब दिलाएंगे तब वह बगले झांकते हुए जम्हूरियत की लोकतांत्रिक व्यवस्था का हवाला देकर देश में सेक्युलर छवि के लिए कश्मीर का उदाहरण देते हैं और देशभर में फैले संविधान बचाओ का नारा लगाने वाले सब चुप्पी साध लेते हैं। दुनिया में शायद ही ऐसा कोई उदाहरण हो जबकि सदभावना की अभिव्यक्ति और दुर्भावनापूर्ण आचरण से इतने लोगों को घरबार से विहीन किया जैसा कश्मीरी पण्डितों के साथ हुआ है। और यह सब इसलिए हो रहा है ताकि मुसलमानों का वोट मिल सके। बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने जो प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख रही हैं सार्वजनिक रूप से मुसलमानों से अपील की है कि वह कांग्रेस को वोट देकर अपना अधिकार बर्बाद मत करें।

यह बात उन्होंने ऐसी जगह कही है जहां कांग्रेस ने उस व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है जिसने पिछले चुनाव के समय उस क्षेत्र में मोदी के आने पर उनके टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी थी। यद्यपि चुनाव में किसी एक पार्टी को वर्गीय या जातीय समर्थन पिछले चुनाव की तरह दावा नहीं किया जा सकताा और न ही मुस्लिम मतों की चाह सार्वजनिक करते हैं लेकिन पर्दे के पीछे मुसलमानों को भाजपा का भय दिखाया जाता है और यह दावा किया जा रहा है कि उनकी रक्षा वही कर सकते हैं। भाजपा के पांच वर्ष के शासनकाल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। ऐसा पहली बार हुआ है। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण नहीं मिल रहा है ऐसा भी पहली बार हो रहा है। खेती करने वाले किसानों की आय दुगनी हो सके या गरीबों के पक्ष में जिस प्रकार की योजनाओं को क्रियान्वित करने का प्रयास किया गया है ऐसा शायद ही कभी हुआ हो लेकिन एक झूठ को बार-बार कहने पर उसे सच मान लिया जाता है इस अवधारणा से ग्रसित राजनीतिक दल अभिव्यक्ति कर रहे हैं। देश की एक मुख्यमंत्री हैं ममता बनर्जी जो निर्ममता के साथ भाजपा विरोध में बंगाल को अलग अराजकता की स्थिति में पहुंचा रही हैं। विभिन्न राजनीतिक दल जो महागठबंधन के नाम पर कभी बंगलूरू में मंचीय प्रदर्शन किया था अब उसका नाम नहीं लेते हैं। चुनाव के पूर्व गठबंधन की सार्थकता को नकारने के बाद चुनाव के बाद गठबंधन का शोर मचा रहे हैं। चुनाव को जाति क्षेत्र तथा सम्प्रदाय की भावना को उभारकर चुनाव जीतने का यह प्रयास कितना सफल होगा यह तो 23 मई के बाद ही पता चलेगा। किन्तु इतना स्पष्ट है कि चुनाव समाप्त होने तक हिंसात्मक घटनाओं को अवसर न मिले। क्योंकि चुनाव आयोग के साथ-साथ भारत सरकार भी इसके लिए सतर्क है।

जम्मू काश्मीर सूबे का केरल तक साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के अभियान में असामाजिक तत्वों का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। इन सब के बीच एक बात स्पष्ट है कि सभी राजनीतिक दल यह अनुभव करने लगे हैं कि बहुमत समाज अर्थात हिन्दू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर हमें सफलता नहीं मिल सकती है। यही कारण है कि जो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकारते रहे हैं वही रामनामी ओढ़कर मतदाताओं को लुभाने का अभियान चला रहे हैं। मंदिर -मंदिर घूमने का प्रचार तेजी पर है और वे लोग जो यह कहते थे कि मुझे हिन्दू न कहो चाहे गधा कह लो। वे लोग सबसे बड़ा रामभक्त होने का प्रमाण पत्र लेकर घूम रहे हैं। जो लो पूजा पाठ को ढ़ोंग की संज्ञा देते थे वे आज राम का ही सहारा ले रहे हैं। पिछले आम निर्वाचन के समय कांग्रेस की ऐसी फजीहत हुई उसके कारणों का विश्लेषण करते हुए उन्हीं के एक नेता ए.के. एंथनी चेतावनी भरी समीक्षा की थी कि हिन्दू हित की अनदेखी करना कांग्रेस को भारी पड़ा है। जो सरकार में रहते हुए सबका साथ सबका विकास करने की अवधारणा को अल्पसंख्यकों की संतुष्टि की प्राथमिकता का उल्लेख भूलकर नहीं करते। यही नहीं तो पाकिस्तान के साथ वार्ता चलाने के लिए ही आवश्यक बता रहे हैं। केवल काश्मीर के ही नेता नहीं भारत पाक वार्ता की रट लगाये हुए हैं बल्कि अन्य राष्ट्रीय कहे जाने वाले दल कुछ प्रभावशाली क्षेत्रीय दलों के साथ पाकिस्तान के साथ नरमी बरतने का हवाला देकर इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए ऐसा करना आवश्यक है यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं। यह ठीक है कि खुलेआम मुसलमान किसको वोट दें इसकी अपील मायावती ने की है लेकिन मुस्लिम मतदाताओं का मत पाने के लिए गुपचुप रूप से उन्हें संगठित होकर उनके पक्ष को मत देना चाहिए का अभियान चला रहे हैं। पर्दे के पीछे उनसे वायदे किये जा रहे हैं। कांग्रेस द्वारा हिन्दू आतंक या भगवा आतंक अभिव्यक्ति इस समय बंद है। कारण यह है जैसा ए.के.एंथनी ने चेतावनी दी थी कि बहुजन की उपेक्षा पार्टी पर भारी पड़ सकती है। उन्हें हिन्दुत्व का समर्थन अपने मनमाने ढ़ंग से हिन्द और हिन्दुत्व की व्याख्या करने लगे हैं। इसलिए नरम हिन्दुत्व और कठोर हिन्दुत्व का अंतर बताकर अपने सेक्युलरिज्म के मुखौटे को उतारने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें शायद इस बात का संज्ञान नहीं है और अगर है भी तो अपने पूर्व के आचरण और अभिव्यक्ति को आचरण में नहीं ला पा रहे हैं शायद इसका कारण लम्बे समय से सेक्युलरिज्म के नाम पर हिन्दुत्व के प्रति उनमें जो उपेक्षा रही है वह अवधारणा गहरी पैठ कर गयी है।

इसमें संदेह नहीं है कि इससे मुस्लिम पृथकतावाद को बढ़ावा मिल रहा है और यही कारण है कि कुछ राज्यों में वहां के नेतृत्व द्वारा ऐसी अभिव्यक्ति की जा रही है जो पाकिस्तान को अपना पक्ष मजबूत करने में सहायक हो रहा है। जहां तक जम्मू कश्मीर का सवाल है वहां से निर्वासित कश्मीरी पंण्डितों का पुनर्वास कब तक हो सकेगा यह कहना कठिन है क्योंकि वहां की मानसिकता में अलगाववाद पृथकतावाद की भावना ठूंस-ठूंस कर भरी है। 1953 के पूर्व की स्थिति बहाल करने की मांग कर वहां के नेता 1947 में हुए विभाजन की याद दिलाते रहे हैं। मुसलमानों में जो भय फैलाया जा रहा है वह यह कि मोदी आए तो तुम्हारा उदवास हो जायेगा और इस भावना को हवा देने के लिए चुनावी स्वार्थ के लिए जो दल प्रयत्नशील हैं उनके आचरण की कोई समीक्षा नहीं हो रही है ऐसे में पृथकतावादियों को बल प्राप्त हो रहा है।

राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद जम्मू कश्मीर में स्थाई पैठ बना रहे विघटनवादियों को बल प्राप्त हो रहा है। साथ ही ऐसे संगठनों और नेताओं की हकीकत से देश को जो पृथकता की मानसिकता समझने का अवसर मिल रहा है तथापि इसका एक मात्र उत्तर हो सकता है। अगले पांच वर्ष के लिए नरेन्द्र मोदी को फिर से सरकार चलाने का अवसर प्राप्त हो और सुरक्षाबलों को ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जो छूट मिली है उसे अप्रभावित रखा जाय।

# किसानों को ढांचागत सुविधाओं की दरकार

**राजेश अग्रवाल**
(लेखक एक कीटनाशक कम्पनी के प्रबंध निदेशक हैं)



**वर्ष** दर वर्ष भारी मात्रा में फसल उत्पादन भारत की ताकत है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी आंकलनों में पूर्वानुमान लगाया गया है कि फलों, सब्जियों, मसालों एवं फूलों समेत कुल बागवानी उत्पादन इस वर्ष जुलाई तक पिछले वर्ष 311.71 मीट्रिक टन से बढ़कर 314.67 मीट्रिक टन होगा। फिर भी, हमें फसलें उगाने के लिए सब्सिडाइज्ड सिंचाई जल, बिजली, बीजों एवं उर्वरकों के बारे में काफी खबरें सुनने को मिलती हैं जिनसे प्रायः अतिरिक्त उत्पादन में मदद मिलती है। हमारे किसानों को फिर भी सब्सिडी की आवश्यकता क्यों है जब अन्य देशों में उनके समकक्ष, बंपर उत्पादन का केवल एक हिस्सा मात्र उत्पादित करने के बावजूद, अधिक आत्मनिर्भर हैं? हमें संदेह है कि क्या किसानों के लिए यह उत्पादन अच्छा साबित होगा अथवा उन्हें उचित दामों के लिए पुनः संघर्ष करना पड़ेगा। किसानों से बातचीत कर मुझे पता चला कि कुछ मुद्दे और फसलों के परियोजन संबंधी पहलू वर्ष दर वर्ष सामने आते हैं। उनसे चर्चा करके जानकारी मिलेगी कि कमी कहां पर है।

और अधिक व बेहतर भंडारग्रहों की आवश्यकता है। विचित्र ढंग से, मांग-आपूर्ति गत्यात्मकता जो बाजार पर शासन करती है यह सुनिश्चित करती है कि कटाई के दौरान कीमतें कम हो जाती हैं और अन्य में बढ़ जाती हैं। इसका अर्थ है कि किसान को प्रभावी ढंग से आमतौर पर होने वाली कटाई से ज्यादा होने के बावजूद उत्पादन का लाभ कम मिलता है। इस विडंबना को संबोधित करने के सर्वाधिक प्रभावी तरीकों में से एक है बेहतर स्थिति एवं बेहतर सुविधाओं वाले भंडारग्रहों से परिपूर्ण तंत्र का देश में विद्यमान होना। इससे किसानों को ऐसे समय में फसलों को बचाने में मदद मिलेगी जब मांग के बावजूद कटाई नहीं होती।

असलियत में, अन्य देशों में किसानों की आमदनी कम उपज होने के बावजूद ज्यादा होने का कारण यह है कि वे बेहतर संभव तरीके से अपनी फसलों की सीमित कटाई से धन अर्जित करने में सक्षम होते हैं। उन्हें बाजार तक मुनाफे के योग्य पहुंच मुहैया कराने के अलावा, ये भंडारण केंद्र फसलों को खाद्य प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाइयों



पहुंच मुहैया कराने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इन इकाइयों तक पहुंचने में सफल होना किसानों के पास वाणिज्यिक रूप से एक अधिक व्यावहार्य विकल्प तथा अतिरिक्त फसलोत्पादन का लाभ उठाने का बेहतर तरीका होगा। सड़कों एवं वाहनों तक पहुंच में सुधार आवश्यक है। सवाल उठता है कि हम इन भंडारण केंद्रों को कहां स्थापित करें? राजमार्ग, जो कृषिक उत्पादों को एक हिस्से से दूसरे तक पहुंचाने के लिए परिवहन के मुख्य मार्ग होते हैं, बेहतर स्थल साबित हो सकते हैं। अधिकतर किसान परिवहन के किसी अन्य साधन की तुलना में सड़क मार्गों को ज्यादा पसंद करते हैं। हालांकि, चंद लोग ही वातानुकूलित परिवहन का खर्च वहन कर सकते हैं जिससे उत्पाद की गर्मी, आद्रता अथवा ठंड से बचत होती है। परिणामस्वरूप, परिवहन के दौरान फसल का कुछ हिस्सा बर्बाद हो जाता है। राजमार्गों पर भंडारग्रहों को स्थापित किए जाने से सुनिश्चित हो सकता है कि किसान फसलों को बेचने के लिए बेहतर समय आने तक उन्हें बचाने में सक्षम हो सकें। हालांकि, इन तक पहुंच सड़कों की दशा एवं वाहनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। जबकि भारत के अंदरूनी दूरस्थ स्थानों में अधिकतर सड़कें गड्ढों व उनमें भरे गए मसालों के कारण विषम होती हैं, जिससे वाहन का सुविधा किसानों के लिए चुनौती बन जाती है। खराब आवागमन की सुविधाओं का मुद्दा मुख्य कारणों में से एक है कि कृषि उत्पादकों को बाजारों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। भारत का सड़क संजाल पर्याप्त से काफी कम है। भारत सांख्यिकीय वार्षिकी पुस्तक 2017 के अनुसार, 265,100 किमी की कुल राजमार्ग की लंबाई में से, 263,263 किलोमीटर पृष्ठ मार्ग है जबकि कुल 1,831,043 किमी एवं 2,437,255 किमी पंचायती राज एवं ग्रामीण सड़कों में से, केवल 986,075 किमी और 1,486,069 किमी पृष्ठ एवं कंक्रीट की हैं। ये सड़कें यह सुनिश्चित करने में अहम भूमिका अदा करती हैं कि देश के अंदरूनी दूरस्थ इलाकों में फसल उगाने वाले किसान अपने उत्पादों को बेच सकें, या तो बाजार तक भौतिक पहुंच के बल पर अथवा ई-नाम अर्थात इलेक्ट्रानिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट के द्वारा।

ई-नाम को बल प्रदान करने के लिए आवश्यक डिजिटल साक्षरता का अभाव है। ऐसे देश में जहां सामान्य साक्षरता काफी बड़ी जनसंख्या में है और इंटरनेट तक पहुंच ने स्मार्टफोन के प्रचलन को बढ़ावा दिया है, डिजिटल कवरेज किसानों के स्तर तक अभी नहीं संभव हो पाई है। ये लोग अभी भी पुरातन तौर तरीकों पर निर्भर होते हैं जो प्रायः अनोत्पादक होते हैं। परिणामस्वरूप, ई-नाम संबंधी सरकार के कदम का असर बहुत सीमित लाभ दे पाया है। मंडियों तक भौतिक रूप से पहुंचना कई किसानों का लक्ष्य होता है, खासकर सीमांत तथा लघु किसानों का। ई-नाम प्रणाली में केवल 600 मंडियां नामित हैं। प्रायोजकों को आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए तथा शामिल किसानों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए व आगत आपूर्तियों को बचाने के लिए उनके निष्पादन में सुधार लाने की तात्कालिक आवश्यकता है। किसानों को अब तक लाभ नहीं मिले हैं क्योंकि उनमें से बहुत से डिजिटल तकनीकी के ज्ञान से वंचित होते हैं।

ऐतिहासिक रूप से, बंपर उत्पादन होना सांख्यिकीय विश्लेषकों के लिए अच्छी खबर होती है, जो आंकड़ों का खेल खेल सकते हैं, यह दर्शाने के लिए कि उत्पादन में बढ़ोतरी ने किस तरह समग्र मूल्य सूचकांक तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को नीचे धकेला है और, इस तरह भयावह मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखा है। इस बीच, खुदरा ग्राहकों के पास ढेर सारे विकल्प होते हैं, यद्यपि हमें संदेह हो सकता है कि वे अंत में कितने उपयोगी साबित होते हैं। किसानों को लाभ सबसे अंत में मिलता है। अब इस स्थिति को बदलने का समय आ गया है।

## आप की बात

### कांग्रेस के पाखंडी वादे

**कांग्रेस** घोषणापत्र में वादा किया गया है कि वह भारतीय निर्वाचन आयोग जैसे संस्थानों की 'गरिमा, अधिकार व स्वायत्तता' बहाल करेगी। क्या अतीत में पार्टी के कामों पर गौर करते हुए इस पर विश्वास किया जा सकता है? अगर देश में संवैधानिक व लोकतांत्रिक संस्थाओं को किसी ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है, वह कांग्रेस है। कांग्रेस ने आपातकाल के दिनों में न्यायपालिका की शक्तियों को भी कम करने का प्रयास किया था। संविधान की ओवरहालिंग कर डाली थी। यह वही पार्टी है जिसने कुछ अखबारों को इंदिरा गांधी के शासनकाल में 'मैत्रीपूर्ण' तथा अन्य को 'तटस्थ' और 'शत्रुतापूर्ण' घोषित किया था तथा राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में प्रेस स्वतंत्रता पर लगाम लगाने के लिए क्रूर मानहानि कानून बनाया था। इसी पार्टी ने 25 जून, 1975 को नई दिल्ली में अखबार कार्यालयों की बिजली काट दी थी तथा 253 स्वतंत्र पत्रकारों को जेल भेज दिया था, अनेक विदेशी संवाददाताओं पर प्रतिबंध लगा दिया था, मीडिया पर सेंसरशिप लगाई थी। अब वह कौन सी बूटी खाकर लोकतांत्रिक बन गई है जिस पार्टी में भीतरी लोकतंत्र तो कभी रहा ही नहीं। लिहाजा, घोषणा पत्र एक पाखंड मात्र है।

– **नवीन शर्मा**, कानपुर

### पाकिस्तान पर है भारी दबाव

**पाकिस्तानी** सरकार आतंकियों का प्रयोग कर हमें सभी मोर्चों पर नुकसान पहुंचा रही थी। लेकिन अब आतंकियों का अस्तित्व उचित ठहराने में उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसने भले ही अपनी मर्जी से सरकारें बनाई और गिराई हों, पर अब उसे अपनी देश की जनता को संबोधित करना होगा। लेकिन अब पाकिस्तानी नागरिक ही तनाव घटाने की मांग कर रहे हैं तथा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान संवाद बहाली का पुराना राग गाने लगे हैं। अमेरिका की नजर उप-महाद्वीप पर है और उसने बार-बार पाकिस्तान को आतंकी शिविर नष्ट करने को कहा है। चीन ने भी पाकिस्तान से मनी लांड्रिंग मामले में फाइनेंसियल एक्शन टास्क फोर्स के मानकों के अनुसार काम करने, यानी आतंकी नेटवर्कों से निपटने की मांग की है। पाकिस्तान स्पष्ट रूप से दुनिया में अलग-थलग है और उसे समझना होगा कि उसकी अति-राष्ट्रवादी भावनायें कोई स्वीकार नहीं करेगा। उसे अब तनाव घटाने तथा अपने यहां जड़ें जमाए आतंकियों के खिलाफ स्पष्ट कार्रवाई करनी पड़ेगी। अमेरिकी प्राथमिकता सूची में धीरे-धीरे नीचे आ रहा है। उसे यह उम्मीद बिल्कुल नहीं थी कि भारत जैश के खिलाफ वैसी कार्रवाई करेगा।

– **अजय प्रताप सिंह**, लखनऊ

### विपक्ष की जवाबी रणनीति

**कांग्रेस** समेत अन्य विपक्षी दलों ने पुलवामा हमले के बाद सरकार का समर्थन किया, लेकिन कुछ ही दिनों में वे प्रधानमंत्री की आलोचना करने लगे। अब, भाजपा और विपक्ष एक-दूसरे पर चुनाव को देखते हुए पुलवामा मुद्दे के राजनीतीकरण का आरोप लगा रहे हैं। पिछले सप्ताह लगभग 21 विपक्षी दलों ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को संकुचित राजनीतिक दृष्टिकोण से अलग रखना चाहिए। विपक्ष ने भाजपा के सुरक्षा विमर्श को चुनौती देते हुए अपनी जवाबी रणनीति बनाई है। कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि विपक्ष के पास ज्यादा शक्तिशाली जवाबी हथियार हैं, जिनमें से अधिकांश स्वयं भाजपा ने उसे दिए हैं। पहला कदम हवाई हमले के बारे में संदेह पैदा करना है। कांग्रेस का विमर्श मोदी के दावों को तोड़ना तथा खुफिया विफलता उजागर करना है जिसे जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने स्वीकार किया था। अनेक लोगों ने मोदी के सुरक्षा संबंधी बयान पर सवाल उठाए हैं।

– **गौरव त्रिपाठी**, वाराणसी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**महामिलावटी** गैंग वास्तव में किसी और बात से डरता है। अफवाहें फैलाने के पीछे उसका भय है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भारतीय** इतिहास में अनेक लोगों को अपने अजेय होने का घमंड रहा है। जनता से बड़ा कोई नहीं है।

– **सोनिया गांधी**
संप्रग अध्यक्ष



**हर** घुसपैठिए को बाहर निकालने के लिए हम एनआरसी लाएंगे। ममता बनर्जी के उलट हम घुसपैठियों को वोटबैंक नहीं मानते हैं।

– **अमित शाह**
भाजपा अध्यक्ष

# भाजपा छत्तीसगढ़ में जीतेगी सभी 11 लोकसभा सीट : शाह

## ● भाजपा विधायक की हत्या के पीछे षड्यंत्र की बू आ रही है

एजेंसी। रायपुर

**भाजपा** अध्यक्ष अमित शाह ने दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में भाजपा विधायक भीमा मंडावी की मृत्यु के पीछे राजनीतिक षड्यंत्र की आशंका जताई है। साथ ही उन्होंने दावा किया है कि पार्टी राज्य की सभी 11 सीटें जीतेगी। भाजपा को पिछल साल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में 90 में से मात्र 15 सीटों पर सफलता मिली थी। शाह ने शुक्रवार राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने 2014 में 10 लोकसभा सीटें जीती थी और दावा किया कि इस बार पार्टी राज्य की सभी 11 सीटों पर विजई होकर उभरेगी।

भाजपा अध्यक्ष ने इस महीने की नौ तारीख को दंतेवाड़ा जिले में नक्सली हमले में मृत भाजपा विधायक भीमा मंडावी को श्रध्दांजलि दी और कहा कि यह सामान्य घटना नहीं बल्कि इसमें राजनीतिक षड्यंत्र की बू आ रही है।

उन्होंने कहा कि इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। मंडावी की पत्नी ने भी इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। भाजपा अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहा कि यदि इस मामले में कुछ छुपाना नहीं है, तब मंडावी पर हमले की जांच सीबीआई से करवाना चाहिए। इस मामले की निष्पक्ष जांच हो। राज्य के दंतेवाड़ा जिले के श्यामगिरी गांव के करीब नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर भाजपा विधायक मंडावी के वाहन को उड़ा दिया था। इस घटना में मंडावी और तीन पुलिस कर्मियों की मृत्यु हो गई। इस दौरान शाह ने बघेल को घेरा और कहा कि जिनको कुछ छुपाना नहीं होता है तब वह सीबीआई से नहीं डरता है। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे पहले सीबीआई को राज्य में जांच करने से रोका है। जबकि यहां 15 वर्ष तक रमन सिंह की सरकार ने कभी ऐसा नहीं किया था।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह लगातार देश का दौरा कर रहे हैं और देश की जनता मोदी मोदी के नारे लगा रही है। देश की जनता ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 55 महीने की सरकार में 55 वर्ष से अधिक का विकास का काम किया है। वहीं देश की जनता ने कांग्रेस की नेतृत्व वाली संप्रग सरकार को 10 साल काम करने का मौका दिया तब उन्होंने 12 लाख करोड़ रूपए का घोटाला कर दिया। अब दावा कर रहे हैं कि देश का विकास करेंगे। अमित शाह ने कहा कि देश में विकास के नारों से विकास नहीं होता है। जब गरीबों कि लिए दिल में दर्द होता है तब विकास होता है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में रमन सिंह की सरकार ने वनवासियों को चरण पादुका दी। गरीबों को सस्ता अनाज दिया और उनके लिए कई अन्य काम किए। उन्होंने कहा कि 10 साल में केंद्र में सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार रही। उस दौरान देश में आंतक की घटनाएं हो जाती थी, आंतकवादी जवानों का सर काट लेते थे, तब कोई जवाब नहीं दिया जाता था। लेकिन अब जब देश में पुलवामा में जवानों पर हमला हुआ तब वायु सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के अडडों को तबाह कर दिया।

इस घटना में देश में खुशियां छा गई लेकिन पाकिस्तान और कांग्रेस पार्टी के दफ्तर में मातम छा गया। वहीं राहुल गांधी के गुरू सैम पित्रोदा कहते है कि उनसे :आतंकवादियों से: बात करनी चाहिए। लेकिन आतंकवादियों की गोली का जवाब गोला से दिया जाएगा। ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। देश की सुरक्षा वोट बैंक से बड़ी नहीं हो सकती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उमर अब्दुल्ला ने कश्मीर में भी प्रधानमंत्री होने की बात कही है। यह कश्मीर को देश से अलग करना चाह रहे हैं और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुप हैं। राहुल गांधी जवाब दें कि वह उमर अब्दुल्ला के इस बयान से सहमत है या नहीं। उन्होंने कहा कि जब तब देश में भारतीय जनता पार्टी का एक भी कार्यकर्ता जीवित है कश्मीर को भारत से अलग नहीं होने दिया जाएगा। शाह ने इस चुनावी सभा में भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय को वोट देकर जीताने की अपील की जिससे देश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बन सके। राज्य के नक्सल प्रभावित राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने संतोष पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा है।



## पाटीदार नेताओं ने अमित शाह और रूपाणी से मुलाकात की

**अहमदाबाद ( एजेंसी )**। गुजरात में 23 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा चुनावों से पहले सी के पटेल की अगुवाई में पाटीदार समुदाय के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने गुरूवार को भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, उप-मुख्यमंत्री नितिन पटेल और अन्य सरकारी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। गांधीनगर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे शाह एक सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए शहर आए थे। वह शुक्रवार की सुबह शहर से रवाना हो गए। विश्व उमीय धाम से जुड़े सी के पटेल ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इस बैठक का मकसद समुदाय से जुड़े कुछ अनसुलझे मुद्दों की तरफ सरकार और पार्टी का ध्यान दिलाना था। बैठक के दौरान कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा की गई जिनमें पाटीदार आरक्षण आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेना, 2015 के आरक्षण आंदोलन में मारे गए पाटीदारों के परिजन को नौकरी देना और अनारक्षित वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उचित क्रियान्वयन शामिल था। पटेल ने पत्रकारों को बताया, इस बैठक का लोकसभा चुनावों से कोई लेना-देना नहीं था। किसी राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई। पाटीदार नेताओं ने अपने समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन दिया। बैठक के दौरान सरकार का रुख सकारात्मक दिखा। यह पूछे जाने पर कि क्या इस बैठक का मकसद पाटीदार आरक्षण आंदोलन के नेता और अब कांग्रेस में शामिल हो चुके हार्दिक पटेल से मुकाबले की रणनीति पर चर्चा करना था, इस पर पटेल ने दावा किया कि हार्दिक से जुड़े किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई।



कोझीकोड में शबरीमाला मंदिर में महिला श्रद्धालु पर हमले के आरोपी एनडीए प्रत्याशी केपी प्रकाश बाबू को कोर्ट से जमानत मिलने पर खुशी मनाते समर्थक

## मोदी की रैली से अलग रहे भाजपा उम्मीदवार सुजय के पिता और कांग्रेस नेता विखे पाटिल

एजेंसी। मुंबई

**कांग्रेस** नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल शुक्रवार को प्रदेश के अहमदनगर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली से दूर ही रहे। इस सीट पर पाटिल का बेटा सुजय भाजपा उम्मीदवार है। इस बात की अटकल जोरों पर थी कि महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विखे पाटिल बेटे की राह पर चलते हुए भाजपा में शामिल होंगे और अहमद नगर में आयोजित इस रैली में वह मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। विखे पाटिल इस संबंध में टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हो सके लेकिन उनके करीबी सहयोगियों ने इस बात को खारिज कर दिया कि कांग्रेस नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी महाराष्ट्र के इस शहर में रैली आयोजित करने में राधाकृष्ण विखे पाटिल की कोई भूमिका नहीं है और कहा कि सुजय विखे पाटिल निर्वाचन से संबंधित मुद्दों के समधान के लिए स्वयं सक्षम हैं। इस सीट पर 23 अप्रैल को मतदान होगा।

विपक्ष के नेता के विश्वस्त सहयोगी ने कहा, सुजय पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन राजनीति में वह नए नहीं हैं। पिछले सात आठ वर्षों से वह अपने पिता के निर्वाचन क्षेत्र शिरडी का प्रबंधन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा, अहमदनगर जिला परिषद में कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी बनाने में सुजय के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती है। उन्हें अपने लोकसभा चुनाव के प्रबंधन के लिए अपने पिता की आवश्यकता नहीं है। यह सही नहीं है कि मोदी की रैली आयोजित करने में विखे पाटिल की भूमिका है। सहयोगी ने कहा कि सुजय विखे पाटिल को अहमदनगर शहर की राजनीति से अलग रहे और स्थानीय कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष के साथ मतभेद होने के कारण उन्होंने नगर निगम चुनाव के समय पार्टी के लिए कोई काम नहीं किया। राधाकृष्ण विखे पाटिल पहले ही कह चुके हैं कि वह अहमदनगर में राकांपा उम्मीदवार के लिए कोई प्रचार नहीं करेंगे। राकांपा ने दावा किया कि विखे पाटिल अहमदनगर में भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं और कांग्रेस से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। महाराष्ट्र की 288 सदर्स्यय विधानसभा में कांग्रेस के 42 और राकांपा के 41 सदस्य हैं। विपक्ष के नेता के खिलाफ किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्वाई का मतलब है कि कांग्रेस विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खो देगी।

## क्विक न्यूज

### मोदी रविवार को कठुआ में जितेन्द्र सिंह के लिए करेंगे प्रचार

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के पक्ष में एक रैली को संबोधित करेंगे। जितेन्द्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट को बरकरार रखने के लिए मैदान में हैं जहां दूसरे चरण में 18 अप्रैल को मतदान होगा। सिंह का सीधा मुकाबला कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह से है जो कि जम्मू कश्मीर रियासत के अंतिम शासक महाराजा हरी सिंह के पोते और कांग्रेस नेता कर्ण सिंह के बेटे हैं। राज्य के भाजपा प्रमुख रविन्द्र रैना ने बताया, मोदी जी रविवार की सुबह कठुआ में एक विशाल जन रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि कठुआ, हरीनगर, बाणी, बिलावर, बसोहली और रामनगर से रैली में दो लाख लोगों के जुटने की उम्मीद है। पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए मोदी की राज्य की यह दूसरी यात्रा होगी।इससे पहले उन्होंने 28 मार्च को अखनूर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया था। जितेन्द्र सिंह और विक्रमादित्य के अलावा दस और उम्मीदवार इस सीट से चुनाव मैदान में है।इनमें डोगरा स्वाभिमान संगठन के संस्थापक और पूर्व भाजपा मंत्री लाल सिंह चौधरी भी शामिल हैं। इस सीट पर महबूबा मुफ्ती की पीडीपी ने कोई उम्मीदवार नही उतारा है।

### कार ने आटोरिक्शा को टक्कर मारी, तीन की मौत और 14 घायल

**यवतमाल।** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में वाडकी गांव के नजदीक शुक्रवार को विपरीत दिशा से आ रहे आटो रिक्शा को एक कार ने टक्कर मार दी जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। वाडकी पुलिस थाने के निरीक्षक प्रशांत गीते ने बताया, आटो रिक्शा सड़क पर गलत दिशा पर चल रहा था। वह हिंगनघाट की तरफ जा रहा था जब कार ने उसको टक्कर मारी। उन्होंने बताया कि मारेगांव तहसील के रिसोरा गांव के निवासी आटो चालक और दो महिलाओं ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि घटना में 14 अन्य घायलों को रालेगांव में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गीते ने कहा, दो बच्चों और एक महिला की हालत गंभीर बताई गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गर्भवती महिला की मौत के बाद सरकारी अस्पताल के डॉक्टर की पिटाई

**अगरतला।** अगरतला में एक सरकारी अस्पताल के एक प्रसव कक्ष में बृहस्पतिवार देर रात एक गर्भवती महिला के दम तोड़ देने के बाद उसके परिवार के सदस्यों ने एक डॉक्टर की कथित तौर पर पिटाई कर दी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा कि डॉक्टर पर हमला करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय एक गर्भवती महिला को देर रात करीब 1.20 बजे एक सरकारी अस्पताल इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसने करीब दो बजे दम तोड़ दिया। मरीज के परिवार वालों ने इसके बाद चिकित्सा लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टर पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर को गंभीर हालत में जी बी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर को अस्पताल के ट्रामा केयर सेन्टर ले जाया गया। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर किंशुक दत्ता ने बताया, घायल डॉक्टर की स्थिति में सुधार हो रहा है।



अमृतसर में वैशाखी त्योहार पर पाकिस्तान जाने वाले सिख तीर्थ यात्री

## उच्च न्यायालय ने दोषपूर्ण नामांकन को लेकर भाजपा विधायक का निर्वाचन किया रद्द

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने दोषपूर्ण नामांकन पत्र दायर करने के लिए द्वारका से भाजपा विधायक पबुभा माणेक का निर्वाचन शुक्रवार को रद्द कर दिया। माणेक के विरोधी और कांग्रेस उम्मीदवार मीरामन अहीर ने द्वारका निर्वाचन क्षेत्र से 2017 में भाजपा प्रत्याशी की जीत को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अहीर ने अपनी याचिका में कहा कि मानेक का निर्वाचन रद्द करना चाहिए क्योंकि उन्होंने दोषपूर्ण नामांकन पत्र भरा था। अहीर की दलीलों को मंजूर करते हुए न्यायमूर्ति परेश उपाध्याय ने दिसंबर 2017 में द्वारका सीट के लिए हुए चुनाव को शुक्रवार को रद्द कर दिया। हालांकि अहीर ने अपने आप को विजेता घोषित करने की मांग भी की लेकिन अदालत ने इस अनुरोध को नहीं माना और केवल निर्वाचन रद्द करने का आदेश दिया। अपनी याचिका में अहीर ने दावा किया कि मानेक अपने पर्चे में निर्वाचन क्षेत्र का नाम लिखना भूल गए। इस चूक के लिए उनका चुनाव रद्द करने की मांग की जाती है।

## पर्रिकर के सही उत्तराधिकारी हैं उनके बेटे उत्पल: सरदेसाई

एजेंसी। पणजी

**गोवा** के उपमुख्यमंत्री विजय सरदेसाई ने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पणजी विधानसभा क्षेत्र में अपने पिता की विरासत आगे बढाने के लिए सही व्यक्ति हैं। पणजी विधानसभा क्षेत्र का लंबे वक्त से मनोहर पर्रिकर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं और पिछले महीने उनके निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। अफवाह है कि उत्पल पर्रिकर पणजी से भाजपा उम्मीदवार हो सकते हैं। इस सीट पर 19 मई को उपचुनाव होना है। हालांकि उत्पल पर्रिकर ने अब तक चुनाव लड़ने के बारे में सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है।

सरदेसाई ने कहा कि यह निर्णय करना उत्पल पर्रिकर के ऊपर है कि वह उपचुनाव लड़ना चाहते हैं या नहीं। सरदेसाई की गोवा फारवर्ड पार्टी भाजपा नीत सत्तारूढ गठबंधन में सहयोगी है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह पणजी उपचुनाव के लिए उत्पल की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं, उन्होंने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, मेरी राय है कि पर्रिकर की विरासत जीवित रहनी चाहिए लेकिन सवाल यह है कि यह काम कौन करेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा, पहला सवाल कि उत्पल की रुचि है या नहीं – अगर उनकी रुचि है तो निश्चित रूप से वह अपने पिता की विरासत संभालने के लिए सही उत्तराधिकारी हैं।

## भाजपा ने 2014 के चुनावी वादों को सफलतापूर्वक लागू किया : सहस्रबुद्धे

एजेंसी। नई दिल्ली

**भाजपा** ने 2014 के चुनावी घोषणापत्र में किए गए अपने सभी वादों को सफलतापूर्वक लागू किया है। केवल उन्हीं वादों को लागू नहीं किया जा सका जिनमें संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता थी जिसके लिए पार्टी को राज्यसभा में बहुमत की जरूरत है। यह दावा शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे ने किया। पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर द्वारा समाज, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सत्तारूढ़ दल के रिपोर्ट कार्ड दिस इज हाउ बीजेपी वाक्स द टॉक को जारी करते हुए सहस्रबुद्धे ने कहा, हम सशक्तिकरण में विश्वास करते हैं न कि केवल हक में। अब काम पर ध्यान है। रिपोर्ट के मुताबिक मुद्रा योजना के तहत 17 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया है, जन धन योजना के तहत 35 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं और सौभाग्य योजना के तहत तीन करोड़ घरों में बिजली दी गई है। राज्यसभा के सदस्य ने कहा, भाजपा का एकमात्र लक्ष्य जो हासिल नहीं हो सका वह है अनुच्छेद 370 और इसमें संवैधानिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है जिसे राज्यसभा में बहुमत के बगैर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर चीज के लिए कानून वाली वामपंथी मानसिकता को बदलने की जरूरत है।

## न्यायालय का झारखंड के पूर्व मंत्री को 15 अप्रैल तक रांची की अदालत में समर्पण करने का निर्देश



एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने दंगा करने और हिंसा भड़काने से संबंधित मामलों में झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को 15 अप्रैल से पहले रांची की एक अदालत में आत्मसमर्पण करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता (साव) 15 अप्रैल, 2019 तक रांची में अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त-7 के समक्ष समर्पण करें। आदेश में सुधार के लिए इस आवेदन का तद्नुसार निस्तारण किया जाता है। इस मामले में योगेन्द्र साव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल का कहना था कि शीर्ष अदालत के चार अप्रैल के आदेश में यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कहां समर्पण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि न्यायालय उन्हें रांची में समर्पण करने का निर्देश देता है तो वह ऐसा ही करेंगे।

झारखंड सरकार की ओर से अधिवक्ता तपेश कुमार सिंह ने कहा कि साव रांची में अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त की अदालत में समर्पण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए सारा रिकॉर्ड रांची भेजा जा चुका है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश साव के उस आवेदन पर दिया जिसमे उन्होंने यह जानना चाहा था कि उन्हें किस जगह पर आत्मसमर्पण करना है। इससे पहले, चार अप्रैल को न्यायालय ने यह कहते हुए साव की जमानत रद्द कर दी थी कि उन्होंने जमानत की शर्तो का उल्लंघन किया है। पूर्व मंत्री ने शीर्ष अदालत के समक्ष अर्जी देकर मौजूदा लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के पक्ष में प्रचार की अनुमति मांगी थी।

न्यायालय ने साव और उनकी पत्नी निर्मला देवी के खिलाफ चल रहे 18 मामले को झारखंड के हजारीबाग जिले से रांची स्थानांतरित कर दिए थे। झारखंड में 2013 में बनी हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली संप्रग सरकार में साव मंत्री बने थे। वह दंगा करने और हिंसा भड़काने के एक दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी हैं। भाजपा नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने साव और उनकी पत्नी निर्मला देवी की जमानत रद्द करने के लिए शीर्ष अदालत में आवेदन किया था। राज्य सरकार का दावा था कि उन्होंने जमानत की शर्तो का उल्लंघन किया। साव और उनकी पत्नी निर्मला देवी को शीर्ष अदालत ने 15 दिसंबर, 2017 को जमानत दी थी और उन्हें जमानत की शर्त के तहत भोपाल में रहने का निर्देश दिया था। भोपाल के पुलिस अधीक्षक को सूचना देने के बाद ही दोनों को झारखंड की अदालत में मामले की सुनवाई के लिए ही पुलिस सुरक्षा में आने की अनुमति थी।

## लोकसभा चुनाव भाजपा, आरएसएस के साम्प्रदायिक एजेंडा को हराने का सर्वश्रेष्ठ मौका : मीर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) अध्यक्ष जी ए मीर ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में देश का धर्मनिरपेक्ष तानाबाना बड़े खतरे में है। उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव भाजपा और आरएसएस के साम्प्रदायिक एजेंडे को परास्त करने का सर्वश्रेष्ठ मौका है। मीर अनंतनाग लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। वह दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के खानाबल क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मीर ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार में भारत का धर्मनिरपेक्ष तानाबाना बड़े खतरे में है। वह चुनावी लाभ के लिए समुदायों को बांटने के अलावा बांटने वाली राजनीति में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, यद्यपि कांग्रेस और देश के लोग मिलकर भाजपा..आरएसएस के नापाक मंसूबों को हराएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि धर्मनिरपेक्ष तानेबाने को नुकसान नहीं हो। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए लोगों को बांटने के वास्ते किसी भी हद तक जाएगी।उन्होंने कहा, समय बदल गया है, लोग मोदी की अल्पसंख्यक विरोधी नीतियां समझ चुके हैं और वे इन चुनावों में उसके खिलाफ वोट करेंगे। ए चुनाव भाजपा आरएसएस के साम्प्रदायिक एजेंडा को परास्त करने का सर्वश्रेष्ठ मौका है।



भोपाल में मोती लाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित एक समारोह के दौरान साइलेंट ड्रिल का प्रदर्शन करती महिला सैनिक

# कांग्रेस-जदएस गठबंधन 20 प्रतिशत कमीशन सरकार : प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** गंगावती (कर्नाटक)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक में कांग्रेस-जदएस गठबंधन पर उसके कथित भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति को लेकर तीखा हमला बोला और उसे 20 प्रतिशत कमीशन सरकार करार दिया और कहा कि उसका एकमात्र मिशन कमीशन है। मोदी ने कर्नाटक में प्रचार अभियान तेज करते हुए इस बात पर जोर दिया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग सरकार की वापसी के लिए एक लहर है। यह लोकसभा चुनाव राष्ट्रवाद और परिवारवाद के बीच है। उन्होंने देवगौड़ा परिवार पर हमला बोलते हुए जदएस सुप्रीमो के पुत्र एवं मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी पर उनके उस कथित बयान को लेकर निशाना साधा कि जो व्यक्ति दो वक्त की रोटी नहीं जुगाड़ पाता है, वह सेना में शामिल हो जाता है। मोदी ने उनके इस बयान को सशस्त्र बलों का अपमान करार दिया। मोदी ने देवगौड़ा के दूसरे पुत्र एवं मंत्री एच डी रेवन्ना का नाम लिए बिना उन पर उनकी उस टिप्पणी के लिए निशाना साधा कि मोदी के सत्ता में वापस आने पर वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। प्रधानमंत्री कर्नाटक में एक के बाद एक रैलियों को संबोधित कर रहे हैं जहां भाजपा ने लोकसभा की 28 सीटों में से 22 जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भाजपा को उम्मीद है कि वह कर्नाटक में सत्ताधारी गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच कई लोकसभा क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर परस्पर विरोधभाव को भुना सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2019 का चुनाव राष्ट्रवाद ओर परिवारवाद के बीच है। उन्होंने कहा, यह चुनाव देश पहले या परिवार पहले के बीच है। मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस और जदएस परिवारवाद के चिह्न हैं। दोनों पार्टियों ने जनता से सम्पर्क खो दिया है और वे अपने परिवार से अधिक जुड़ी हुई हैं उनका एकमात्र मिशन कमीशन है। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस की सरकार थी, श्रीमान 10 प्रतिशत थे। क्या आपको श्रीमान 10 प्रतिशत याद हैं। अब वे साथ आ गए हैं और अब 10 प्रतिशत उनका और 10 प्रतिशत दूसरे का है, अब कर्नाटक में 20 प्रतिशत चल रहा है।

मोदी ने मई 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन सिद्धरमैया सरकार पर 10 प्रतिशत कमीशन सरकार के तौर पर हमला बोला था। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कल मीडिया में इस बारे में आई खबरें देखी थीं कि कुमारस्वामी ने कहा कि जिन लोगों को दो वक्त की रोटी नहीं मिलती वे सेना में शामिल हो जाते हैं। मोदी ने कहा, कुमारस्वामीजी यह किस तरह की सोच है? आप यह कहकर बच नहीं सकते कि आपके बयान को गलत समझा गया। आपने वह कहा है जो आपके दिल में है। उन्होंने कहा, क्या यह हमारे वीर जवानों और सशस्त्र बलों का अपमान नहीं है? क्या आप इस पर वोट मांगेंगे? जो देश की सेवा करते हैं और सभी विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए उसके लिए बलिदान करने को तैयार रहते हैं -उनके लिए ऐसे शब्द, ऐसी सोच। उन्होंने कहा, जो देश की सेवा का अपमान करते हैं, डूब मरो डूब मरो। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग सेना की तपस्या नहीं समझ सकते जो मुंह में चांदी का चम्मच लेकर जन्म लेते हैं। जो तीन पीढ़ियों तक सत्ता में रहते हैं वे गरीब और उनकी प्रतिष्ठा को नहीं समझ सकते। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस और जदएस की सोच है। (वे) देश की सुरक्षा को महत्व नहीं देते। उन्होंने कांग्रेस और जदएस पर राष्ट्रवादियों और देश की रक्षा करने वालों के खिलाफ होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाने वालों के साथ खड़े होने में शर्म नहीं आती।



गंगावती में शुक्रवार को एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा और अन्य वरिष्ठ नेता

## एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल के लोगों को निराश किया है: मोदी

**कोझीकोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में सत्ताधारी एलडीएफ और विपक्षी कांग्रेस पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की राजनीति में दशकों से अपने प्रभुत्व के बावजूद उन्होंने राज्य के लोगों को निराश किया है। यहां विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के लिए एक ऐसा विकल्प पेश करती है जो समावेशी, लोकतांत्रिक और करूणामई होगा। मोदी ने कहा, केरल की राजनीति में दशकों से कम्युनिस्ट एलडीएफ और सांप्रदायिक यूडीएफ का प्रभुत्व रहा है, लेकिन उन्होंने केरल के लोगों को बुरी तरह निराश किया है। उन्होंने कहा, भाजपा ऐसा विकल्प पेश करती है जो समावेशी, लोकतांत्रिक और करूणामई है। हम हर एक नागरिक की सेवा करेंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और एलडीएफ को चुनना उनके नेताओं को भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस देने जैसा है। दिन में महाराष्ट्र के अहमदनगर और उत्तरी कर्नाटक के गंगावती में रैलियों को संबोधित करने के बाद यहां आए मोदी ने कहा कि यूडीएफ और एलडीएफ के सिर्फ नाम अलग-अलग हैं, लेकिन उनके कृत्य एक जैसे हैं। मोदी ने कहा, केरल में लोगों की सेवा करने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं और उनकी हत्या की गई है। इस रैली में कासरगोड से लेकर पलक्कड़ लोकसभा सीटों तक के राजग उम्मीदवारों ने प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा किया। कोझीकोड बीच फ्रंट ने यह रैली आयोजित की थी। लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद केरल में यह पीएम मोदी की पहली चुनावी रैली थी। केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर तीसरे चरण में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। 23 अप्रैल से पहले मोदी एक बार फिर केरल आ सकते हैं।

# कांग्रेसी घोषणापत्र आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ाने वाला: योगी

**एजेंसी।** अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार के आरोप लगाया कि कांग्रेस का घोषणा पत्र आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाला है। सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाला है। कांग्रेस का हाथ, देशद्रोहियों के साथ। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस सरकार को छत्तीसगढ़ में आतंकवाद और नक्सलवाद के प्रति जितना गंभीर होना चाहिए था नहीं हुआ, हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के विधायक की हत्या इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यदि कानून व्यवस्था देखना है तो उत्तर प्रदेश आइए। जब सरकार मौन रहेगी तब अराजकता की स्थिति बनेगी। योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती तो ऐसा कुछ नहीं होता। छत्तीसगढ़ के मतदाताओं से अपील है वह भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि सरगुजा क्षेत्र त्रेतायुगीन स्मृतियों से जुड़ा हुआ है। यह लोकसभा सीट भगवान राम से जुड़ा हुआ है। भगवान राम अयोध्या से लेकर छत्तीसगढ़ तक स्मृतियों से जुड़े हैं। लेकिन आज भी कुछ लोग हैं जो राम के अस्तित्व को नकारते हैं। उन्होंने कहा कि राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने का काम कांग्रेस के लोग कर रहे हैं। राम सेतु तोड़ने और राम पर सवाल उठाने वाले लोग कांग्रेस के लोग हैं, इसलिए अब समय आ गया है जब राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले लोगों को बता दिया जाए। योगी ने कहा कि एक भारत और श्रेष्ठ भारत का सपना पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार काम कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोककल्याणकारी योजनाएं अब खत्म हो रही हैं।

पूर्ववर्ती रमन सिंह सरकार में चलाई जा रही योजनाओं से जनता को वंचित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में चल रही आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं को कांग्रेस की मा2398ीया राज खत्म करने पर तुली है। छत्तीसगढ़ में फिर से खनन माफिया, भू माफिया हावी हो गया है।

### मुलायम-अखिलेश की आय से अधिक संपत्ति का मामला

# कोर्ट ने सीबीआई से मांगा नया जवाब

**एजेंसी।** नई दिल्ली

## ब्यूरो ने प्रारंभिक जांच 2013 में बंद होने का दिया हवाला

**केन्द्रीय** जांच ब्यूरो ने उच्चतम न्यायालय को शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उनके पुत्र अखिलेश यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में प्रारंभिक जांच 2013 में बंद कर दी गई थी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जांच ब्यूरो के इस कथन का संज्ञान लेते हुए उसे कांग्रेस कार्यकर्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी की अर्जी पर इस मामले में चार सप्ताह के भीतर नया जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि उनके और उनके परिवार के खिलाफ 2005 में याचिका दायर की गई थी और सीबीआई तथा आय कर अधिकारियों को उनके खिलाफ कुछ भी अनुचित नहीं मिला। सपा सुप्रीमो ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी लोकसभा चुनाव के दौरान उनके परिवार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के एक पुराने मामले को उठाकर उनकी छवि खराब करना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 25 मार्च को मुलायम सिंह यादव को नोटिस जारी किया था। इसी के जवाब में सपा नेता ने यह हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने कहा कि चतुर्वेदी ने 2019 के चुनाव के दौरान राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए दुर्भावनापूर्ण मंशा से ही यह आवेदन दायर किया है। चतुर्वेदी ने इस आवेदन में जांच ब्यूरो को सपा नेता मुलायम सिंह और उनके दोनों बेटों अखिलेश और प्रतीक के खिलाफ आरोपों की जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# गरमाए चुनावी माहौल में राबड़ी ने लगाया चटपटे खुलासे का तड़का

**पीएनएस/एजेंसी।** पटना/नई दिल्ली

**● राजद व जनता दल यू के विलय का प्रस्ताव लेकर कई बार लालू से मिले थे प्रशांत किशोर, उन्हें नीतीश कुमार ने भेजा था**



**गरमाए** चुनावी माहौल में चटपटे खुलासे का तड़का देतीं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने जद (यू) नेता नीतीश कुमार के भरोसेमंद प्रशांत किशोर को झूठा करार दिया है। राबड़ी ने कहा है कि किशोर उनके पति (लालू प्रसाद यादव) के पास जद (यू) और राजद के विलय का प्रस्ताव लेकर आए थे और इस बात पर जोर दिया था कि विलय के बाद गठित नई पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर देना चाहिए। चुनावी रणनीतिकार कहलाने वाले किशोर पर भड़कती राजद उपाध्यक्ष राबड़ी ने कहा कि इस प्रस्ताव के साथ लालू प्रसाद के साथ से इनकार का मतलब है कि वे सफेद झूठ बोल रहे हैं। राबड़ी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर का प्रस्ताव सुनकर उन्हें गुस्सा आ गया क्योंकि लालू से विश्वासघात के बाद नीतीश कुमार पर से उनका भरोसा हट गया है।

## नक्सलियों के दरभा डिविजन कमेटी ने ली विधायक की हत्या की जिम्मेदारी

**दंतेवाड़ा( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की दरभा डिविजन कमेटी ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक भीमा मंडावी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के दरभा डिविजन कमेटी के सचिव साईनाथ के नाम से गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में माओवादियों ने दावा किया है कि सुरक्षा के बीच में पिपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी ने जनता की मदद से इस हमले को अंजाम दिया था। इस हमले में भीमा मंडावी और चार अन्य पुलिस कर्मियों की मृत्यु हुई है। माओवादियों ने इस घटना के बाद चार बंदूक भी लूटने का दावा किया है। इस विज्ञप्ति के साथ उन्होंने कारतूस और हथियार की तस्वीर भी जारी किया है। विज्ञप्ति में उन्होंने लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आते ही, अंधराष्ट्रवाद को बढ़ावा देते हुए जातिगत भेदभाव को उकसा रही है तथा आरएसएस के एजेण्डे हिन्दू राष्ट्र स्थापना के लक्ष्य की ओर आक्रामक रूप से काम कर रही है। दरभा डिविजन कमेटी पर क्षेत्र में कई नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। इनमें 25 मई वर्ष 2013 में जीरम में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला भी शामिल है। बीते मंगलवार (नौ अप्रैल) को भीमा मंडावी के काफिले पर नक्सली हमले के बाद पुलिस अधिकारियों ने बताया था कि घटना के बाद से तीन हथियार गायब हैं। इधर पुलिस ने कहा है कि इस विज्ञप्ति की सत्यता की जांच की जाएगी।



बेगूसराय लोस सीट से सीपीआई उम्मीदवार और जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार, चुनाव अभियान के दौरान मतदाताओं से आशीर्वाद लेते हुए

# पेज एक का शेष

### सेना के...

कहा गया कि इसके अलावा राजनीतिक मंच पर मीडिया की तस्वीरों और चुनाव अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं को सेना की वर्दी पहने और जवानों की तस्वीरों, खासतौर पर विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान की तस्वीरों का प्रदर्शन किया जा रहा है। 27 फरवरी को हवाई झड़प में वर्तमान को पाकिस्तान ने पकड़ लिया था और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया था। अपनी रैलियों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तथा कई भाजपा नेताओं ने भारतीय वायुसेना के बालाकोट हमले तथा देश की रक्षा में लगी सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के बारे में भी उल्लेख किया गया। चुनाव आयोग ने पहले ही प्रधानमंत्री के इस बयान को संज्ञान में ले लिया है, जिसमें उन्होंने पहली बार मतदान करने वालों को अपना वोट उन लोगों को समर्पित करने आह्वान किया था जिन्होंने बालाकोट में हवाई हमला किया था। पत्र में कहा गया है कि नि:संदेह चुनाव आयोग द्वारा जारी एक अधिसूचना में यूपी के मुख्यमंत्री समेत इस तरह का बयान देने वाले जिम्मेदार लोगों से जवाब मांगा गया है लेकिन हमें खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि जमीनी स्तर पर इस तरह की बयानबाजी या आदतों में कोई ठोस बदलाव नहीं आया है। पूर्व सेना प्रमुख दीपक कपूर तथा जनरल शंकर राय चौधरी समेत कई पूर्व सैन्य कर्मियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने पत्र लिखने की पुष्टि की। सूरी और रोड्रिग्ज द्वारा पत्र पर हस्ताक्षर न करने को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि दो वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने सहमति नहीं दी। यह चिंताजनक है कि फर्जी पत्रों पर निहित स्वार्थी समूहों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस सवाल पर कि जिन पूर्व सैनिकों ने कहा कि उन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, रक्षा मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। उन पूर्व प्रमुखों जिन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर करने की बात कही है उसमें एडमिरल एल रामदास, एडमिरल अरुण प्रकाश, एडमिरल (सेवानिवृत्त) विष्णु भागवत और एडमिरल सुरीश मेहता शामिल हैं।

### कांग्रेस ने...

इरोज नाउ नामक प्लेटफॉर्म पर चल रहे प्रधानमंत्री से जुड़ी वेब सीरीज के बारे में सिंघवी ने कहा, हमने कहा है कि इसमें सिर्फ नरेंद्र मोदी को हीरो की तरह दिखाया गया है। हमने मांग की है कि इसे प्रतिबंधित किया जाए। स्मृति ईरानी के चुनावी हलफनामे का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा, समस्या यह नहीं है कि कोई कितना पढ़ा है, लेकिन जब (कोई) इस देश की प्रजातांत्रिक प्रणाली को धोखा देकर, झूठ बोलकर जनता की आंख में धूल झोंकने की कोशिश करती हैं तो दिक्कत है। उन्होंने दावा किया, मंत्री ने अलग अलग चुनावी हलफनामे में अलग अलग जानकारी दी है। एक मंत्री भी कभी ग्रेजुएट थी। न देश के प्रधानमंत्री की डिग्री का पता और न ही उनकी इस मंत्री की डिग्री का पता नहीं है। सुरजेवाला ने कहा, हमने कहा है कि यह कदाचार है। उनका नामांकन खारिज करना चाहिए।

### चुनावी बांड...

निर्देश वित्त मंत्रालय को दिया और कहा कि वह गैर सरकारी संगठन की याचिका का अंतिम निबटारा करने की तारीख बाद में तय करेगा। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स ने इस योजना की वैधानिकता को चुनौती देते हुए चुनावी बांड योजना पर रोक लगाने या फिर दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। सरकार ने दो जनवरी, 2018 को चुनावी बांड योजना अधिसूचित की थी। इस योजना के अनुसार कोई भी व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है या जिसका भारत में कोई प्रतिष्ठान है, चुनावी बांड खरीद सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है। जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 29ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल और जिन्हें पिछली लोकसभा या विधानसभा चुनाव में एक प्रतिशत से कम मत नहीं मिले हैं,ये चुनावी बांड प्राप्त करने के पात्र होंगे। अधिसूचना के अनुसार इन चुनावी बांड को पात्रता रखने वाले राजनीतिक दल अधिकृत बैंक में खाते के माध्यम से ही भुना सकेंगे। उधर, कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा राजनीतिक फंडिंग और कामकाज में पारदर्शिता बनाए रखने पर बल देती है। कांग्रेस की प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस फैसले से भगवा पार्टी और उसके 'सूट-बूट वाले दोस्तों' का 'गठजोड़' सामने आ जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भाजपा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने जैसे वादों की बदौलत सत्ता में आई, लेकिन उसने इसके लिए कुछ नहीं किया। वहीं भाजपा ने कहा कि चुनावी बांड पर वह सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले का इंतजार कर रही है। पार्टी ने कहा कि केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पहले ही अपना पक्ष रख दिया है। भाजपा के प्रवक्ता और सुप्रीम कोर्ट में वकील नलिन कोहली ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का जो भी आदेश होगा, उसका पालन होगा और हमेशा पालन किया गया है। जहां तक सरकार द्वारा उठाए गए मुद्दों का सवाल है तो उसे कोर्ट केविचारार्थ उसके सामने रख दिया गया है और हम अंतिम फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

### चुनाव ड्यूटी ...

भुगतान शुरुआत में राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रशासन करना होगा और बाद में वे केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास इस धनराशि को लौटाने का दावा कर सकेंगे। आयोग ने अपने आदेश की प्रतियां सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य सचिवों के अलावा सीआरपीएफ महानिदेशक, बीएसएफ, सीआईएसएफ, सशस्त्र सीमा बल, आरपीएफ, आईटीबीपी और केंद्रीय गृह व कानून मंत्रालयों को भी भेजी गई हैं। केंद्रीय अद्‌र्धसैनिक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि मानदेय देने के फैसले से उन सब लोगों का हौसला बढ़ेगा जो कि चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

### अयोध्या में ...

करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पंडित अमरनाथ मिश्रा को इस मुद्दे पर कुरेदना बंद करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता मिश्रा ने उच्च न्यायालय के समक्ष दावा किया था कि अधिकारी प्राचीन मंदिरों में धार्मिक गतिविधियां शुरू किए जाने के प्रति आंखें मूंदे हुए हैं। ये मंदिर अयोध्या में कब्जे में लिए गए, लेकिन अविवादित भूमि पर हैं।

### राफेल मामले ...

चिट दी है। राहुल गांधी ने अमेठी सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से कहा था, अब उच्चतम न्यायालय ने भी स्पष्ट कर दिया है कि चौकीदार जी ने चोरी की है। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष अदालत ने स्वीकार किया है कि राफेल में कुछ भ्रष्टाचार है।

शीर्ष अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा था कि वह याचिकाकर्ताओं द्वारा उल्लिखित नए दस्तावेजों के आधार पर राफेल सौदे के मामले में सुनाए गए फैसले पर पुनर्विचार के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। न्यायालय ने इन दस्तावेजों पर विशेषाधिकार का दावा करने के आधार पर सरकार की प्रारंभिक आपत्तियों को खारिज कर दिया था। गांधी ने कहा था, मैं खुश हूं और मैं महीनों से यह कह रहा हूं कि हिन्दुस्तान के प्रधानपमंत्री ने एयरफोर्स का पैसा अनिल अंबानी को दे दिया है और सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट इसकी जांच करने जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था, मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहता हूं। यह बहुत ही खुशी का दिन है। सुप्रीम कोर्ट ने न्याय के बारे में बात की है। न्याय की जीत हुई है।

## क्विक न्यूज

### पूर्व टीएमसी सांसद को बिष्णुपुर क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आपराधिक मामले का सामना कर रहे पूर्व टीएमसी सांसद सौमित्र खान को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के वास्ते पश्चिम बंगाल में विष्णुपुर निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। खान अब भाजपा के उम्मीदवार है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने खान से बांकुड़ा जिले मे उनके प्रवेश पर रोक वाले आदेश पर सुधार के लिए उन्हे कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करने के लिए कहा। खान का निर्वाचन क्षेत्र इस जिले के अंतर्गत आता है। खान छात्रों को नौकरियां दिलाने का वादा कर उनसे रुपए लेने के मामलो में आरोपी है। उच्च न्यायालय ने मार्च मे खान पर रोक की अवधि छह सप्ताह के लिए बढ़ा दी थी। खान अब भाजपा के टिकट पर बिष्णुपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे है।

### गोवा सरकार को निर्देश, बालू खनन से हुए नुकसान का आकलन किया जाए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गोवा सरकार को बालू खनन क्रियाकलापों से हुए नुकसान का आकलन करने और प्रदूषण करने वालो से मुआवजा वसूलने का निर्देश दिया। एनजीटी प्रमुख न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि लौह अयस्क तथा अन्य खनिजो से समृद्ध क्षेत्रों मे अंधाधुंध खनन वन्य क्षेत्र के लिए खतरा है और यह गोवा के विभिन्न स्थानो मे स्थानीय लोगो के लिए स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें पैदा कर रहा है। अधिकरण ने कहा, एक चौथाई से अधिक प्रदेश खनन क्रियाकलापो से प्रभावित हुआ है और वैध खनन के साथ अवैध खनन भी गोवा में रुका है। स्थिति खराब होने वाली है क्योकि खनन कंपनियां इस राज्य के पारस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्रो से खनन वाले लौह अयस्क की मात्रा बढाने की तैयारी मे है। पीठ ने कहा कि एक आर्थिक सर्वेक्षण मे कहा गया कि ढाई लाख हेक्टेयर से अधिक सरकारी जमीन पर गैरकानूनी खनन गतिविधियां चल रही है। पीठ ने कहा, पर्यावरण को हुए नुकसान की बहाली के लिए जरूरत राशि का आकलन करना जरूरी है। यह प्रदूषक भुगतान करता है सिद्धांत के तहत व्यवस्था है जो राष्ट्रीय हरित अधिकरण कानून 2010 की धारा 20 तथा संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुरूप है।

### फारूक, उमर और महबूबा के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने की याचिका पर सुनवाई से गुरेज

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियो - फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के लोकसभा चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरेज करते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी शिकायत के साथ उपयुक्त मंच के पास जाएं। इन नेताओ पर राजद्रोह वाले बयान देने के आरोप है। अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका के साथ उपयुक्त मंच के पास जाने के लिए कहा, जिसके बाद याचिका वापस ले ली गई। न्यायमूर्ति एस रविंद्र भट और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने कहा, याचिका वापस ली गई मानते हुए खारिज की जाती है। गौरतलब है कि एक वकील ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि तीनो नेताओ द्वारा दिए गए राजद्रोह वाले और साम्प्रदायिक बयान संविधान के खिलाफ है। अदालत या चुनाव आयोग को उनके लोकसभा मे प्रवेश को निषिद्ध करना चाहिए या शर्तें लगानी चाहिए। ए तीनो नेता जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री है। याचिका में चुनाव आयोग, भारत संघ, दिल्ली पुलिस, नेशनल कांफ्रेंस (नेका) प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, उनके बेटे उमर अब्दुल्ला, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को पक्षकार बनाया गया था।

### अदालत ने सीबीआई से देशों को एलआर भेजने की जरूरत के बारे में पूछा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को एजेंसी के पूर्व विशेष निदेशक राकेश अस्थाना से जुड़े रिश्वत मामले की जांच के संबंध मे घटनाओ का विवरण और विभिन्न देशों को जांच में सहयोग के पत्र (लैटर रोगेटरी, एलआर) भेजने की जरूरत बताने का निर्देश दिया। अदालत ने अब तक ए पत्र नही भेजने पर सीबीआई से सवाल किए जबकि उसने जनवरी मे आदेश पारित करके प्राथमिकी निरस्त करने का अस्थाना और दो अन्य का अनुरोध ठुकरा दिया। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने कहा कि अतिरिक्त सालीसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी द्वारा सौपे जाने वाले दस्तावेज में यह भी बताया जाए कि जांच अधिकारियो की जानकारी मे एलआर जारी करने की जरूरत कब आई और कौन से सीबीआई अधिकारी बीते दो तीन महीनों मे इससे जुड़े रहे।

# पश्चिम बंगाल में कुछ बहुत गंभीर चल रहा है

## न्यायालय ने कस्टम अधिकारियों के मामले में मांगा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को कहा कि ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में कुछ बहुत ही गंभीर चल रहा है और इसके साथ ही वह कोलकाता हवाई अड्डे पर तृणमूल नेता की पत्नी के सामान की जांच करने वाले सीमा शुल्क अधिकारियों के कथित उत्पीड़न के मामले की सुनवाई के लिए तैयार हो गया।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने इस टिप्पणी के साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार को इस मामले में चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, किसी ने हमारा ध्यान कुछ बहुत ही गंभीर चीजों की ओर आकर्षित किया है। हमें अभी यह नहीं मालूम कि किसका दावा सही है परंतु हम इस मामले की तह तक पहुंचना चाहते हैं।

सीमा शुल्क विभाग की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि यह मामला 15-16 मार्च की रात की घटना से संबंधित है जब सीमा शुल्क अधिकारियों को अपना काम करने से रोकने के लिए बाधा डाली गई।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों के काम में उस समय बाधा डाली गई जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रूजिरा नरूला बनर्जी सहित दो महिलाओं को जांच के लिए हवाई अड्डे पर रोका गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने नोटिस जारी किए जाने पर आपत्ति की और कहा कि याचिका विचार योग्य नहीं है क्योंकि याचिकाकर्ता राजकुमार बर्थवाल केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य हैं और वह याचिका दायर करने में सक्षम नहीं है।

इस पर पीठ ने टिप्पणी की कि उसे याचिकाकर्ता के सक्षम होने के बारे में नहीं मालूम परंतु हम पश्चिम बंगाल में जो कुछ भी चल रहा है उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। यदि जरूरी हुआ हो हम स्वत: ही घटनाओं का संज्ञान लेकर इसकी तह तक जाएंगे।

गौरतलब है कि केंद्र ने 29 मार्च को शीर्ष अदालत को बताया कि कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों को एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने धमकाया और उत्पीड़न किया क्योंकि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद की पत्नी के सामान की जांच की थी, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रिश्तेदार हैं।

केन्द्र ने यह भी आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में संस्थागत अव्यवस्था और पूरी तरह से अराजकता की स्थिति है। सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से कहा था कि 15-16 मार्च की रात करीब एक बजकर दस मिनट पर दो महिलाएं अंतरराष्ट्रीय उड़ान से आईं थीं और सीमा शुल्क अधिकारियों ने उनके सामान की जांच की थी।

उन्होंने कहा था, उन्हें उनके सामान की जांच करने की अनुमति देने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने इसका प्रतिवाद किया। उन्हें अपने पासपोर्ट दिखाने के लिए कहा गया तो उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों को अपशब्द कहे।

मेहता ने कहा कि हवाई अड्डे से महिलाओं के जाने के तुरंत बाद ही पुलिसकर्मियों का एक बड़ा दल परिसर में आया और उसने इन महिलाओं के सामान की जांच करने के कारण सीमा शुल्क अधिकारियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। मेहता ने कहा कि सहायक सीमा शुल्क आयुक्त ने हवाई अड्डे थाने के प्रभारी निरीक्षक को 22 मार्च को एक पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा उनके काम में हस्तक्षेप करने, बाधा डालने और धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया।

सीमा शुल्क आयुक्त ने इस पूरी घटना का विवरण दिया और कहा कि पत्र के अनुसार इन दोनों महिलाओं में से एक महिला, जिसके सामान की जांच की गई थी, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के भतीजे की पत्नी थी। आयुक्त ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी अलग अलग समूहों में हवाई अड्डा परिसर में दाखिल हुए और उन्होंने सीमा शुल्क अधिकारियों को गिरफ्तार करने की धौंस देते हुए उनका उत्पीड़न किया।

आयुक्त ने कहा है कि पश्चिम बंगाल पुलिस चाहती थी कि सीमा शुल्क अधिकारी उस मानक प्रक्रिया का पालन करें जिसमे वीआईपी की जांच नहीं होती है और सीमा शुल्क के किसी हस्तक्षेप के बगैर ही वीआईपी को सुरक्षित जाने दिया जाता है। हवाई अड्डे पर आने वाले पुलिसकर्मियों ने दावा किया था कि जिन दो महिलाओं की जांच की गई थी उनमें से एक महिला ने उनके द्वारा कथित रूप से उत्पीड़न और धमकी दिए जाने तथा धन ऐंठने के बारे में शिकायत की है।

## कांग्रेस नेता सुख राम के बेटे ने हिमाचल की भाजपा सरकार छोड़ी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बिजली मंत्री अनिल शर्मा ने शुक्रवार को प्रदेश की भाजपा सरकार से त्यागपत्र दे दिया। इससे कुछ ही दिन पहले कांग्रेस ने उनके बेटे आश्रय शर्मा को मंडी से उम्मीदवार घोषित किया था। अनिल शर्मा पर उनकी अपनी पार्टी का दवाब था क्योंकि उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुख राम ने आश्रय शर्मा के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। अनिल शर्मा ने उनके बेटे के खिलाफ मंडी से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने से मना कर दिया था और इस मुद्दे पर मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जाहिर की थी। उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है लेकिन वह भाजपा में बने हुए हैं। शर्मा मंडी लोकसभा क्षेत्र के मंडी से विधायक हैं और पार्टी चाहती थी कि वह लोकसभा प्रत्याशी राम स्वरूप शर्मा के पक्ष में प्रचार करें। शर्मा ने कहा था कि वह अपने आपको मंडी से दूर रखेंगे और न तो वह बेटे के पक्ष में और न ही भाजपा के पक्ष में प्रचार करेंगे।



बीकानेर में दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीन का ट्रायल कर परीक्षण कर दिखाते हुए

## पुराने घोषणा पत्र का जिक्र नहीं कर रहे मोदी: गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार की पिछले पांच साल की उपलब्धियां जीरो हैं इसलिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने घोषणा पत्र में पुरानी घोषणाओं का जिक्र तक नहीं किया है। गहलोत ने श्रीगंगानगर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो पहले वाले घोषणा पत्र का जिक्र नहीं कर रहे हैं। इनके नए मेनिफेस्टो में भी उनका जिक्र नहीं है। इन्होंने पांच साल इसी तरह बिताए हैं .. असत्य बोलकर, जुमलेबाजी कर। पार्टी प्रत्याशी भरतराम मेघवाल के समर्थन में सभा को संबोधित करने आए गहलोत ने कहा कि मोदी सरकार के पांच साल की कोई उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा, पांच साल की उपलब्धियां सिफर हैं .. वह खुद दावा नहीं कर सकते कि मैंने जो वादे किए थे उनके अनुसार मैंने यह उपलब्धि हासिल की है। इसलिए वह जानबूझकर उनका जिक्र ही नहीं कर रहे हैं। भाजपा पर लोगों को भड़काकर धार्मिक आधार पर चुनाव जीतने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए गहलोत ने कहा, वे जानबूझकर लोगों को भड़काते हैं और धार्मिक आधार पर धुव्रीकरण करके चुनाव जीतना चाहते हैं... यह इनकी फितरत है और यही करते आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता मुद्दा आधारित राजनीति करने के बजाय चुनाव में राष्ट्रवाद और धार्मिक बातों पर उतर आए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस की न्यूनतम आय योजना (न्याय) बाजी पलटने वाली साबित होगी। उन्होंने कहा, अब जो हमारा मेनिफेस्टो आया है उसमें न्याय योजना आई है यह पूरा गेम चेंज करेगी देश का, जैसे नरेगा ने किया था। गहलोत ने रामलीला मैदान में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में सभा को भी संबोधित किया।

## आधार पर अध्यादेश को चुनौती, दिल्ली हाइकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च न्यायालय** ने हालिया आधार अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र का जवाब मांगा। इस अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि इसे (अध्यादेश को) निजी क्षेत्र द्वारा आधार के उपयोग के बारे में उच्चतम न्यायालय के फैसले को पलटने के लिए लाया गया था। मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन और न्यायमूर्ति ए जे भंभानी की पीठ ने कानून मंत्रालय को सुनवाई की अगली तारीख नौ जुलाई तक अपना रूख बताने को कहा है। यह विषय उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया क्योंकि शीर्ष न्यायालय ने पांच अप्रैल को याचिकाकर्ताओं, दोनों वकीलों, को पहले उच्च न्यायालय जाने को कहा था।

गौरतलब है कि शीर्ष न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल सितंबर में यह घोषणा की थी कि केंद्र की महत्वाकांक्षी आधार योजना संवैधानिक रूप से वैध है लेकिन इसे बैंक खातों, मोबाइल फोन और स्कूल में दाखिलों से जोड़े जाने सहित इसके कुछ प्रावधानों को उसने रद्द कर दिया था। याचिकाकर्ता रीपक कंसल और यदुनंदन बंसल के मुताबिक अध्यादेश निजी क्षेत्र को भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम में संशोधन कर पिछले दरवाजे से आधार ढांचे के इस्तेमाल की इजाजत देता है।

उन्होंने दावा किया है कि यह टेलीकॉम कंपनियों को पहचान सत्यापन के लिए आधार आईडी का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। उन्होंने यह दलील भी दी है कि ऐसी कोई असाधारण स्थिति नहीं है जिसके लिए ऐसे किसी अध्यादेश को जारी करने की जरूरत थी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पिछले महीने आधार अधिनियम को अपनी मंजूरी दी थी, जिसने मोबाइल सिम कार्ड हासिल करने और बैंक खाते खुलवाने के लिए आईडी प्रूफ के तौर पर आधार के स्वैच्छिक इस्तेमाल की इजाजत दी। इस अध्यादेश की जरूरत इसलिए पड़ी थी क्योंकि इस सिलसिले में लोकसभा में पारित एक विधेयक को राज्य सभा की मंजूरी नहीं मिल सकी थी।

## पश्चिम बंगाल में दो लोस सीटों पर हुआ 83.79 प्रतिशत मतदान

**अलीपुरदुआर, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनावों के पहले चरण के तहत कूच बिहार और अलीपुरदुआर सीटों पर कुल 34.52 लाख में से करीब 83.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि कूच बिहार (सु) लोकसभा क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम छह बजे तक 83.88 प्रतिशत जबकि अलीपुरदुआर सीट (सु) पर 83.70 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। उन्होंने कहा कि दोनों क्षेत्रों के किसी भाग से हिंसा की किसी घटना की खबर नही है और राज्य में सात चरणों में से पहले चरण का मतदान कुलमिलाकर शांतिपूर्ण रहा। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस तथा विपक्षी भाजपा और कांग्रेस ने शिकायत की कि इन सीटों पर मतदान निष्पक्ष तरीके से नहीं हुआ। तृणमूल नेता और उत्तर बंगाल विकास मंत्री रबींद्रनाथ घोष ने आरोप लगाया कि कई मतदान केन्द्रों पर ईवीएम खराब हो गईं और यह मतों से छेड़छाड़ करने की विपक्ष की साजिश हो सकती है।



पश्चिम बंगाल के 24 परगना में पूर्व रेलवे मंत्री और टीएमसी नेता दिनेश त्रिवेदी अपना नामांकन दाखिल करते हुए

## मतदान में भी आगे रहा है राजस्थान का सबसे उपजाऊ इलाका गंगानगर

**जयपुर।** राजस्थान का धान का कटोरा कहे जाने वाले गंगानगर के मतदाता मतदान में भी आगे रहे हैं। चाहे वह पिछला लोकसभा चुनाव रहा हो या हालिया विधानसभा चुनाव, यहां के मतदाताओं ने खुलकर मतदान किया। 2014 के पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य में सबसे अधिक 73.17 प्रतिशत मतदान इसी सीट के लिए हुआ था।

गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में गंगानगर जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र गंगानगर, सादुलशहर,करणपुर, सूरतगढ़ और रायसिंहनगर के साथ साथ पड़ोसी हनुमानगढ़ जिले के संगरिया, हनुमानगढ़ व पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्र आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य में सबसे अधिक 73.17 प्रतिशत मतदान इसी लोकसभा क्षेत्र में हुआ था।

हाल ही में, दिसंबर 2018 के विधानसभा चुनाव के आंकड़ों को देखा जाए तो जिलेवार हनुमानगढ़ में 82.40 प्रतिशत व गंगानगर में 81.28 प्रतिशत रिकार्ड मतदान हुआ। किसान बहुल इस लोकसभा क्षेत्र में इस बार कांग्रेस ने जहां पूर्व सांसद भरत राम मेघवाल को उतारा है वहीं भाजपा की ओर से मौजूदा सांसद निहाल चंद मैदान में हैं और इलाके में कोई बड़ा चुनावी मुद्दा नजर नहीं आ रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में भरतराम मेघवाल ने निहालचंद को 1.40 लाख से अधिक मतों से हराया। लेकिन 2014 के चुनाव में निहालचंद ने कांग्रेस के मास्टर भंवर लाल मेघवाल को 2.91 लाख से अधिक मतों से हराकर अपना चौथा संसदीय चुनाव जीता।

अगर लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सीटों को देखें तो आठ में से चार भाजपा व दो कांग्रेस के पास हैं। वहीं गंगानगर सीट से कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़े राजकुमार गौड़ ने हाल ही में राज्य के 12 अन्य निर्दलीय विधायकों के साथ अशोक गहलोत सरकार को समर्थन देने की घोषणा की। गंगानगर भारत पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। इस लोकसभा क्षेत्र की सीमा पंजाब व हरियाणा से भी लगती है। यहां सिख मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है।

लेकिन इस बार ऊपरी तौर पर कोई मुद्दा नजर नहीं आ रहा। मुद्दा तो कोई नजर नहीं आ रहा है। भाजपा मोदी फैक्टर के सहारे है। वहीं कांग्रेस अपनी न्याय न्यूनतम आय योजना के साथ यही प्रचार कर रही है कि मोदी राज में लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को गंगानगर में जनसभा की। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हमारे घोषणा पत्र में जो न्याय योजना है वह पूरा गेम चेंज करेगी। उन्होंने कहा भाजपा शासन में लोकतंत्र और संविधान को खतरा है। वहीं भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिसिंह कामरा का मानना है कि माहौल पूरी तरह पार्टी के पक्ष में है। पार्टी मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ साथ पूर्ववर्ती वसुधंरा राजे सरकार के कार्यों को लेकर मैदान में उतरी है।

## शिरूर लोस सीट पर शिवसेना सांसद बनाम मराठी अभिनेता के बीच दिलचस्प मुकाबला

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के तहत आने वाले शिरूर लोकसभा सीट पर तीन बार के शिवसेना सांसद शिवाजीराव आढलराव पाटिल और अभिनेता से नेता बने अमोल कोल्हे के बीच दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। कोल्हे राकांपा के उम्मीदवार हैं। वह मराठी धारावाहिक अभिनेता हैं और फरवरी में शिवसेना को छोड़ कर राकांपा में शामिल हुए थे। राजनीतिक विशेषज्ञों के मुताबिक शिवसेना के इस गढ़ में कोल्हे को उतारना राकांपा प्रमुख शरद पवार का चतुराई भरा एक कदम है क्योंकि यह अभिनेता स्वराजरक्षक संभाजी धारावाहिक में छत्रपति संभाजी और राजा शिव छत्रपति में छत्रपति शिवाजी महाराज की अपनी भूमिकाओं को लेकर घर-घर में जाने जाते हैं।

शिरूर को पाटिल का मजबूत गढ़ माना जाता है। उन्होंने 2004 से तीन बार भारी मतों के अंतर से चुनाव जीते हैं। क्षेत्र में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) कई जगह पर हैं जहां कई बड़ी विनिर्माण कंपनियां हैं जिनमें ऑटोमोबाइल कंपनियां भी शामिल हैं।

राकांपा उम्मीदवार कोल्हे ने कहा कि पाटिल बतौर सांसद शिरूर में विकास लाने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा, जरा पुणे-नासिक राजमार्ग को देखिए। यदि राजमार्ग पर ट्रॉमा सेंटर होता तो यह लोगों के लिए एक वरदान होता। लेकिन, विकास के मुद्दे को जाति आधारित राजनीति की ओर मोड़ने की कोशिश की जा रही है। क्षेत्र में एक अन्य अहम मुद्दा बैलगाड़ी की दौड़ पर लगा प्रतिबंध है। यह खेल ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय है। शिवसेना सांसद इस पर बंबई उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग के समर्थन में एक अभियान चला रहे हैं। पाटिल ने कहा कि उनके खिलाफ सत्ता विरोधी कोई लहर नहीं है और वह विकास के नाम पर वोट मांगेंगे। बैलगाड़ी दौड़ के बारे में उन्होंने कहा कि यह विषय विभिन्न मंचों पर उठाया है और यहां तक कि संसद में एक निजी विधेयक भी लाया था।

## जूनागढ़ : जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा रही कांग्रेस


**जूनागढ़।** गुजरात में जूनागढ़ लोकसभा क्षेत्र 1991 से भाजपा का गढ़ रहा है, लेकिन भगवा पार्टी के लिए इस बार की राह आसान नहीं होगी क्योंकि 2017 के विधानसभा चुनावों के परिणामों ने पार्टी के लिए चिंता खड़ी कर दी है। कांग्रेस ने पिछले 28 वर्षों में केवल एक बार 2004 में सौराष्ट्र के इस क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीता, लेकिन विपक्षी दल अब विधानसभा चुनाव के अपने प्रदर्शन को आधार बनाकर भाजपा से सीट छीनने के लिए भरपूर कोशिश कर रहा है।

2017 के विधानसभा चुनाव में, सत्तारूढ़ पार्टी के हाथ से इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सात विधानसभा सीटें निकल गई थीं। ग्रामीण समस्या, जल संकट और कृषि उपज की कम कीमत जैसे मुद्दों को भुनाकर कांग्रेस इन सीटों को हासिल करने में कामयाब रही थी। भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद राजेश चूड़ासमा को फिर से मैदान में उतारा है, जिनके सामने चुनाव मैदान में कांग्रेस के विधायक पुंजा वंश होंगे। 2014 में भी दोनों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया गया था, तब चूड़ासमा ने 1.35 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

चुड़ासमा को इस आधार पर इस बार 2014 से भी बड़ी जीत मिलने की उम्मीद है कि उन्होंने जूनागढ़ में एक सरकारी अस्पताल स्थापित करने और शहर के बाहरी इलाके में गिरनार पर्वत पर एक लंबे समय से योजनाबद्ध रोपवे परियोजना को पूरा करने में मदद की है। वर्तमान सांसद को जूनागढ़ के तटीय क्षेत्र में किए गए कार्यों के साथ कुछ सड़क परियोजनाओं को पूरा करने का भी श्रेय दिया जाता है। पार्टी नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी प्रचार कर रही है। स्थानीय भाजपा नेता संजय मानवर ने कहा कि लोग किसी भी अन्य चीज पर ध्यान नहीं देंगे, वे सिर्फ नरेंद्र मोदी को वोट देना चाहते हैं और उन्हें फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। कांग्रेस को 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में भाजपा को कड़ी चुनौती देने की उम्मीद है। 2017 में, हार्दिक पटेल के नेतृत्व में पाटीदार आरक्षण आंदोलन ने इस क्षेत्र में आने वाली सभी सात विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पटेल अब कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर 23 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा।

## कर्नाटक के मांड्या कांग्रेस-जदएस कार्यकर्ताओं में अनबन से मिलेगा निर्दलीय सुमनलता को फायदा

**मांड्या।** कर्नाटक की मांड्या संसदीय सीट पर कांग्रेस और जद(एस) कार्यकर्ताओ में चल रही अनबन का फायदा निर्दलीय प्रत्याशी, अभिनेत्री-राजनेता सुमनलता अम्बरीश को मिल सकता है। उनके पुत्र अभिषेक का यह आकलन है। सुमनलता कन्नड़ फिल्मों के दिवंगत सुपरस्टार अम्बरीश की पत्नी हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह सहानुभूति की लहर के चलते यहां से चुनाव जीत जाएंगी। उनके अभिनेता पति अम्बरीश यहां से तीन बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने गए और यहां उनके नाम से बच्चा बच्चा वाकिफ है। उनका सामना सत्तारूढ़ गठबंधन के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के पुत्र निखिल से है। सुमनलता के प्रचार की कमान उनके पुत्र अभिषेक ने संभाल रखी है और वह आश्वस्त हैं कि उनकी मां इस सीट से विजय हासिल करेंगी। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भले ही बड़े नेताओं में आपसी सहमति हो लेकिन जमीनी स्तर पर तस्वीर दूसरी है और जद(एस) और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। इसका लाभ उनकी मां को मिल सकता है। मांड्या में वोक्कालिंगा समुदाय बहुमत में है और जदएस सुप्रीमो एचडी देवगौडा का संबंध इसी समुदाय से है। इस समुदाय के प्रभुत्व का पता इस बात से चलता है कि मांड्या लोकसभा की सभी सात विधानसभा सीटें जदएस के नेताओं ने जीती हैं। मांड्या में 18 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।




बेंगलुरू सेन्ट्रल से निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी अभिनेता प्रकाश राज प्रेस कांफ्रेंस में अपना घोषणापत्र जारी करते हुए

# अफसोस से काम नहीं चलेगा ब्रिटेन माफी मांगे



● जलियांवाला बाग कांड के शहीदों के परिजनों ने कहा

**एजेंसी।** अमृतसर

**पंजाब के** जलियांवाला बाग नरसंहार के कुछ शहीदों के वंशजों ने ब्रिटेन से इसके लिए माफी मांगने की मांग करते हुए कहा है कि केवल अफसोस जताने से काम नहीं चलेगा। पंजाब के अमृतसर में स्थित जलियांवाला बाग नरसंहार 13 अप्रैल 1919 को वैशाखी के दिन हुआ था। जलियांवाला बाग में स्वतंत्रता के समर्थन में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने के लिए जुटी भीड़ पर जनरल आर डायर के नेतृत्व में ब्रिटिश इंडियन आर्मी ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे इस घटना में सैकड़ों लोग मारे गए थे।

ब्रिटेन की प्रधानमंत्री टेरेसा मे ने जलियांवाला नरसंहार कांड की 100वीं बरसी से पहले बुधवार को इसे ब्रिटिश भारतीय इतिहास में शर्मसार करने वाला धब्बा करार दिया लेकिन उन्होंने इस मामले में औपचारिक माफी नहीं मांगी। हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रधानमंत्री के साप्ताहिक प्रश्नोत्तर की शुरूआत में उन्होंने अपने बयान में इस घटना पर खेद जताया जो ब्रिटिश सरकार पहले ही जता चुकी है। घटना की कहानी सुनती हुई बड़ी होने वाली 86 वर्षीय कृष्णा चौहान ने बताया, मेरे मामाजी मेला राम इस नरसंहार में 18 साल की उम्र में शहीद हो गए थे।

उन्होंने बताया, जब सैनिकों ने शांतिपूर्ण बैठक पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तो हर व्यक्ति दहशत में आ गया। लोग बिना यह जाने समझे कि किधर जाएं, इधर-उधर भागने लगे। यह एक साफ मैदान था, और निकलने का एकमात्र रास्ता था जो एक संकरी गली थी। इसका परिणाम यह हुआ कि वहां भगदड़ मच गया और कई लोग एक दूसरे पर गिरे तथा कुछ मैदान में स्थित कुएं में कूद गए। कृष्णा ने बताया कि उनके मामा भी उनलोगों में शामिल थे जो कुएं में कूद गए। उन्होंने कहा, उन्हें शरीर में गोली लगी थी, मुझे बताया गया था। कुछ स्वतंत्रता सेनानी जो भीड़ को संबोधित कर रहे थे वह भी मृत पाए गए थे। महेश बहल (73) के दादा लाला हरि राम भी इस नरसंहार में शहीद हुए थे।



अहमदाबाद में शुक्रवार को तीसरे चरण की ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए

# ईवीएम में खराबी के चलते आंध्र में चुनाव प्रक्रिया में हुई देरी

**एजेंसी।** अमरावती

● देर रात चला मतदान

**आंध्र प्रदेश** के कई जिलों में दिन के समय में ईवीएम में खराबी आने के कारण 300 से अधिक मतदान केन्द्रों पर बृहस्पतिवार देर रात तक मतदान चला। मतदान समाप्त होने का समय शाम छह बजे था। हालांकि, मतदान के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर कतार में इंतजार कर रहे लोगों को वोट डालने की अनुमति दी गई।

राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी गोपाल कृष्ण द्विवेदी ने बताया, अगर मध्य रात्रि भी हो जाए तब भी अगर आप शाम छह बजे से पहले से कतार में लग गए हैं तो अपना वोट डाल सकते हैं। राज्य की 175 विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए 74 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज हुआ। राज्य में 380 से अधिक मतदान केन्द्रों पर दिन में ईवीएम में तकनीकी दिक्कतें आने से मतदान प्रभावित हुआ जिसके कारण कई मतदाताओं को लंबे इंतजार के बाद घर वापस लौटना पड़ा। ईवीएम ठीक होने के बाद मतदान का काम फिर शुरू हुआ। मंगलागिरि विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने बृहस्पतिवार देर रात तादेपल्ली के एक मतदान केन्द्र के बाहर प्रदर्शन किया।

# सैनिकों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कभी वोट नहीं मांगेंगे : ममता

**एजेंसी।** कुर्सियांग (पश्चिम बंगाल)

**तृणमूल** कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भूतपूर्व सैनिकों के प्रति एकजुटता जताई जिन्होंने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सशस्त्र बलों के कथित इस्तेमाल पर आक्रोश जताते हुए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को पत्र लिखा है। कुर्सियांग में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, हमें अपने सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है लेकिन मैं (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी की तरह सैनिकों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कभी वोट नहीं मांगूंगी। सेना के आठ पूर्व प्रमुखों और



148 अन्य पूर्व सैनिकों ने कहा कि यह चिंता और सेवारत तथा सेवानिवृत्त सैनिकों के बीच असंतोष का मामला है कि सशस्त्र सेनाओं का इस्तेमाल राजनीतिक एजेंडा चलाने के लिए किया जा रहा है।

बनर्जी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनावों में क्षेत्रीय दल अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, हम साथ मिलकर केंद्र में सरकार बनाएंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के लिए लोकसभा में 100 सीट का आंकड़ा पार करना मुश्किल होगा। बनर्जी ने कहा, भाजपा के लिए मौजूदा चुनावों में 100 लोकसभा सीट जीतना भी मुश्किल होगा। कुर्सियांग के लिए अपनी विकास योजनाएं साझा करते हुए टीएमसी प्रमुख ने कहा कि उनकी सरकार शहर में विश्वविद्यालय और पर्यटक लॉज बनाएगी। मुख्यमंत्री ने भगवा पार्टी पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने दार्जीलिंग सीट से भूमिपुत्र को खड़ा किया है जबकि भाजपा ने मणिपुर के एक उम्मीदवार को उतारा है।

# आंध्र में 76.69 प्रतिशत मतदान : पुलिस ने की दो लोगों की मौत की पुष्टि

● 2014 के चुनावों में पड़े कुल मतों की तुलना में यह संख्या 1.27 प्रतिशत कम है

**एजेंसी।** अमरावती

**आंध्र प्रदेश** में बृहस्पतिवार को विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान मध्यरात्रि तक चलता रहा और 76.69 प्रतिशत वोट पड़े। पुलिस ने चुनाव से संबंधित घटनाओं में दो लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। 2014 के चुनावों में पड़े कुल मतों की तुलना में यह संख्या 1.27 प्रतिशत कम है। लेकिन चुनाव आयोग के अधिकारियों को यहां उम्मीद है कि मतदान प्रतिशत कम से कम एक प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि सभी 175 विधानसभा क्षेत्रों में वोटों का अंतिम आकलन किया जा रहा है।

राज्य में 3,93,45,717 मतदाता हैं। दो सौ से अधिक मतदान केन्द्रों पर मतदान बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि तक चलता रहा क्योंकि दिन में ईवीएम में कुछ तकनीकी खराबी आई थी। यहां चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार की सुबह अंतिम गणना की गई और मतदान प्रतिशत 76.69 है। पुलिस ने राज्य में चुनाव से संबंधित हिंसा में दो लोगों की मौत होने की शुक्रवार को पुष्टि की जो सत्तारूढ़ तेदेपा और विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस के दावों के विपरीत है। तेदेपा और वाईएसआरसी ने बयान जारी करके दावे किए थे कि बृहस्पतिवार को उनके दो-दो कार्यकर्ता मारे गए है। पुलिस महानिदेशक ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि चुनावों से संबंधित केवल दो मौतें हुई है। अनंतपुरामू जिले के ताडीपत्री क्षेत्र में संघर्ष में तेदेपा का एक कार्यकर्ता मारा गया था जबकि चित्तूर जिले में तेदेपा और वाईएसआरसी कार्यकर्ताओं के बीच हुए संघर्ष में वाईएसआरसी के एक कार्यकर्ता के पिता की दुर्घटनावश मौत हो गई।

चित्तूर जिले के पुलिस अधीक्षक विक्रांत पाटिल ने फोन पर पीटीआई को बताया, 68 वर्षीय एक व्यक्ति संघर्ष के समय मौजूद था और वह अपने बेटे को उसमें शामिल होने से बचाने का प्रयास कर रहा था। उनकी आंख के पास एक पत्थर लगा और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। वाईएसआरसी ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि ताडीपत्री में तेदेपा के कार्यकर्ताओं ने उनके एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी जबकि पाया गया कि वह कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल होने के बाद कोमा में चला गया। तेदेपा के अध्यक्ष चन्द्रबाबू नायडू के पुत्र नारा लोकेश ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि उनकी पार्टी के दो कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतार दिया गया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि दूसरी घटना कहां हुई। पुलिस ने केवल ताडीपत्री घटना की पुष्टि की है।

## क्विक न्यूज

### बसपा ने पांच और प्रत्याशी उतारे

**जयपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने राजस्थान की पांच और सीटों से अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी की नई सूची में उसने बीकानेर से भैराराम मेघवाल, चुरू से हरि सिंह चाहर, सीकर से सीतादेवी, जयपुर ग्रामीण से विरेंद्र सिंह विधूड़ी और करौली धौलपुर से रामकुमार बैरवा को टिकट दी है। इससे पहले दो सूची में पार्टी राज्य के लिए क्रमश: पांच और छह प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि बाड़मेर सीट से बसपा प्रत्याशी और बर्खास्त आईपीएस पंकज चौधरी का पर्चा खारिज हो चुका है। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने छह सीटें जीती और खासकर पूर्वी राजस्थान की कुछ लोकसभा सीटों पर उसका अच्छा खासा जनाधार है।

### पेट्रोल बम हमले में द्रमुक पदाधिकारी की कार क्षतिग्रस्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई लोकसभा क्षेत्र में अज्ञात लागों ने शुक्रवार को एक स्थानीय द्रमुक पदाधिकारी के घर पर पेट्रोल बम से हमला किया जिसमें वहां खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट है कि संदिग्ध हेलमेट पहने हुए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नही है। जांच चल रही है। उन्होने बताया कि इस वारदात में घर के बाहर पार्क की गई एक कार को क्षति पहुंची है। केंद्रीय चेन्नई लोकसभा क्षेत्र से द्रमुक उम्मीदवार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री दयानिधि मारन ने इस घटना की निंदा की। मारन ने इसके लिए टीटीवी दिनाकरन को जिम्मेदार बताया है।

### महाराष्ट्र में पत्रकार पर हमला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में अज्ञात लोगों ने हमला कर एक भाषाई समाचार पत्र के पत्रकार को घायल कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि यह घटना गुरुवार रात को हुई जब पत्रकार मुराद पटेल यहां से करीब 250 किमी दूर सतारा जिले के खंडाला तालुका में अपने घर लौट रहे थे। सतारा की पुलिस अधीक्षक तेजस्वी सतपुते ने बताया कि एक भाषाई अखबार में काम करने वाले पत्रकार पर पत्थरों से हमला किया गया। उनके सिर में चोट आई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या के प्रयास) के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नही हुई है।



पटना में शुक्रवार को चैती छठ पूजा के दौरान गंगा नदी के किनारे खड़े होकर उगते सूर्य की पूजा व धार्मिक अनुष्ठान करते श्रद्धालु

## राहुल ने प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया का उड़ाया मजाक

**सलेम (तमिलनाडु)।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया नारे का मजाक उड़ाया और कहा कि देश के बाजार में चीनी उत्पादों की बाढ़ है। एक चुनावी रैली को यहां संबोधित करते हुए उन्होंने तमिलनाडु के बेरोजगार युवकों का जिक्र किया और कहा कि मोदी ने पिछले पांच वर्षों में उन्हें नुकसान पहुंचाया है और बैंकों का बड़ा धन धनी लोगों को दिया है न कि उन्हें। राहुल ने कहा, उन्होंने आपको सिर्फ मेक इन इंडिया का नारा दिया लेकिन हम जहां भी देखते हैं वहां हमें चीन में बने उत्पाद दिखते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे फोन हो, जूते हों या कमीज आप मेड इन चाइना देखेंगे।

# राफेल सौदे पर कम ही बोले भाजपा : शिवसेना

● सहयोगी दल ने चेतावनी दी, अनावश्यक बयानबाजी से राष्ट्रीय पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं

**एजेंसी।** मुंबई

**शिवसेना** ने शुक्रवार को अपनी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी को सलाह दी कि वह राफेल सौदे पर कम बोले, जिसे लेकर कांग्रेस भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। शिवसेना ने चेतावनी दी कि अनावश्यक बयानबाजी से राष्ट्रीय पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

शिवसेना ने कहा कि अगर भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में मिल रही कवरेज से संतुष्ट रहती तो नमो टीवी पर प्रतिबंध से बचा जा सकता था। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने जलगांव में एक जनसभा के दौरान महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई हालिया झड़प को लेकर भी राष्ट्रीय पार्टी पर निशाना साधा। पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा, चौंकाने वाला वीडियो (संघर्ष का) देश भर में देखा गया। भाजपा ने पार्टी में गुंडों की भर्ती की और उन्हें वाल्मीकि में बदल दिया। हालांकि यहां, अनुभवी वाल्मीकि गुंडों में बदल गए और हिंसा में शामिल हो गए। उसने कहा, यह न सिर्फ महायुति (भाजपा-शिवसेना गठबंधन) के प्रचार पर धब्बा है बल्कि समय आ गया है जब भाजपा को इस पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। शिवसेना ने कहा, कम से कम राफेल के मुद्दे पर, उनको अहंकार छोड़ने और संयम के साथ बातचीत की जरूरत है। रक्षा मंत्री से लेकर दूसरे नेताओं तक, लोग (भाजपा में) जो चाह रहे हैं वो बोल रहे हैं। मुखपत्र में कहा गया, इससे पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं इसलिए हमारी सलाह है कि जितना कम बोला जाए उतना बेहतर है।

### शिवसेना के विधायक ने कोटक की उम्मीदवारी का किया समर्थन

**मुंबई।** शिवसेना के विधायक सुनील राउत ने शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार मनोज कोटक का समर्थन करने की घोषणा की और उनके लिए वोट मांगे। उन्होंने धमकी दी थी कि अगर निवर्तमान सांसद किरीट सोमैया को मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट से फिर से टिकट दिया जाता है तो वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। भाजपा द्वारा सोमैया की जगह कोटक को टिकट देने के बावजूद शिवसेना और भाजपा के मध्य स्तर के पदाधिकारियों के बीच कलह की खबर के दौरान यह घोषणा सामने आई है। राउत ने कहा, मैं पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं भाजपा उम्मीदवार मनोज कोटक की जीत सुनिश्चित करें और अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। हर किसी को सुनिश्चित करना चाहिए कि शिवसेना-भाजपा गठबंधन मजबूत बने।

## संप्रग व राजग को नहीं मिलेंगी 200 से अधिक लोस सीटें

**हैदराबाद।** टीआरएस के एक अहम नेता ने दावा किया कि ना तो कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग और ना ही भाजपा नीत राजग 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी जिससे क्षेत्रीय दल केंद्र में अगली सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। लोकसभा में टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति) के सदन के उपनेता बी विनोद कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी कई क्षेत्रीय पार्टियों के साथ संपर्क में है जो कांग्रेस और भाजपा के साथ नहीं जुड़े हुए हैं। करीमनगर सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे कुमार ने कहा, दिल्ली में अगली सरकार बनाने में क्षेत्रीय पार्टियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। तेलंगाना में सभी 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव बृहस्पतिवार को हुए। टीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के विश्वासपात्र माने जाने वाले कुमार ने कहा, दोनों राष्ट्रीय दल अपने सहयोगियों के साथ 200 से कम सीटों पर रहेंगे जिससे अगली सरकार में क्षेत्रीय दलों की भूमिका अधिक होगी। उन्होंने कहा कि लोस चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद क्षेत्रीय दलों का गठबंधन बनेगा। निजामाबाद सीट से चुनाव लड़ रही केसीआर की बेटी के. कविता ने हाल ही में कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि निष्पक्ष क्षेत्रीय दल 120 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेंगे।

# पीएम के प्रति अभद्र भाषा के प्रयोग व दुष्प्रचार को लेकर भाजपा ने की आयोग से शिकायत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**चुनाव प्रचार** के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग एवं दुष्प्रचार करने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी के खिलाफ शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत की। भाजपा ने प्रधानमंत्री के बारे में अभद्र भाषा के प्रयोग को चुनाव आचार संहिता एवं जन प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई करने की मांग की।

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्तार अब्बास नकवी एवं नेताओं सहित भाजपा के एक शिष्टमंडल ने आज चुनाव आयोग को एक ज्ञापन भी सौंपा। इसमें पश्चिम बंगाल में गुरूवार को हुए मतदान के दौरान तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों द्वारा कई सीटों पर कथित तौर पर लोगों को मतदान करने से रोकने की शिकायत भी की गई एवं इन सीटों पर फिर से मतदान कराने की मांग की गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार झूठा और मनगढ़ंत बयान देकर लोगों को गुमराह करने की साजिश में लगे हुए हैं। जिस तरह के झूठे, बेबुनियाद और भाषा की मर्यादा को तार तार करने वाले बयान कांग्रेस एवं उसके अध्यक्ष की ओर से आ रहे हैं, वह न केवल चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन है बल्कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धज्जियां उड़ाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का झूठ वन वे है जबकि भाजपा का सच हाई वे है और लोगों के सामने अब कांग्रेस का झूठ बेनकाब हो गया है।

नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रही है, उससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस नेताओं में गाली देने की होड़ लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, ऐसे में वह तरह तरह के हथकंडे अपना रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति में भाजपा ने प्रधानमंत्री के प्रति ऐसी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की और कार्रवाई करने की मांग की। पश्चिम बंगाल में गुरूवार को हुए मतदान का जिक्र करते हुए नकवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की गुंडागर्दी कल कई स्थानों पर खुलकर दिखी है। कूचबिहार के कुछ बूथों पर तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग से रोका, बूथ कैपचरिंग और हिंसा की। यहां तक कि महिलाओं को भी वोट डालने से रोका गया।



अमृतसर में शुक्रवार को बैसाखी के त्योहार को लेकर आयोजित उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा धारण कर लोकनृत्य करते छात्र-छात्राएं

# असम में युवा मतदाताओं को जागरुक करने को एप

**एजेंसी।** बोंगईगांव

**असम** में बोंगईगांव जिला प्रशासन ने मतदाताओं विशेष तौर पर पहली बार मतदान करने वालों को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने को लेकर जागरुक बनाने के लिए एक विशिष्ट मोबाइल ऐप विकसित किया है।

मोबाइल ऐप संकल्प में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के इस्तेमाल को लेकर जानकारी दी गई है। साथ ही प्रयोगकर्ता इसमें अपनी मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी भी देख सकते हैं। बोंगईगांव के उपायुक्त आदिल खान ने कहा, इस ऐप के माध्यम से युवाओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रण दिलाकर हमारा संकल्प बोंगईगांव में युवाओं में जागरुकता बढ़ाना है। एनआईसी इंजीनियरों की टीम ने उपायुक्त की सीधी निगरानी में इस ऐप की अवधारणा के बाद डिजाइन तैयार करने और विकसित करने का काम किया है। यह मोबाइल ऐप इस्तेमालकर्ताओं और चुनावी मशीनरी के बीच संवाद उपकरण के तौर पर कार्य करेगा। खान ने कहा, हमने यह ऐप अधिकतम संख्या में लोगों तक पहुंच के उद्देश्य से विकसित किया है। यह ऐप आकर्षक है और यह परस्पर संचार उपकरण के तौर पर कार्य करेगा।

# एंटी मिसाइल परीक्षण पर भारत को अमेरिकी सपोर्ट

## पेंटागन ने किया बचाव, कहा देश अंतरिक्ष में खतरों से चिंतित

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**पेंटागन** ने उपग्रह रोधी मिसाइल परीक्षण क्षमताएं हासिल करने के लिए भारत का बचाव करते हुए कहा कि भारत अंतरिक्ष में पेश आ रहे खतरों से चिंतित है। गौरतलब है कि भारत ने 27 मार्च को जमीन से अंतरिक्ष में मार करने वाली मिसाइल से अपने एक उपग्रह को मार गिराने के साथ ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली थी। इस परीक्षण के साथ ही अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत एसैट क्षमताओं वाला चौथा देश बन गया है। अमेरिकी कूटनीतिक कमान के कमांडर जनरल जॉन ई हीतेन ने बृहस्पतिवार को सीनेट की शक्तिशाली सशस्त्र सेवा समिति से कहा, भारत के एसैट से पहली सीख यह सवाल है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया और मुझे लगता है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे अंतरिक्ष से अपने देश के समक्ष पेश आ रहे खतरों को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने भारत के इस उपग्रह रोधी मिसाइल परीक्षण की जरुरत और इससे अंतरिक्ष में फैले मलबे पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, इसलिए उन्हें लगता है कि उनके पास अंतरिक्ष में अपना बचाव करने की क्षमता होनी चाहिए। नासा ने भारत द्वारा अपने ही एक उपग्रह को मार गिराए जाने को भयानक बताते हुए कहा था कि इससे अंतरिक्ष की कक्षा में उपग्रह के करीब 400 टुकड़े फैल गए जिससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को खतरा है।

## ट्रंप की अंतरिक्ष सेना के विचार पर कांग्रेस को संशय

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अंतरिक्ष में अमेरिकी संपत्तियों की सुरक्षा और वहां देश का प्रभुत्व स्थापित करने के लिहाज से सेना की नई शाखा स्पेस फोर्स की स्थापना करना चाहते हैं लेकिन अमेरिकी कांग्रेस इसे लेकर संशय की स्थिति में है। देश की संसद का कहना है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में इकलौती सेना होने का क्या मतलब है। ट्रंप अमेरिकी उपग्रहों की रक्षा, अंतरिक्ष में संवेदनशीलता से निपटने और कक्षा में अमेरिका का प्रभुत्व स्थापित करने के लिए सेना की नई शाखा स्थापित करने पर जोर दे रहे हैं। पेंटागन के प्रस्ताव के अनुसार, स्पेस फोर्स यानी कि अंतरिक्ष बल सेना की अपनी शाखा होगी लेकिन यह वायुसेना के तहत आएगी। बिल्कुल वैसे ही जैसी मरीन कोर सेना की अलग शाखा है लेकिन वह नौसेना के तहत आती है। कार्यवाहक रक्षा सचिव पैट्रिक शानहान ने सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति को बताया, रूस और चीन ने अमेरिकी क्षमताओं को खतरा पहुचाने की मंशा से अंतरिक्ष का सशस्त्रीकरण किया है। नए बल के गठन के लिए अमेरिका को सीनेट की समिति की मंजूरी चाहिए होगी। अमेरिका में 1947 में वायुसेना की स्थापना के बाद से पेंटागन ने सेना में कोई नई शाखा नहीं जोड़ी है। यदि अंतरिक्ष बल बनता है तो अमेरिका के पास थलसेना, नौसेना, मरीन और वायुसेना के अलावा अंतरिक्ष सेना भी होगी। शानहान का कहना है कि भविष्य में कोई भी लड़ाई अब अंतरिक्ष में ही जीती या हारी जाएगी। लेकिन सांसदों को यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिरकार दुनिया में इकलौती अंतरिक्ष सेना की जरूरत ही क्या है।

## चांद पर पहुंचने के प्रयास में इज़राइल का अंतरिक्ष यान दुर्घटनाग्रस्त




**एजेंसी।** एहुद (इज़राइल)

**चांद** पर उतरने से महज कुछ ही क्षण पहले इज़राइल के अंतरिक्ष यान का पृथ्वी से संपर्क कट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना के साथ ही निजी वित्त पोषित पहला चन्द्र मिशन इतिहास बनाने में नाकाम रहा। चन्द्रमा पर उतरने के अंतिम चरण में अंतरिक्ष यान का संपर्क पृथ्वी पर स्थित नियंत्रण कक्ष से टूट गया। उसके कुछ ही देर बाद मिशन को असफल घोषित कर दिया गया। इज़राइल एरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अंतरिक्ष विभाग के महाप्रबंधक ओफेर डोरोन ने बताया, हमारा यान चन्द्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यान टुकडे-टुकड़े होकर अपने उतरने वाली जगह पर बिखर गया है। डोरोन ने बताया कि लैंडिंग से कुछ ही देर पहले अंतरिक्ष यान का इंजन बंद हो गया। जब तक उसे दोबारा चालू किया जाता, यान की गति सुरक्षित लैंडिंग के हिसाब से बहुत ज्यादा थी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक असफलता के कारणों का पता लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंजन बंद हो गया। इंजन ने काम करना बंद कर दिया और अंतरिक्ष यान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हमें इतना ही पता है। पूरे घटनाक्रम को प्रधानमंत्री बेंजामीन नेतन्याहू सहित कमरे में खचाखच भरे दर्शकों सहित लगभग पूरे देश ने देखा। इसका टीवी पर सीधा प्रसारण हो रहा था।

### पेंटागन ने किया आगाह

## एनाकोंडा की तरह देशों को फंसा रहा है चीन

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**पेंटागन** ने अमेरिकी कांग्रेस से कहा कि चीन अरबों डॉलर की अपनी महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल के जरिए अपनी वैश्विक निर्णायक नौसेना बनाने की कोशिश कर रहा है। उसने चेतावनी दी कि बीजिंग के प्रतिकूल समझौते किसी देश की संप्रभुत्ता को उस तरह अपनी लपेट में ले रहे हैं जैसे कि एनाकोंडा अपने शिकार को घेरकर खाता है। गौरतलब है कि चीन बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) के जरिए विभिन्न देशों को ढांचागत परियोजनाओं के लिए अरबों डॉलर का कर्ज दे रहा है। बताया जा रहा है कि चीन इन देशों को कर्ज के चक्रव्यूह में फंसा रहा है जिससे बाहर निकलना उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। चीफ ऑफ नेवल ऑपरेशंस जॉन रिचर्डसन ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को बताया, चीन की बेल्ट एंड रोड पहल उसकी राष्ट्रीय शक्ति के कूटनीतिक, आर्थिक, सैन्य और सामाजिक तत्वों का मिश्रण है। यह वैश्विक रूप से निर्णायक नौसेना बनाने की उसकी कोशिश है। उन्होंने कहा, चीन के काम का उद्देश्य देशों की वित्तीय कमजोरी का फायदा उठाना है। वे वाणिज्यिक बदंरगाह बनाने का अनुबंध कर रहे हैं, घरेलू सुविधाओं को उन्नत करने का वादा कर रहे हैं और राष्ट्रीय ढांचागत परियोजनाओं में निवेश कर रहे हैं। चीन की 60 अरब डालर की चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा योजना (सीपेक) से भारत-चीन संबंधों में गतिरोध आ गया है। भारत ने सीपेक के पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से गुजरने पर आपत्ति जताई और उसने पिछले साल चीन द्वारा आयोजित हाई प्रोफाइल बेल्ट एंड रोड फोरम का बहिष्कार कर दिया था।

**ब्लैक होल की तस्वीर पर कॉपीराइट का दावा करने के लिए चीनी कंपनी की आलोचना:** बीजिंग ब्लैकहोल की तस्वीर पर कॉपीराइट का दावा करने के लिए एक चीनी ऑनलाइन तस्वीर प्रदाता की आलोचना की गई है। सरकारी चाइना डेली ने शुक्रवार को खबर दी है कि खगोलविदों के ब्लैक होल की तस्वीर जारी करने के तुरंत बाद विजुअल चाइना ग्रुप की वेबसाइट ने अपने लोगो के साथ तस्वीर लगाई और इस बात का संकेत दिया कि तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए रकम का भुगतान करने की जरूरत होगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में दावा किया कि उसने मीडिया में इस्तेमाल के लिए इवेंट हॉरिजन टेलीस्कोप से तस्वीर का कॉपीराइट हासिल किया है और वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए यह कॉपीराइट नहीं है।

### क्विक न्यूज

#### चीन में मालगाड़ी पटरी से उतरी, एक मकान में जा घुसी : छह लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई और एक मकान में जा घुसी, जिसके बाद बचावकर्मियों ने घटनास्थल से छह शव बरामद किए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मालगाड़ी पर एल्युमिनियम अयस्क लदे हुए थे। यह दुर्घटना हेनान प्रांत के गोंग्ई में हुई, जहां बुधवार रात 10 बजे 25 डिब्बों वाली मालगाड़ी पटरी से उतर गई। चालक दल के चार सदस्यों और दो ग्रामीणों के शव मिलने के साथ शुक्रवार सुबह तलाश एवं बचाव अभियान खत्म हो गया। गोंग्ई सरकार ने कहा कि राहत अभियान मुश्किल भरा था क्योंकि चालक दल वाला डिब्बा और 14 अन्य डिब्बे पलट गए थे। अधिकारी इस दुर्घटना की जांच कर रहे हैं।

#### सूडान बशीर का प्रत्यर्पण नहीं करेगा: सैन्य शासक

**खारतूम।** सूडान के पदच्युत राष्ट्रपति उमर अल बशीर को प्रत्यर्पण नही किया जाएगा। देश के नए सैन्य शासकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बशीर नरसंहार और युद्ध अपराधों के मामले में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा वांछित है। लेफ्टिनेंट जनरल उमर जैनुल आबदीन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, वर्तमान मे राष्ट्रपति हमारी हिरासत मे है। वह सैन्य परिषद की राजनीतिक समिति के प्रमुख है। उन्होंने आईसीसी के गिरफ्तारी वारंट पर पूछ गए प्रश्न के उत्तर में कहा, हम बतौर सैन्य परिषद, राष्ट्रपति को अपने कार्यकाल मे विदेश नही भेजेंगे।

#### ब्लैक होल की तस्वीर पर कॉपीराइट का दावा करने के लिए चीनी कंपनी की आलोचना

**बीजिंग।** ब्लैकहोल की तस्वीर पर कॉपीराइट का दावा करने के लिए एक चीनी ऑनलाइन तस्वीर प्रदाता की आलोचना की गई है। सरकारी चाइना डेली ने शुक्रवार को खबर दी है कि खगोलविदों के ब्लैक होल की तस्वीर जारी करने के तुरंत बाद विजुअल चाइना ग्रुप की वेबसाइट ने अपने लोगो के साथ तस्वीर लगाई और इस बात का संकेत दिया कि तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए रकम का भुगतान करने की जरूरत होगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में दावा किया कि उसने मीडिया मे इस्तेमाल के लिए इवेंट हॉरिजन टेलीस्कोप से तस्वीर का कॉपीराइट हासिल किया है और वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए यह कॉपीराइट नही है। वैज्ञानिक प्राधिकारों यथा यूरोपियन साउदर्न ऑब्जर्वेटरी (ईएसओ) और नासा की वेबसाइटो पर सामग्री मुफ्त मे उपलब्ध है, बशर्ते उपयोगकर्ता स्रोत को स्पष्ट तौर पर बताएं। अखबार ने कहा कि ईएसओ ने कहा कि विजुअल चाइना ग्रुप ने ब्लैक होल की तस्वीरों के बारे में उससे कोई संपर्क नही किया है और उसका कॉपीराइट पर दावा अवैध है।

## ट्रंप प्रशासन कर रहा है पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा: यूएसएड

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** पाकिस्तान को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा कर रहा है और इसे जल्द ही अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। ट्रम्प प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने सांसदों को यह जानकारी दी। पिछले साल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान पर अमेरिका के लिए कुछ नहीं करने, बल्कि उससे झूठ बोलने और धोखा देने और आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने का आरोप लगाया था, जिसके बाद पाकिस्तान और अमेरिका के संबंधों में काफी गिरावट आई है।

तालिबान के साथ शांति वार्ता में पाकिस्तान के महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के परिणामस्वरूप युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से 14,000 अमेरिकी सैनिकों की अंतत: वापसी हो सकती है। ट्रम्प प्रशासन इसी रोशनी में पाकिस्तान के लिए अपनी सहायता नीति की समीक्षा कर रहा है। गुरुवार को कांग्रेस की एक बैठक में यूएसएड के प्रशासक मार्क ग्रीन ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्यों को बताया, हम पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी सहायता की समीक्षा कर रहे हैं, हमें उम्मीद है कि जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। फिर आगे क्या होगा इसके बारे में हम आपको बताएंगे।

पाकिस्तान द्वारा अपनी धरती पर सक्रिय हक्कानी नेटवर्क और तालिबान जैसे आतंकवादी समूहों के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई न करने से नाराज ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर में पाकिस्तान को सैन्य सहायता के रूप में दी जाने वाली 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि को रोक दिया था। पिछले साल नवम्बर में भी ट्रम्प ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया था।

## पाकिस्तान ने देश में यूएनएससी 1267 प्रतिबंध लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी किया

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठनों पर नकेल कसने के वैश्विक दबाव के बीच पाकिस्तान ने यूएनएससी 1267 प्रतिबंधों को लागू करने के लिए शुक्रवार को दिशानिर्देश जारी किए। यह देश में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित लोगों और संस्थाओं के प्रति लक्षित है। विदेश कार्यालय ने कहा कि ए दिशानिर्देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा लक्षित किए गए लोगों और समूहों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय विदेश सचिव तहमीना जंजुआ ने कहा कि पाकिस्तान को अपने कानूनी दायित्वों को पूरा करने के प्रति सचेत रहना होगा। इनमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रतिबंधों को लागू करना भी शामिल है। उन्होंने आशा जताई कि ए दिशानिर्देश सभी हितधारकों को संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों के बेहतर निर्वहन में मदद करेगा। गौरतलब है कि पुलवामा हमले के बाद अपनी सरजमीं से संचालित होने वाले आतंकी संगठनों के पर नकेल कसने के लिए पाकिस्तान काफी वैश्विक दबाव का सामना कर रहा है।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में 21 मरे, 50 घायल

**एजेंसी।** कराची

**पाकिस्तान** के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को भीड़भाड़ वाले एक बाजार में हुए आत्मघाती हमले में 21 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। ऐसा माना जा रहा है कि हमले का निशाना शिया हजारा समुदाय के लोग थे। प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस हमले की निंदा की और इसकी जांच के आदेश दिए है। यह विस्फोट सुबह लगभग सात बजकर 35 मिनट पर क्वेटा में हजारगंज के एक व्यस्त थोक बाजार क्षेत्र में हुआ जहां हजारा और अन्य व्यापारी प्रतिदिन फल और सब्जियां खरीदने आते है और इसके बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित अपनी दुकानों में बेचते है।

उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अब्दुल रज्जाक चीमा ने बताया कि यह विस्फोट तब हुआ जब व्यापारी सब्जियों और फलों के बोरे ट्रकों में लाद रहे थे। विस्फोट का निशाना हजारा जातीय समुदाय था। हालांकि गृह मंत्री जियाउल्लाह लैंगोव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विस्फोट का लक्ष्य एक खास समुदाय था। उन्होंने बताया कि यह विस्फोट एक आत्मघाती हमला है।



क्वेटा (पाकिस्तान) में शुक्रवार को अस्पताल के बाहर एक-दूसरे को सांत्वना देते हुए बम विस्फोट पीड़ितों के परिजन

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में 21 लोग मारे गए है और 50 अन्य घायल हुए है। मौके पर मौजूद ईदी कल्याण ट्रस्ट के बचाव अधिकारी ने बताया कि उन्होंने अस्पतालों में लगभग 21 शवों को देखा है। चीमा ने बताया कि बम विस्फोट में हजारा समुदाय के आठ लोगों की मौत हो गई। जियो न्यूज की खबर के अनुसार सुरक्षा बलों ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के निकट स्थित इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुई है। हमले की किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। चीमा ने बताया कि विस्फोट के कारण बाजार में दुकानदारों और व्यापारियों को सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

## असांजे को मौत की सजा के विरोध में है आस्ट्रेलिया

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटिश** विदेश मंत्री मराइस पायने ने कहा है कि आस्ट्रेलिया विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को मौत की सजा देने के खिलाफ है। लोगों में इस बात का डर है कि अगर आस्ट्रेलियाई मूल के असांजे को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया तो उसे ऐसी सजा सुनाई जा सकती है। आस्ट्रेलियाई काउंसलर अधिकारियों की योजना शुक्रवार को असांजे से लंदन की जेल में मुलाकात करने की है। उन्हें कल इक्वोडोर के दूतावास से गिरफ्तार किया गया था। यह यहां सात साल से रह रहे थे।

उन पर अमेरिका में महज एक ही आरोप है जो कि कम्प्यूटर षडयंत्र से संबंधित है और इस अपराध के लिए मौत की सजा नहीं दी जा सकती है। पर लोगों को डर है कि उन पर बाद में दूसरे आरोप लगाए जा सकते हैं। पायने ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिका से यह आश्वासन मांगा है कि असांजे को मौत की सजा न दी जाए। असांजे की अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ लड़ाई की योजना है लेकिन आस्ट्रेलियाई नेताओं ने संकेत दिया है कि वे इसमें हस्तक्षेप नहीं करेंगे।



मैक्सिको सीमा पर एक सीमा गश्ती एजेंट का स्वागत करते हुए उपराष्ट्रपति माइक पेंस

## ट्रंप ने उत्तर कोरिया के साथ तीसरी शिखर वार्ता के विचार को हवा दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह उत्तर कोरिया के नेता के साथ तीसरी संभावित परमाणु शिखर वार्ता पर विचार कर रहे हैं। ओवल ऑफिस में गुरुवार को दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जेइ-इन के साथ बातचीत की शुरुआत में ट्रंप ने कहा, हम उत्तर कोरिया और किम जोंग उन के साथ आगे की संभावित बैठकों के बारे चर्चा करेंगे। ट्रंप और किम के बीच पहली शिखर वार्ता जून, 2018 में सिंगापुर में हुई थी, जो अत्यंत सफल रही थी। दूसरी शिखर वार्ता हनोई में फरवरी, 2019 में हुई लेकिन इसमें उत्तर कोरिया और अमेरिका के बीच कोई समझौता नहीं हो सका। अब दोनों नेताओं के बीच तीसरी शिखर वार्ता होने की संभावना है। ट्रंप और मून दोनों ही उत्तर कोरिया के साथ वार्ता कर मामले को सुलझाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वियतनाम में असफल शिखर वार्ता दोनों देशों के लिए एक झटका था जिससे अभी तक कोई नहीं उबर पाया है। व्हाइट हाउस में, ट्रंप ने जोर देकर कहा कि उत्तर कोरिया के साथ गतिरोध का शांतिपूर्ण समाधान संभव है और वह अपनी निजी कूटनीति को लेकर काफी आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, मुझे शिखर वार्ता से खुशी मिलती है, मुझे चेयरमैन के साथ बात करने में मजा आता है।

## मदर टेरेसा के उद्धरण को ब्लॉक करने के लिए अमेरिकी सीनेटर ने ट्विटर और फेसबुक की निंदा की

● टेरेसा को भारत में गरीबों के लिए किए गए उनके काम के लिए भी सम्मानित किया गया है

**ऐजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक शीर्ष सीनेटर ने गर्भपात के संबंध में मदर टेरेसा के एक उद्धरण को घृणा अपराध की श्रेणी में डालकर ब्लॉक करने के लिए ट्विटर और फेसबुक की आलोचना करते हुए कहा है कि इन दो सोशल मीडिया दिग्गजों द्वारा सेंसरशिप का तरीका वास्तव में खतरनाक है। मिशनरीज ऑफ चैरिटी की संस्थापक मदर टेरेसा को 2016 में वेटिकन में पोप फ्रांसिस द्वारा एक संत घोषित किया गया था। टेरेसा को भारत में गरीबों के लिए किए गए उनके काम के लिए भी सम्मानित किया गया है। टेक्सास के सीनेटर टैड क्रूज़ ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि ट्विटर और फेसबुक के शीर्ष अधिकारी गर्भपात पर मदर टेरेसा के उद्धरण को घृणा अपराध की श्रेणी में डालकर ब्लॉक किए जाने के सवाल पर कोई जवाब नहीं दे सके। उन्होंने इसे एक खतरनाक स्थिति बताया।

क्रूज ने बुधवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान पूछा, यहां एक ट्वीट किया गया है जिसमें कहा गया है कि गर्भपात महिला विरोधी कदम है और यह मदर टेरेसा का एक उद्धरण है और यह ट्वीट ब्लॉक किया गया था। यह विचार करने वाली बात है कि मदर टेरेसा के उद्धरण को अब घृणास्पद समझा जाए। क्या आप में से कोई भी इस प्रस्ताव से सहमत होगा कि मदर टेरेसा अभद्र भाषा जारी कर रही हैं? क्या यह अभद्र भाषा है? क्रूज़ ने आरोप लगाया कि गूगल ने उनके विज्ञापन चलाने से इनकार कर दिया और ट्विटर ने उनके वेब पेज को डाउन कर दिया। सवाल का सीधा जवाब नहीं देते हुए फेसबुक के पब्लिक पॉलिसी निदेशक नील पॉट्स ने कहा कि इसमें से बहुत कुछ इरादों और बयानों या छवियों या साझा किए गए वीडियो के संदर्भ पर निर्भर करता है। ट्विटर के पब्लिक पॉलिसी निदेशक कैरोल्स मोंजे ने कहा कि हर ट्वीट के पीछे संदर्भ होता है और हर फैसले का संदर्भ होता है।

### नेपाल में इंटरनेट गेम पबजी प्रतिबंधित

**काठमांडो।** लोकप्रिय मल्टीप्लेयर इंटरनेट गेम पबजी को अदालत के आदेश के बाद नेपाल में प्रतिबंधित कर दिया गया। इसमें कहा गया कि इसका युवकों और बच्चों के व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। काठमांडू पोस्ट की बृहस्पतिवार की खबर में कहा गया है कि नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण (द नेपाल टेलीकम्युनिकेशन अथारिटी) ने सभी इंटरनेट और मोबाइल सेवा प्रदाताओं को पबजी के नाम से चर्चित प्लेयर अननोन्स बैटलग्राउंड को बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार प्रतिबंध के बाद अब यदि कोई गेम खेलता पाया जाएगा तो उसे गिरफ्तार किया जाएगा। रिपोर्ट में बताया गया कि काठमांडू जिला अदालत ने महानगरीय अपराध शाखा द्वारा दायर याचिका जिसमें बच्चों के व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव का उल्लेख किया गया था, के बाद पबजी को प्रतिबंधित करने की अनुमति प्रदान की। अदालत की अनुमति के बाद अपराध शाखा ने नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण (एनटीए) को पत्र लिखकर गेम पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। एनटीए के कार्यकारी चेयरमैन पुरूषोत्तम खनाल के हवाले से कहा गया, अपराध शाखा के पत्र के आधार पर हमने सभी इंटरनेट और मोबाइल सेवा प्रदाताओं को गेम पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है।

# धवन की शानदार पारी से दिल्ली चमकी

**एजेंसी।** कोलकाता

● **कैपिटल्स ने केकेआर को सात विकेट से रौंदा**

शिखर धवन ने विश्व कप टीम के लिए चयन से ठीक पहले अपने टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइटराइडर्स को सात विकेट से हराकर आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बनाई।
सलामी बल्लेबाज धवन इस प्रारूप में अपने पहले शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने 63 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की लाजवाब पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एक अन्य वामहस्त बल्लेबाज ऋषभ पंत (31 गेंदों पर 46 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की जिससे दिल्ली ने 18.5 ओवर में तीन विकेट पर 180 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर सात विकेट पर 178 रन बनाए थे। युवा शुभमन गिल ने 39 गेंदों पर 65 रन बनाकर केकेआर की पारी संवारी। उन्होंने रोबिन उथप्पा (30 गेंदों पर 28) के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। आंद्रे रसेल ने 21 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 45 रन की तूफानी पारी खेली। इनमें से 26 रन उन्होंने कैगिसो रबाडा की नौ गेंदों पर बनाए। दिल्ली की सात मैचों में यह चौथी जीत है और उसके आठ अंक हो गए हैं। केकेआर को सात मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। उसके भी आठ अंक हैं और चेन्नई सुपरकिंग्स (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर बना हुआ है। धवन ने पृथ्वी साव (सात गेंद पर 14) के साथ मिलकर दिल्ली को तेज शुरुआत दिलाई। साव ने लॉकी फर्गुसन और धवन ने प्रसिद्ध कृष्णा पर दो . दो छक्के लगाए। दिल्ली के बल्लेबाजों ने केकेआर के लचर क्षेत्ररक्षण का भी फायदा उठाकर पावरप्ले में 57 रन बनाए लेकिन इस बीच साव और कप्तान श्रेयस अय्यर (छह) के विकेट भी गंवाए। दिनेश कार्तिक ने विकेट के पीछे इन दोनों के दर्शनीय कैच लिए। धवन ने कार्लोस ब्रेथवेट पर चौका जड़कर इस सत्र में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया जिसके लिए उन्होंने 32 गेंदें खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इसके बाद भी रन बटोरना जारी रखा और दूसरे छोर से पंत ने उनका बराबर साथ दिया। कार्तिक ने अपने तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण से इनकी लय बिगाड़ने की कोशिश की लेकिन उनका प्रयास नाकाम रहा। पंत ने रसेल की लगातार गेंदों पर कवर और डीप मिडविकेट क्षेत्र में क्रमश: चौका और छक्का लगाया। इससे धवन पर तेजी से शतक पूरा करने का दबाव बढ़ा क्योंकि लक्ष्य अब करीब था। नितीश राणा की गेंद छह रन के लिए भेजने की कोशिश में सीमा रेखा पर कैच देने से पंत अर्धशतक से चूक गए लेकिन कोलिन इंग्राम (नाबाद 14) ने पीयूष चावला पर पहले चौका और फिर छक्का जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया और धवन को शतक से वंचित किया। इससे पहले दिल्ली की तरफ से क्रिस मौरिस, रबाडा और कीमो पॉल ने दो . दो विकेट लिए, लेकिन वह इशांत शर्मा (21 रन देकर एक) थे जिन्होंने केकेआर पर शुरू में अंकुश लगाया। इशांत ने पारी की पहली गेंद पर ही जो डेनली का आफ स्टंप उखाड़कर उन्हें गोल्डन डक बनाया लेकिन इसके बाद गिल और उथप्पा ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। गिल ने इस बीच अपनी टाइमिंग, शॉट और समझ का अच्छा नजारा पेश किया। पंत ने रबाडा की सटीक गेंद पर उथप्पा का खूबसूरत कैच लिया। उन्नीस वर्षीय गिल ने अक्षर पटेल को निशाने पर रखा ओर उन पर दो छक्के लगाए। उन्होंने पॉल की गेंद पर पटेल को कैच देने से पहले सात चौके और दो छक्के जमाए। राणा (12 गेंद पर 11) और कार्तिक (दो) नहीं चले लेकिन रसेल ने अपनी शानदार फार्म जारी रखी।




## स्कोरबोर्ड

**कोलकता नाइटराइडर्स** : डेनली बो इशांत 00, शुभमन का अक्षर बो पॉल 65, उथप्पा का पंत बो रबाडा 30, नितीश राणा बो मौरिस 11, रसेल का रबाडा बो मौरिस 45, कार्तिक का धवन बो रबाडा 02,ब्रेथवेट का तेवतिया बो पॉल 06, चावला नाबाद 14, कुलदीप नाबाद 02, **अतिरिक्त** (लेग बाई 01, नोबाल 01, वाइड 03) 05, **कुल** (20 ओवर मे, सात विकेट पर) 178, **विकेट पतन** :1-0, 2-63, 3-93, 4-115, 5-122, 6-161, 7-171, **गेंदबाजी** : इशांत 4-1-21-1, मौरिस 4-0-38-2, रबाडा 4-0-42-2, अक्षर पटेल 4-0-30-0, कीमो पॉल 4-0-46-2

**दिल्ली कैपिटल्स** : पृथ्वी का कार्तिक बो कृष्णा 14, धवन नाबाद 97, श्रेयस का कार्तिक बो रसेल 06, पंत का कुलदीप बो राणा 46, इंग्राम नाबाद 14, **अतिरिक्त** (बाई 01, वाइड 02) 03, **कुल** (18.5 ओवर मे, तीन विकेट पर) 180, **विकेट पतन** :1-32, 2-57, 3-162, **गेंदबाजी** कृष्णा 3-0-25-1, फर्गुसन 3-0-37-0, रसेल 3-0-29-1, कुलदीप 4-0-28-0, चावला 2.5-0-35-0, ब्रेथवेट1-0-13-0, राणा 2-0-12-1

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 7 | 6 | 1 | 12 |
| केआर | 7 | 4 | 3 | 8 |
| मुंबई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 7 | 4 | 3 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| राजस्थान | 6 | 1 | 5 | 2 |
| बेंगलूर | 6 | 0 | 6 | 0 |

## आईपीएल ग्राउंड से

### रोहित चयन के लिए उपलब्ध : जहीर खान



**मुंबई**/ मुंबई इंडियन्स के निदेशक (क्रिकेट संचालन) जहीर खान ने शुक्रवार को कहा कि कप्तान रोहित शर्मा शनिवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आईपीएल के 11 सत्र में पहली बार रोहित को मुंबई इंडियन्स और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच हुए मैच के दौरान बुधवार को मैदान से बाहर बैठना पड़ा। उन्हें यह चोट अभ्यास सत्र के दौरन लगी थी। रोहित के चोटिल होने के बारे में पूछे जाने पर जहीर ने कहा, वह निश्चित दौर पर चयन के लिए उपलब्ध और वह आत्मविश्वास से भरे है। यह हमारे लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा, रोहित अभ्यास करेंगे जिससे चीजों का बेहतर तरीके से पता चलेगा। हम उनके चयन को लेकर आश्वस्त है। रोहित ने शुक्रवार को वानखेडे स्टेडियम में नेट पर अभ्यास भी किया।

### रायल चैलेंजर्स बेंगलोर से जुड़े स्टेन



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी तेज गेंदबाज डेल स्टेन रायल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम में ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाज नाथन कूल्टर-नाइल की जगह लेंगे। स्टेन के टीम के साथ जुड़ने से इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका मे आखिरी स्थान पर काबिज इस टीम की गेंदबाजी को मजबूती मिलेगी। कूल्टर नाइल पीठ दर्द से उबर रहे है और इसलिए टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। आईपीएल के बयान में कहा गया है, रायल चैलेंजर्स बेंगलोर ने चोटिल नाथन कूल्टर नाइल के स्थान पर डेल स्टेन को इंडियन प्रीमियर लीग 2019 के बाकी सत्र के लिए अपनी टीम में लिया है। आईपीएल की पिछली दो नीलामी में स्टेन के लिए किसी भी टीम ने बोली नही लगाई थी। वह पिछली बार आईपीएल मे 2016 मे गुजरात लायन्स की तरफ से खेले थे। वह 2008 से 2010 तक आरसीबी टीम का हिस्सा रहे है। इस दौरान उन्होने 27 विकेट लिए थे। स्टेन आईपीएल में कुल मिलाकर नौ सत्र मे भाग ले चुके है। आरसीबी को मौजूदा सत्र मे अपनी पहली जीत का इंतजार है। लगातार छह मैचो में हार का सामना करने वाली विराट कोहली की नेतृत्व वाली टीम शनिवार को मोहाली में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैदान पर उतरेगी।

### कोहली पर विश्व कप में आरसीबी के खराब प्रदर्शन का असर नहीं पड़ेगा: हॉग



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूव स्पिनर ब्रेड हॉग ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रायल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खराब प्रदर्शन का असर 30 मई से शुरू हो रहे विश्व कप में विराट कोहली के प्रदर्शन पर नही पड़ेगा। कोहली की कप्तानी मे रायल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम इस सत्र में लगातार छह मैचो को गंवा चुकी है और टीम को अब भी पहली जीत का इंतजार है। हॉग ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट मे कहा, इस बात की कोई भी संभावना नही है कि विराट कोहली पर टीम (आरसीबी) के प्रदर्शन का असर पड़े, उसका ध्यान अपने खेल पर है और वह सफल होना चाहता है। विश्व कप मे कोहली के प्रदर्शन को लेकर चिंता ना करे। वह मौजूदा सत्र मे आरसीबी के खराब प्रदर्शन से आश्चर्यचकित नही है क्योंकि टीम कोहली और एबी डिविलियर्स पर जरूरत से अधिक निर्भर है।

## जीत का चौका लगाने उतरेगी मुंबई

● **पोलार्ड और जोसफ पर, राजस्थान रायल्स से जंग**

**एजेंसी।** मुंबई

जीत की हैट्रिक लगा चुकी मुंबई इंडियंस आईपीएल के मैच में शनिवार को राजस्थान रायल्स से खेलेगी तो सभी की नजरें वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड और अलजारी जोसेफ पर लगी होंगी जबकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा भी चोट से उबरकर वापसी करेंगे। रोहित पैर की चोट के कारण 11 सत्र में पहली बार किसी आईपीएल मैच से बाहर रहे। उनकी गैर मौजूदगी में पोलार्ड ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ टीम की कमान संभाली और 83 रन बनाकर हार की कगार से निकालकर मुंबई को तीन विकेट से जीत दिलाई। विजई रन 22 बरस के अलजारी जोसेफ ने बनाए जो इस साल आईपीएल की खोज साबित हुए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकार्ड बनाने वाले जोसेफ ने 12 रन देकर छह विकेट लिए थे। वहीं पंजाब के खिलाफ नाबाद 15 रन बनाकर उन्होंने टीम को जीत तक पहुंचाया। अब देखना यह है कि एंटीगा में जन्मे जोसेफ और आक्रामक पोलार्ड इस फार्म को शनिवार को भी कायम रख पाते हैं या नहीं। वेस्टइंडीज के ही जोफ्रा आर्चर रायल्स टीम का हिस्सा हैं जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उम्दा गेंदबाजी की थी। मुंबई छह मैचों में चार जीत के बाद तीसरे और रायल्स छह मैचों में एक जीत के बाद सातवें स्थान पर है। विश्व कप टीम चयन से ठीक पहले रोहित की चोट ने भारतीय टीम प्रबंधन के लिए खतरे की घंटी बजा दी लेकिन पोलार्ड ने स्पष्ट किया कि वह सिर्फ एहतियात के तौर पर इस मैच से बाहर रहे थे और कल खेलेंगे। रोहित की वापसी से न सिर्फ उनकी फिटनेस को लेकर अनिश्चितता खत्म होगी बल्कि मुंबई का मनोबल भी बढेगा। मुंबई के पास ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, कृणाल पंड्या और सूर्य कुमार यादव के रूप में कई भरोसेमंद बल्लेबाज हैं। मेजबान के पास डैथ ओवरों के विशेषज्ञ जसप्रीत बुमराह और आस्ट्रेलिया के जासन बेहरेनडोर्फ के साथ जोसेफ हैं। चेन्नई के खिलाफ कल तीन विकेट 53 रन पर गंवाने वाले रायल्स को इस गेंदबाजी आक्रमण से सावधान रहना होगा। रायल्स का कोई बल्लेबाज कल बड़ी पारी नहीं खेल सका और स्टोक्स ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। रायल्स के पास कप्तान अजिंक्य रहाणे, संजू सैमसन, स्टीव स्मिथ और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज हैं जिन्हें अपनी क्षमता के अनुरूप खेलना होगा। गेंदबाजी में आर्चर के साथ जयदेव उनादकट, धवल कुलकर्णी, श्रेयस गोपाल और लेग स्पिनर रियान पराग हैं। स्टोक्स से हरफनमौला प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



## सफलता की तलाश में कोहली

● **आरसीबी के लिए पंजाब के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला**



**मोहाली।** लगातार छह हार के बाद विराट कोहली की अगुवाई वाली रायल चैलेंजर्स बेंगलोर आईपीएल में करो या मरो के मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब से खेलेगी जो लगातार अच्छा प्रदर्शन करने मे नाकाम रही है। आरसीबी केलिए इस सत्र मे कुछ भी अनुकूल नही रहा। उसे पिछले मैच मे दिल्ली कैपिटल्स ने हराया जो उसकी लगातार छठी हार थी। विजडन अलमैनेक मे लगातार तीसरी बार वर्ष के अग्रणी क्रिकेटर चुने गए कोहली उम्मीद कर रहे होंगे कि आईपीएल मे उस प्रदर्शन को दोहरा सकें। अब आरसीबी को प्लेआफ में पहुंचने के लिए सभी आठ मैच जीतने होंगे। आरसीबी बल्ले और गेंद दोनो से नाकाम रही है। उसके गेंदबाजो ने सनराइजर्स हैदराबाद को 232 रन बनाने का मौका दिया जब डेविड वार्नर और जानी बेयरस्टा ने शतक लगाए। इसके बाद टीम 113 रन पर आउट हो गई और उसे 118 रन से पराजय झेलनी पड़ी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एबी डिविलियर्स ने 63 और कोहली ने 84 रन बनाए लेकिन आरसीबी के गेंदबाज 205 रन का स्कोर भी नही बचा सके। आंद्रे रसेल के 13 गेंद पर 48 रन की मदद से केकेआर ने जीत दर्ज की। युजवेंद्र चहल ने नौ विकेट लिए है लेकिन बाकी गेंदबाज नाकाम रहे। बल्लेबाजी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले मैच मे आरसीबी 70 रन पर आउट हो गई थी। हरभजन सिंह और इमरान ताहिर के सामने उनके बल्लेबाज नही टिक सके। दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच मे कोहली के 33 गेद मे 41 और मोईन अली के 18 गेद मे 32 रन को छोड़कर कोई बल्लेबाज नही टिक सका। कोहली ने मैच के बाद कहा था , हमें मौकों का फायदा उठाना होगा। रोज बहाना नही बना सकते। हम मैच के दिन अच्छा नही खेल सके और इस सत्र मे हमारी यही कहानी रही है। दूसरी ओर पंजाब ने सात में से चार मैच जीते लेकिन अपने मैदान पर ही कामयाब रहे। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 197 रन बनाकर भी वे हार गए। के एल राहुल ने मुंबई के खिलाफ नाबाद शतक बनाया और क्रिस गेल भी फार्म में दिखे। उन्हें हालांकि मामूली चोट लगी थी और देखना है कि वह कल खेलते है या नही। पंजाब के पास डेविड मिलर और मनदीप सिंह के रूप में दो खतरनाक बल्लेबाज है। मोहम्मद शमी और अश्विन ने गेंदबाजी मे उम्दा प्रदर्शन किया है। अंकित राजपूत , सैम कुरेन , मुजीबुर रहमान, एंड्रयू टाए ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## धोनी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

● **अंपायर के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया के बाद फैसला**

**एजेंसी।** जयपुर

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी राजस्थान रायल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान मैदानी अंपायर से बहस करने के बावजूद प्रतिबंध से बच गए लेकिन उन्हें मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना देना पड़ा। ऐसा संभवत: पहली बार हुआ जब कैप्टन कूल ने अपना आपा खोया और अंपायर उल्हास गंधे के फैसले को चुनौती देने डगआउट से निकलकर मैदान पर आ गए। बीसीसीआई ने कहा , चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एम एस धोनी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन्होंने जयपुर में राजस्थान रायल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन किया। गंधे ने रायल्स के गेंदबाज बेन स्टोक्स की कमर से उंची जाती एक गेंद नोबाल दी लेकिन स्क्वेयर लेग अंपायर ब्रूस ओक्सनफोर्ड से मशविरे के बाद फैसला वापिस ले लिया। विज्ञप्ति में कहा गया , धोनी ने अपराध और सजा स्वीकार कर ली है। आईपीएल टीमों की दशा में फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों की जगह जुर्माना भरेगी। गंधे ने जब नोबाल का फैसला बदला तो धोनी गुस्से में उनकी तरफ इशारा करते नजर आए। ओक्सनफोर्ड के समझाने के बाद वह डगआउट में लौटे। चेन्नई ने हालांकि वह मैच चार विकेट से जीत लिया।आईसीसी की आचार संहिता के तहत अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने पर एक टेस्ट या दो वनडे का प्रतिबंध लग सकता है।

### चारो ओर हो रही आलोचना

**जयपुर।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को राजस्थान रायल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान नोबाल के फैसले पर अंपायर से बहस के कारण काफी आलोचना झेलनी पड़ रही है। कैप्टन कूल धोनी ने अपने स्वभाव के विपरीत आपा खो दिया और डगआउट से बाहर निकलकर अंपायर से बहस करने लगे। अंपायर उल्हास गांधे ने बेन स्टोक्स की गेंद नोबाल करार दी थी लेकिन स्क्वेयर लेग अंपायर से मशविरे के बाद फैसला बदल दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान, आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्क वॉ, भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और हेमांग बदानी ने धोनी की आलोचना की है। वान ने कहा , कप्तान का पिच पर आना सही नहीं है। मुझे पता है कि वह एम एस धोनी है और इस देश में वह कुछ भी कर सकते हैं लेकिन डगआउट से निकलकर अंपायर पर ऊंगली उठाना सही नहीं है। बतौर कप्तान उन्होंने गलत मिसाल पेश की है। वॉ ने ट्वीट किया , मुझे पता है कि टीमों पर फ्रेंचाइजी का दबाव होता है लेकिन मैं दो घटनाओं से काफी निराश हूं। अश्विन और अब एम एस। यह अच्छा नहीं है। भारत के पूर्व बल्लेबाज चोपड़ा ने कहा , इस आईपीएल में अंपायरिंग का स्तर काफी खराब रहा है। वह निश्चित तौर पर नोबाल थी लेकिन विरोधी कप्तान को आउट होने के बाद यूं पिच पर आने का कोई अधिकार नहीं है। धोनी ने गलत परिपाटी कायम की। बदानी ने कहा कि अंपायर को अधिकार था कि वह अपने फैसले को बदले। मैं धोनी की प्रतिक्रिया पर हैरान हूं। कैप्टन कूल ने ऐसा कैसे कर दिया।

### फ्लेमिंग ने किया कैप्टन कूल का बचाव

**धोनी सिर्फ स्पष्टीकरण मांग रहा था**



**जयपुर।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफ्न फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि नो बाल को लेकर अंपायर से उलझने के लिए महेंद्र सिंह धोनी से सवाल पूछे जाएंगे लेकिन कप्तान का बचाव करते हुए कहा कि वह बस स्पष्टीकरण मांग रहा था। फ्लेमिंग ने कहा , वह उस फैसले से नाराज थे कि नोबाल देकर उसे वापिस क्यो लिया गया। वह स्पष्टीकरण चाहते थे। आम तौर पर वह ऐसा नही करते है और मुझे पता है कि आने वाले समय में उनसे यह सवाल बार बार पूछा जाएगा। कुछ गलतफहमी हो गई थी। हमे लगा कि गेंदबाज के छोर पर अंपायर ने नोबाल कहा है। यह गलतफहमी बनी रही कि नोबाल थी या नही। एम एस स्पष्टीकरण चाहता था जो मिल नही रहा था। इसलिए वह जाकर अंपायर से बात करने लगा। मै नही कह सकता कि यह सही था या नही। लेकिन फैसले को लेकर गलतफहमी भी सही नही थी।

### अंपायरों पर जितना दबाव डालोगे, मुश्किलें उतनी बढ़ेंगी : जहीर



**मुंबई।** आईपीएल के वर्तमान सत्र में अंपायरिंग का स्तर लगातार चर्चा का विषय रहा है और मुंबई इंडियन्स के क्रिकेट संचालन निदेशक और पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि अंपायरों पर जितना अधिक दबाव बनाया जाएगा, मुश्किलें उतनी अधिक बढ़ेंगी। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का राजस्थान रायल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान अपने व्यवहार के विपरीत डगआउट से उठकर अंपायर उल्हास गंधे के फैसले को चुनौती देने के लिए मैदान पर जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। जहीर ने इस संदर्भ मे कहा, मेरा मानना है कि कई चीजो मे सुधार हुआ है और सुधार के लिए हमेशा गुंजाइश रहती है। इसलिए अंपायरिंग के स्तर की बात करें तो यह आसान काम नही है और आप उन पर (अंपायरों) जितना अधिक दबाव बनाओगे, मुश्किलें उतनी अधिक बढ़ती जाएंगी। उन्होने मुंबई इंडियन्स और राजस्थान रायल्स के बीच मैच की पूर्व संध्या पर कहा, आप जानते है कि जब तक सही फैसला होगा तब तक चीजें सही रहेंगी। हां इस टूर्नामेंट में हमने देखा जबकि चीजें सीमा से थोड़ा बाहर चली गई लेकिन अगर पूरे मैच के दौरान अंपायरिंग मे निरंतरता हो तो फिर कोई दिक्कत नही होनी चाहिए।

### क्या अंपायरों पर हावी होते हैं स्टार क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** सुंदरम रवि और उल्हास गंधे की गलतियों से आईपीएल में अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठे है लेकिन महेंद्र सिंह धोनी ने सार्वजनिक तौर पर अपना गुस्सा जाहिर करके इस बहस को जन्म दे दिया है कि क्या स्टार खिलाड़ी मैच अधिकारियों को आसानी से धमका देते है। अपने सुनहरे कैरियर मे पहली बार दो बार के विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान धोनी मैदान पर अंपायर गंधे से उलझ गए जिन्होने गुरुवार की रात आईपीएल मैच मे नोबाल देने के बाद वापिस ले ली थी। मशहूर अंपायर के हरिहरन ने कहा , स्टार खिलाड़ी अंपायरो पर दबाव बनाने की कोशिश करते है लेकिन अंपायरो को देखना है कि वे दबाव मे आते है या नही। यह अंपायर की शख्सियत पर निर्भर करता है। इससे पहले विराट कोहली ने एक अन्य मैच मे लसिथ मलिंगा की नोबाल पर ध्यान नही देने पर आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर रवि पर अपना गुस्सा निकाला था। कोहली ने कहा था , हम क्लब क्रिकेट नही खेल रहे है। अंपायरो को चतुराई से काम लेना होगा। कोहली को फटकार भी नही लगी जबकि आईसीसी आचार संहिता के तहत खिलाड़ी अंपायर के फैसले की सार्वजनिक तौर पर निंदा नही कर सकता। हरिहरन ने हालांकि कहा कि सभी अंपायर स्टार खिलाड़ियो के दबाव मे नही आते और जो अपने फैसलो पर अडिग रहते है, उन्हे सम्मान मिलता है।

### धोनी पर सिर्फ 50 प्रतिशत जुर्माना लगाना बचकाना : बेंदी



**जयपुर।** पूर्व भारतीय कप्तान बिशन सिंह बेदी ने डरपोक अधिकारियो को आड़े हाथों लिया जिन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर आईपीएल मैच के दौरान मैदानी अंपायरों से बहस करने के लिए 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया। बेदी ने ट्वीट किया, मीडिया ने धोनी के कल रात मैदान के अंदर आने को अंपायरों के खिलाफ बेहद अपरिपक्व विरोध करार दिया है जिस पर मै हैरान हूं। मेरे लिए यह अबूझ पहेली है कि खेल पत्रकार गलती करने वाले स्थापित सितारों के खिलाफ ईमानदार अभिव्यक्ति करने से क्यों बचते हैं। यहां तक कि अधिकारियों का भी धोनी के प्रति डरपोक रवैया अपनाकर 50 प्रतिशत जुर्माना लगाना बचकाना है। यह घटना चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान घटी थी।

### भारत–पाक क्रिकेट मैच जंग से कम नहीं: सहवाग

**पणजी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेन्द्र सहवाग ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच किसी जंग से कम नही होता है। यहां गोवा फेस्ट कार्यक्रम मे पहुंचे सहवाग ने राजनीति से जुड़ने के सवालो को खारिज करते हुए किसी का नाम लिए बिना इस बात पर जोर दिया लोगो को ऐसे नेता का चयन करना चाहिए जो फैसले लेने मे देरी न करे। विश्व कप मे पाकिस्तान के खिलाफ भारत के खेलने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इस मामले में दो बातों पर चर्चा हो रही है, क्या पाकिस्तान के खिलाफ जंग होना चाहिए या नही (और क्या हमें पाकिस्तान के खिलाफ खेलना चाहिए)। उन्होंने कहा कि हमें वही करना चाहिए जो देश के हित में हो। जब भारत पाकिस्तान के खिलाफ खेलता है तो वह किसी जंग से कम नही होती। हमें जंग जीतनी चाहिए, हारनी नही चाहिए।

### विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज ने कोच पायबस को हटाया

**एंटीगा।** वेस्टइंडीज ने विश्व कप शुरू होने से सात सप्ताह पहले विवादों से घिरे रहने वाले कोच रिचर्ड पायबस को पद से हटा दिया। फ्लायड रीफर को नया अंतरिम कोच बनाया गया है। वही कर्टनी ब्राउन की जगह राबर्ट हैंस चयन समिति के अंतरिम प्रमुख होंगे। पूरी चयन समिति ही बदल दी गई है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने कहा , हैस के रूप में हमें अपनी चयन नीति के अनुरूप काम करने वाला अंतरिम अध्यक्ष मिल गया है। हमें उम्मीद है कि रीफर के साथ वेस्टइंडीज क्रिकेट फिर नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। वेस्टइंडीज को विश्व कप में 31 मई को पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच खेलना है।

### जस्टिन हेनिन रोलां–गैरो जूनियर सीरिज के लिए भारत आएंगी

**नई दिल्ली।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जस्टिन हेनिन 29 अप्रैल से एक मई तक होने वाले रोलां-गैरो जूनियर वाइल्ड कार्ड सीरिज के पांचवें सत्र के मुकाबले के दौरान यहां मौजूद रहेंगी। चार बार की फ्रेंच ओपन विजेता अपनी दो दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान युवा भारतीय खिलाड़ियों के खेल को क्ले कोर्ट पर परखेंगी और युवाओं के लिए टेनिस क्लिनिक का आयोजन करेंगी। फ्रेंच टेनिस महासंघ (एफएफटी) और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि लगातार पांचवें साल इस प्रतियोगिता का आयोजन यहां होगा। इसके मुकाबले दिल्ली लान टेनिस संघ (डीएलटीए) के क्ले कोर्ट पर खेले जाएंगे। विश्व की पूर्व नंबर एक महिला खिलाड़ी हेनिन ने कहा कि वह रोलां-गैरो जूनियर वाइल्ड कार्ड सीरिज के शुरू होने का इंतजार कर रही है।

### युबरानी ने शीर्ष वरीय चिलुमुला को हराकर उलटफेर किया

**कोलकाता।** स्थानीय खिलाड़ी युबरानी बनर्जी ने राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के शीर्ष वरीय तेलंगाना की निधि चिलुमुला को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। तीसरी वरीयता प्राप्त युबरानी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में चिलुमुला को 6-3 6-4 से शिकस्त दी। खिताबी मुकाबले में उनका सामना शेख हुमैरा से होगा। जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में नित्याराज बाबूराज को 6-2 3-6 6-3 से मात दी। पुरूष युगल के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहित मयूर जयप्रकाश और परीक्षित सोमानी ने निकि पूनाचा और दक्षिणेश्वर सुरेश की जोड़ी को हराया। मयूर और परीक्षित ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-4 7-6 से शिकस्त दी।

### हाकी इंडिया ने नए कार्यकारी बोर्ड सदस्यों को शामिल किया

**नई दिल्ली।** हाकी इंडिया ने शुक्रवार को मणिपुर हाकी की उपाध्यक्ष फुरईलात्पमनि निर्मलता को भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा की जगह कार्यकारी बोर्ड का सदस्य बनाया है। हाकी इंडिया की 61वीं कार्यकारी बोर्ड की हाल ही में हुई बैठक मे निर्मलता के अलावा देवेन्द्र प्रताप तोमर को हाकी इंडिया का नया एसोसिएट उपाध्यक्ष और हाकी हरियाणा के महासचिव सुनील मलिक को एसोसिएट महासचिव नामित किया गया है। निर्मलता राज्य स्तर की पूर्व खिलाड़ी है जिनका करियर लगभग 10 वर्षों का था। वह 2009 मे हाकी मणिपुर के अस्तित्व में आने के बाद से इस खेल के प्रशासन से जुड़ी हुई है।

### इंजमाम, बाउचर एमसीसी के मानद आजीवन सदस्य बने

**लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक और दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की मानद आजीवन सदस्यता दी गई है। एमसीसी की वेबसाइट के अनुसार इंजमाम और बाउचर को क्रिकेट में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सदस्यता दी गई है। इंजमाम ने पाकिस्तान की तरफ से 119 टेस्ट मैचों में 50.16 की औसत 8829 रन बनाए जिसमें 25 शतक शामिल हैं।

### गोवा ने संतोष ट्राफी में दिल्ली को 4–2 से हराया

**लुधियाना।** गोवा ने 73वें राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप के लिए खेली जा रही संतोष ट्राफी के ग्रुप ए के मैच में शुक्रवार को यहां दिल्ली को 4-2 से हराया। यहां के गुरू नानक स्टेडियम में खेले गए ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में सेना ने ओडिशा को 2-0 से हराया। दिल्ली के खिलाफ गोवा ने 31वें मिनट में चैतन्य कोमारपंत के गोल से खाता खोला। ग्लान मार्टिन (54वां) और लालवम्पुइया (68वां) के गोलों से टीम ने 3-0 की बढ़त ले ली। दिल्ली ने हालांकि 78वें और 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-3 किया। दोनों गोल पेनल्टी पर आयुष अधिकारी ने किए। स्टेंडली तेओटोनियो फर्नांडिस की 90वें मिनट में किए गोल से गोवा ने 4-2 की बढ़त कर ली जो निर्णायक साबित हुई।

## राजेश्वरी देवी फुटबाल 15 से

**लखनऊ।** राजेश्वरी देवी ठाकुर दास फुटबाल टूर्नामेंट 15 से 21 अप्रैल तक चौक स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिला फुटबाल संघ के सचिव कन्हैया लाल के अनुसार इसमें संघ से संबंध टीमें ही प्रतिभाग करेगी। टीमें: आरए ब्वायज, अलीगंज वॉरियर्स, गोल्डन क्लब, स्टेट क्लब, अवध क्लब, डीपीएस अकादमी जानकीपुरम, टेंडर हार्ड अकादमी, ममता स्पोर्टिंग, अलीगंज स्पोर्टिंग, युवा क्लब, एलडीए क्लब।

## दीपक ने मयंक को चौंकाया

**लखनऊ।** तीसरी आरके शुक्ला स्मारक इंटर कॉलेजिएट चेस चैंपियनशिप के पहले चक्र में दीपक राय ने सफेद मोहरों से खेलते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त अंतरर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी मयंक पांडेय को बाजी छोड़ने पर मजबूर कर दिया। दूसरे राउंड में सभी वरीयता प्राप्त खिलाडियों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियो को आसानी से परास्त कर प्रतियोगिता में अपनी बढ़त बरक़रार रखी। आरिफ अली, पवन बाथम, रवि शंकर, केके खरे, रोहन पांडेय, मनब भट्टाचार्य, अनुज यादव, अर्जुन सिंह, वामसी कृष्णा, अमन अग्रवाल, प्रेम सिंह, और मोहित सिंह सभी 2.2 अंको के साथ बढ़त बनाए हुए है।

## अंकित की धारदार गेंदबाजी

**लखनऊ।** अंकित सिंह की धारदार गेंदबाजी के दम पर गुलमोहर क्रिकेट अकादमी ने शिवपाल सावरिया अंडर-16 चैलेंजर में हिन्दुस्तान फायर को आठ विकेट से पराजित किया। जयपुर स्कूल में हिन्दुस्तान फायर ने पहले बैटिंग करके 16.4 ओवर में मात्र 29 रन बनाए। अमन सिंह ने सबसे ज्यादा सात रन का योगदान दिया। अंकित सिंह ने 15 रन देकर चार विकेट चटकाए। इसके आदित्य प्रियदर्शी और सतीश यादव ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में गुलमोहर क्रिकेट अकादमी ने तीन ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 31 रन बनाकर आठ विकेट से मैच जीत लिया।

## संदीप अकादमी के पूरे अंक

**लखनऊ।** संदीप क्रिकेट अकादमी ने बीबीडी डी डिवीजन लीग क्रिकेट में एलआरसी को आठ विकेट से हराकर पूरे अंक जुटाए। डीएवी ग्राउंड में एलआरसी ने पहले बैटिंग करके 11.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाए। शिवा ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। रितिक यादव ने तीन रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में संदीप क्रिकेट अकादमी ने छह ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाकर आठ विकेट से मैच जीत लिया। सौरभ कुमार ने नाबाद 30, सुंदरम यादव ने नाबाद 25 रन बनाए। रफीक हैदर ने 47 रन देकर दो विकेट लिए।

# सिंधू सेमीफाइनल में

## ● सिंगापुर ओपन

**एजेंसी।** सिंगापुर

पी वी सिंधू करीबी मुकाबला जीतकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि साइना नेहवाल, किदांबी श्रीकांत और समीर वर्मा क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मुकाबले हार गए।

टूर्नामेंट की खिताबी दावेदारी में सिंधू इकलौती भारतीय बची है। साइना, श्रीकांत और समीर के अलावा मिश्रित युगल में प्रणव जैरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय जोड़ी को भी हार का सामना करना पड़ा। रियो ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू ने दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी चीन की केइ यानयान को 21-13, 17-21, 21-14 से हराया। अब उसका सामना पूर्व विश्व चैम्पियन नोजोमी ओकुहारा से होगा। यह इस सत्र में सिंधू का दूसरा सेमीफाइनल है। वह इंडिया ओपन के भी अंतिम चार में पहुंची थी। दूसरी वरीयता प्राप्त जापान की ओकुहारा ने छठी वरीयता प्राप्त साइना को 21-8, 21-13 से हराया। पुरूष एकल में



## ●साइना , श्रीकांत और समीर बाहर

श्रीकांत केंतो मोमोता की चुनौती से पार नहीं पा सके। जापान के इस शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने श्रीकांत को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 19-21, 21-9 से हराया। मोमोता की इस भारतीय खिलाड़ी पर लगातार नौवीं जीत है। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज समीर वर्मा चीनी ताइपै की दूसरी वरीयता प्राप्त चोउ तीएन चेन से 10-21, 21-15, 15 -21 से एक घंटे नौ मिनट चले मुकाबले में हार गए। मिश्रित युगल में प्रणव और सिक्की को थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त दशपॉल पुरावरणुकरो तथा स्पसिरि तेरतनचै की जोड़ी से 14-21, 16-21 से हार कर विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सिंधू ने पहला गेम जीता लेकिन चीनी खिलाड़ी ने दमदार वापसी करके दूसरे गेम में 11-6 की बढ़त बनाई। सिंधू ने अंक जुटाकर स्कोर 15-16 कर दिया। केइ ने हालांकि यह गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक खींचा। तीसरे गेम में सिंधू ने बढत बनाई और कायम रखी। दूसरी ओर पिछले तीन मैचों में ओकुहारा को हराने वाली साइना का मैच एकतरफा रहा। ओकुहारा ने 9-0 की बढ़त बना ली और साइना इस दबाव से निकल ही नहीं सकी। दूसरे गेम में साइना ने 4-0 की बढ़त बनाई लेकिन ओकुहारा ने 6- 6 से वापसी की और इसके बाद साइना को बढत बनाने का मौका नहीं दिया।

## साक्षी, बासुमात्रे फाइनल में, पिंकी, प्रवीण को कांस्य

**एजेंसी।** कोलोन

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन साक्षी (57 किग्रा) और पिलाओ बासुमात्रे (64 किग्रा) ने शुक्रवार को यहां कोलोन मुक्केबाजी विश्व कप के सेमीफाइनल जगह पक्की की तो वहीं पिंकी रानी (51 किग्रा) और प्रवीण (60 किग्रा) को सेमीफाइनल में हार कर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अठारह साल की साक्षी ने थाईलैंड की तिनताबथाई



प्रिडाकामोन को कोई मौका नहीं दिया और 5-0 की जीत दर्ज की। दो बार की युवा विश्व चैम्पियन का फाइनल में राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता आयरलैंड की मिशेला वाल्स से होगा। स्ट्रैंड्जा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता बासुमात्रे को डेनमार्क की एइआजा दित्ते फ्रोस्तोल्म को खंडित फैसले से हराया। फाइनल में 26 साल की इस खिलाड़ी का मुकाबला चीन की चेंगयू यांग से होगा। स्ट्रैंड्जा मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक विजेता मैसनाम भी फाइनल में पहुंच गई है। छोटे ड्रा के कारण वह सीधे फाइनल में खेलेंगीं राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता पिंकी रानी (51 किलो) को हालांकि सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इंडिया ओपन की स्वर्ण पदक विजेता पिंकी रानी को अयरलैंड की कार्ले मैकनौल ने हराया जबकि इंग्लैंड की मुक्केबाज पैगे मुरने ने प्रवीण को शिकस्त दी।

# जोशना चिनप्पा मकाऊ ओपन केअंतिम चार में

## ●सौरव बाहर

**एजेंसी।** मकाऊ

तीसरी वरीयता प्राप्त जोशना चिनप्पा ने मकाऊ ओपन स्क्वाश चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां मिस्र के मायर हानी को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

जोशना ने पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। पुरूषों के वर्ग में हालांकि दूसरी वरीयता प्राप्त सौरव घोषाल को छठे वरीय





स्काटलैंड के ग्रेग लोब्बान से हार का सामना करना पड़ा। लोब्बान ने इस क्वार्टर फाइनल मुकाबले का पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 6-11, 11-8, 11-5, 11-8 से जीत दर्ज की। घोषाल ने इससे पहले 77 मिनट तक चले मुकाबले में महेश मंगांवकर को 9-11, 11-7, 10-12, 11-2, 11-9 से हराया था। जोशना को पहले दौर में बाई मिला जबकि दूसरे दौर में उन्होंने न्यूजीलैंड की अमांडा लैंडर्स-मर्फी को सीधे गेम में 11-5, 11-8, 11-9 से शिकस्त दी।

## कूह स्पोर्ट्स सात विकेट से विजयी

**लखनऊ।** कूह स्पोर्ट्स क्लब ने सुधीर रॉय कप अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में जयपुरिया क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से मात दी। सीएसडी सहारा में खेले गए लीग मैच में जयपुरिया क्रिकेट अकादमी पहले बैटिंग करके 32 ओवर में 71 रन बना सकी। सोनू कुमार ने 26और कार्तिक कपूर ने 10 रन का सहयोग दिया। सरफराज हुसैन ने 14 रन देकर चार और ईशान राय ने 26 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किए। जवाब में कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने 20.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाकर सात विकेट से जीत हासिल की। वेदांश चौधरी ने 39 रन बनाए। यश कृष्णन ने 14 रन देकर एक विकेट लिए। इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय विद्यालय 'सीएसडी सहारा ग्लोबल अकादमी का शुभारम्भ सहाराश्री सुब्रत रॉय सहारा, मैनेजिंग वर्कर व चेयरमैन किया।

## अवध के शेर ने फाइटर आल्हा-उदल को दी मात

पायनियर समाचार सेवा। **लखनऊ**

मोहित के आतिशी अर्धशतक की बदौलत अवध के शेर ने इंडियन ग्रामीण क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में फाइटर आल्हा-उदल को छह विकेट से मात दी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में फाइटर आल्हा-उदल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाए। ऋषि ने सर्वाधिक 65 रन बनाए, जबकि निखिल ने भी 45 रन की उम्दा पारी खेली। अवध के शेर की ओर से गेंदबाजी करते हुए चंदन ने तीन विकेट चटकाए। आरपी और मनीष को एक-एक विकेट मिला। जवाब में अवध के शेर ने 14.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर जीत के लिए आवश्यक रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम से मोहित ने 38 गेंदों पर सात चौकों व दो छक्कों की सहायता से 69 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं मनीष ने 20 गेंदों पर 24 रन की पारी खेली।

# अखिल इंफ्रा ने यूपी टिम्बर को दी मात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

अंशुल कपूर के नाबाद 74 रनों की मदद से अखिल इंफ्रा क्लब ने द्वितीय गुरचरन कौर साहनी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में यूपी टिम्बर को छह विकेट से हराया। एलडीए स्टेडियम पर यूपी टिम्बर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपराज निगम के 36, आतिफ साजिद के 38 और विश्वजीत मिश्रा के 30 रनों की मदद से 39.3 ओवर में 189 रन बनाए। अखिल इंफ्रा से संदीप यादव ने तीन और विकास सिंह और चंद्रेश कुमार ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में अखिल इंफ्रा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अंशुल कपूर के नाबाद 74, विकासदीप यादव के 36 और शिवम शर्मा के नाबाद 30 रनों की सहायता से 34.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। यूपी टिम्बर से हसन अख्तर, अभिषेक सिंह, आतिफ साजिद व प्रिंस मौर्या को एक-एक विकेट मिला। एनआर स्टेडियम में खेले गए दूसरे मैच में यार्कर क्लब ने इंडियन इलेवन को एक विकेट से हराया। इंडियन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करके 40 ओवर में 220 रन बनाए। जवाब में यार्कर क्लब ने 39.1 ओवर में नौ विकेट गंवाकर जीत के लिए आवश्यक रनों का लक्ष्य पा लिया।



### आरबीएन ग्लोबल क्लब सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** आरबीएन ग्लोबल क्लब ने आस्का हास्टल को 149 रनों से शिकस्त देकर रंजना सिंह अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मल्टी एक्टिविटी ग्राउंड में खेले गए क्वार्टरफाइनल में आरबीएन ग्लोबल क्लब ने पहले बैटिंग करके 40 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए। यू. तिवारी ने 45, वैभव सिंह ने नाबाद 40, श्रेयांश यादव ने 37, किशन तिवारी ने नाबाद 36 और जयवर्धन सिंह ने 28 रनों की उपयोगी पारी खेली। मोंटी सोनकर ने 21 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में आस्का हास्टल 20.1 ओवर में केवल 76 रन बनाकर आल आउट हो गयी। शुभंकर ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। दिव्यांश पांडेय ने 14 रन देकर तीन, आर्यन श्रीवास्तव ने 18 रन देकर तीन और वैभव ने 16 रन देकर दो विकेट लिए।

### डिवाइन अकादमी आठ विकेट से जीती

**लखनऊ।** डिवाइन क्रिकेट अकादमी ने हरीश चन्द्र स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में पार्थ क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से शिकस्त दी। पार्थ रिपब्लिक में पार्थ क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करके 40 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। हर्षित राज ने 40 और मंजीत यादव ने 31 रन बनाए। रामजी गुप्ता ने 33 रन देकर दो, कुशाग्र श्रीवास्तव ने 17 रन देकर दो और गुफरान खान ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में डिवाइन क्रिकेट अकादमी ने 21.3 ओवर में दो विकेट पर 136 रन बनाकर आठ विकेट से जीत हासिल की। गुफरान खान ने नाबाद 57, अमन त्रिपाठी ने 29, मुकेश वर्मा ने 26 और इरफान खान ने नाबाद 25 रन बनाए। मनीष वर्मा ने 37 रन खर्चकर एक विकेट लिए।

## यूपी महिला हैंडबाल टीम ने जीता कांस्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की महिला हैंडबाल टीम ने गत नौ से 12 अप्रैल तक संगरूर (पंजाब) में हुई पुरुष व महिला इंटरजोन हैंडबाल चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। यूपी महिला टीम हिमाचल प्रदेश के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रही। यूपी हैंडबाल एसोसिएशन के महासचिव आनन्देश्वर पांडेय ने बताया कि सेमीफाइनल में पंजाब ने यूपी को 14-11 से मात दी जिसके चलते उसे कांस्य पदक मिला। इससे पूर्व यूपी ने अपने पहले मैच में मणिपुर को 19-10 से हराया, जबकि हरियाणा से यूपी को शिकस्त मिली। टीम: मंजुला पाठक, एकता चौहान, आकांक्षा मिश्रा, पूजा पाल, आरती यादव, जाहन्वी यादव, हिना खातून, रीतू पाल, युक्ता राय, आफरीन आजाद, मोनी चौधरी, निक्की, दिव्यांशी शुक्ला, रेहाना बानो, पायल, सपना कश्यप, राधा। कोच: मो. तौहीद।

# मुफ्त बिजली व कर्जमाफी किसानों की समस्या का दीर्घकालिक समाधान नहीं

● पंजाब नेशनल बैंक के 125वें स्थापना दिवस के अवसर पर बोले उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू

● बैंकों में बढ़ता एनपीए बड़ी चिंता का विषय है क्योंकि इसने निश्चित रूप से बैंकों की ऋण देने की क्षमता को प्रभावित किया है : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**राजनेताओं** को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने से आगे बढ़कर सोचने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को कहा कि मुफ्त बिजली और ऋण माफी जैसी योजनाएं किसानों के संकट का दीर्घकालिक समाधान नहीं हो सकती। उपराष्ट्रपति का यह बयान इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि वर्तमान में चल रहे आम चुनावों में राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़े बड़े लोकलुभावन वादे करने में लगे हुए हैं।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के 125 वें स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने कहा, नि: शुल्क बिजली लोगों को सुनिश्चित बिजली आपूर्ति चाहिए, वे नियमित बिजली चाहते हैं और फिर कर्ज माफी का मुद्दा। ए सब कुछ (योजनाएं) किसानों को लंबे समय में मदद करने नहीं जा रहे हैं क्योंकि कहानी यहां खत्म नहीं होती। उन्होंने कहा, हमें यह देखना होगा कि हम बुनियादी ढांचे को ताकत प्रदान करें, हम बेहतर बाजार के अवसर देते हैं, किसानों को समय पर, वहन करने योग्य और सस्ते ऋण उपलब्ध हों। ये सब दीर्घकालिक समाधान हैं। देश के नीति निर्माताओं को इन सब दिशाओं पर सोचने की जरुरत है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने न्यूनतम आय गारंटी योजना के तहत 20 प्रतिशत गरीबों को न्याय देने का वादा किया है। इस योजना में लक्षित परिवार को प्रति वर्ष 72,000 रुपए दिए जाएंगे।

दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में कहा है कि वह सभी किसानों को 6,000 रुपए प्रति वर्ष पीएम किसान योजना का लाभ देगी। मौजूदा समय में, यह पांच एकड़ तक के खेत जोतने वाले किसानों तक ही सीमित है। एक अन्य राजनीतिक दल द्रमुक ने किसानों के लिए ऋण माफी योजना का वादा किया है। बैंकिंग प्रणाली में बढ़ती गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) पर उन्होंने कहा, यह एक बड़ी चिंता का विषय है क्योंकि इसने निश्चित रूप से बैंकों की ऋण देने की क्षमता को प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा कि भारत को वित्तीय धोखाधड़ी और बैंक खातों पर सूचना और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए और संधियों में प्रवेश करना चाहिए और डिफाल्टर के मामले में न्याय दिलाने में अंर्ताष्ट्रीय एजेंसियों के साथ काम करना चाहिए।

इस अवसर पर पीएनबी के एमडी सुनील मेहता ने कहा कि बैंक का इतिहास हमेशा आधुनिक भारत के इतिहास के साथ मजबूती से जुड़ा रहा है। मेहता ने कहा, "पिछले वर्षों के दौरान, पंजाब नेशनल बैंक ने दो विश्व युद्ध, विभाजन और आर्थिक मंदी सहित विभिन्न चुनौतियों का सामना किया है। आज, यह 7,000 से अधिक शाखाओं के साथ दुनिया भर में 11 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और लगभग 70,000 लोगों को रोजगार देता है।

# खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति में हुई बढ़ोतरी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**खाद्य** वस्तुओं तथा ईंधन के दाम बढ़ने से देश में खुदरा मुद्रास्फीति की दर मार्च महीने में मामूली बढ़कर 2.86 प्रतिशत पर पहुंच गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति एक महीना पहले फरवरी में 2.57 प्रतिशत रही थी जबकि एक साल पहले मार्च में यह 4.28 प्रतिशत पर थी। खुदरा मुद्रास्फीति अब करीब आठ माह से रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है। जुलाई, 2018 में यह 4.17 प्रतिशत रही थी।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च महीने में खाद्य वस्तु समूह की मुद्रास्फीति बढ़कर 0.3 प्रतिशत हो गई जो कि फरवरी में 0.66 प्रतिशत घटी थी। ईंधन और प्रकाश श्रेणी में भी मुद्रास्फीति बढ़ी। मार्च में ईंधन और प्रकाश खंड में मुद्रास्फीति बढ़कर 2.42 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 1.24 प्रतिशत थी। फलों और सब्जियों में मार्च में क्रमश: 5.88 प्रतिशत और 4.90 प्रतिशत की गिरावट रही। अनाज और उत्पादों में मुद्रास्फीति घटकर 1.25 प्रतिशत रह गई, जो पिछले महीने 1.32 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 2.9 से 3 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य वस्तुओं तथा ईंधन कीमतों में कमी तथा वर्ष के दौरान सामान्य मानसून की उम्मीद के बीच केंद्रीय बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को कम किया। वित्त वर्ष 2019-20 की दूसरी छमाही के लिए रिजर्व बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति की दर 3.5 से 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा करते समय खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर गौर करता है।

## वेदांता रिसोर्सेज ने बांड के जरिए जुटाए एक अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज ने बांड के जरिए एक अरब डॉलर जुटाए हैं और वह इस राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से कर्ज के भुगतान के लिए करेगी। कंपनी ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी में कहा है, वेदांता रिसोर्सेज ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी वेदांता रिसोर्सेज फाइनेंस-दो पीएलसी के जरिए बांड के माध्यम से एक अरब डॉलर जुटाए। ये बांड दो किस्तों में जुटाए गए, जिसकी औसत लागत 8.75 प्रतिशत और औसत परिपक्वता अवधि 5.8 साल रही है। कंपनी का लक्ष्य बांड की बिक्री से प्राप्त धन का इस्तेमाल मुख्य रूप से कंपनी के कर्ज का भुगतान करना है। उसने कहा, दो हिस्सों में बेचे गए बांड में यूरोप, उत्तर कोरिया और एशिया के वैश्विक निवेशकों ने निवेश किया।

## 16 बोइंग 737-800 एनजी विमान पट्टे पर लेगा स्पाइसजेट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● कंपनी ने उड़ानें रद्द होने की समस्या को कम करने लिए उठाया कदम

**हवाई सेवा** प्रदाता स्पाइसजेट अपने बेड़े में 16 बोइंग 737-800 एनजी विमानों को शामिल करेगी। उसने उड़ानें रद्द होने की समस्या को कम करने और अंतराष्ट्रीय एवं घरेलू स्तर पर अपनी मौजूदगी को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है। सभी विमान ड्राई लीज (बिना चालक दल के विमान पट्टे पर लेने की व्यवस्था) के तहत लिए जाएंगे। स्पाइसजेट ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। इस व्यवस्था के तहत , पट्टे पर विमान देने वाली कंपनी बिना चालक दल के किसी एयरलाइन को विमान किराए पर देती है जबकि वेट लीज के तहत पूरे चालक दल के साथ विमान पट्टे पर दिया जाता है। एयरलाइन ने कहा, स्पाइसजेट बिना चालक दल के विमान किराए पर लेने की व्यवस्था के तहत अपने बेड़े में 16 बोइंग 737-800 एनजी विमान शामिल करेगी। विमानों के आयात के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पास अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के लिए आवेदन किया गया है। कंपनी ने कहा कि नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद, अगले दस दिन में स्पाइसजेट के बेड़े में विमान शामिल होने लगेंगे।

## क्विक न्यूज

### जापान की अदालत ने कार्लोस घोसन की हिरासत अवधि बढ़ाई

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में फंसे निसान के पूर्व चेयरमैन कार्लोस घोसन की हिरासत अवधि शुक्रवार को बढ़ा दी। अब घोसन 22 अप्रैल तक हिरासत मे रहेंगे। घोसन (65) को तब तक तोक्यो के एक हिरासत केंद्र मे रखा जाएगा जब तक कि एजेसियां या तो उन्हें रिहा नही कर दे या उन्हें फिर से गिरफ्तार नही कर ले। अभियोजन पक्ष जिसमें घोसन द्वारा निसान की राशि ओमान के एक वितरक को देने के आरोपो पर गौर कर रहा है। माना जा रहा है कि इस राशि का इस्तेमाल लग्जरी नाव खरीदने मे किया गया था।

### स्टरलाइट पावर ने ब्राजील में पम्पा परियोजना के किया करार

**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर ने ब्राजील मे रियो ग्रांड डो सुल मे पम्पा पारेषण परियोजना के लिए करार किया है। इस परियोजना मे।,394.79 करोड़ रुपए का निवेश होगा। स्टरलाइट पावर ने शुक्रवार को एक बयान मे कहा, यह समझौता बैच 13 के लिए किया गया है। कंपनी को इसकेलिए ठेका ब्राजील के बिजली नियामक ब्राजीलियन इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटर एजेंसी (एएनईईएल) की नीलामी मे मिला है। कंपनी ने बताया कि परियोजना के मार्च 2023 मे पूरा होने की उम्मीद है।

### सीईआरसी ने अडाणी के मुद्रा संयंत्र के बढ़े शुल्क को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) ने अडाणी पावर के 2,000 मेगावाट के मुद्रा बिजली संयंत्र के बढ़े शुल्क को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। सीईआरसी ने एक आदेश मे कहा, आयोग ने अधिनियम की धारा 79 (1)(बी) की शक्तियों का बिजली खरीद अनुबंध के अनुच्छेद 18.1 के साथ इस्तेमाल करते हुए बोली-01 और बोली-02 के संबंध मे पूरक पीपीए को मंजूरी दे दी। बिजली वितरण करने वाली कंपनी गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड ने पिछले साल सीईआरसी से अडाणी के मुंद्रा संयंत्र के साथ दो हजार मेगावाट के लिए हुए पीपीए की शर्तों को संशोधित करने की मांग की थी।

Infosys — 4थी तिमाही 2018-19 (करोड़ ₹ में)

| इन्फोसिस लिमिटेड (31 मार्च) | 2018 | 2019 | पिछले साल की तुलना में वृद्धि % |
|---|---|---|---|
| आय | 18735 | 22204 | 18.5 |
| व्यय | 13729 | 16921 | 23.3 |
| संचालन लाभ | 5006 | 5283 | 5.5 |
| कर-पूर्व लाभ | 5006 | 5283 | 5.5 |
| शुद्ध लाभ | 3690 | 4078 | 10.5 |
| प्रति शेयर आय (₹) | 8.49 | 9.37 | |


अंकेक्षित, समेकित — पीटीआई ग्राफिक

# इंफोसिस का चौथी तिमाही शुद्ध लाभ 10.5% बढ़ा

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**सूचना** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंफोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2018- 19 की अंतिम तिमाही में 10.5 प्रतिशत बढ़कर 4,078 करोड़ रुपए रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2017-18 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,690 करोड़ रुपए रहा था। शेयर बाजार को भेजी जानकारी में कंपनी ने बताया कि समीक्षावधि में उसकी आय 19.1 प्रतिशत बढ़कर 21,539 करोड़ रुपए हो गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 18,083 करोड़ रुपए रहा था।

देश की दूसरी सबसे बड़ी साफ्टवेयर सेवा कंपनी ने स्थिर मुद्रा विनिमय दर पर चालू वित्त वर्ष के दौरान कंपनी को कारोबार में 7.5 से 9.5 प्रतिशत तक वृद्धि होने की उम्मीद है। पूरे वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 3.9 प्रतिशत घटकर 15,410 करोड़ रुपए रहा। जबकि कंपनी का कुल कारोबार 17.2 प्रतिशत बढ़कर 82,675 करोड़ रुपए रहा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, हमारे योजनाबद्ध निवेश का प्रतिफल मिलना शुरू हो गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान हम अपने कारोबारी परिचालन की क्षमता बढ़ाने के लिए कई और कदम उठाएंगे। उन्होंने कंपनी के परिणामों को राजस्व वृद्धि, डिजिटल पोर्टफोलियो के प्रदर्शन और बड़े सौदों समेत कई पैमानों पर मजबूत करार दिया।



# ‘जीवन का सूनापन दूर करने के लिए ही अभिनय में आया’

**टेलीविज़न के लोकप्रिय शो ‘ससुराल सिमर का’ में लीड भूमिका निभा रहे अभिनेता सुमीर पशरीचा ने पायनियर संवाददाता मुज़्बा हाशमी के साथ एक विशेष बातचीत में अपनी अब तक की यात्रा और ‘तेनाली राम’ सीरीज़ के माध्यम से टीवी पर वापसी के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश–**



**■ कृपया अपने चरित्र तेनाली राम के बारे में कुछ बताइये?**

– मैं इसमें शेखचिल्ली का चरित्र निभा रहा हूं। इस चरित्र को टीवी पर इससे पहले नहीं देखा गया अत: ये अत्यंत रोचक शब्द है। अभी मैंने इसकी शूटिंग प्रारंभ नहीं की है लेकिन इसकी स्क्रिप्ट पढ़ने से ही इसके रोचक होने का पता चलता है। शेख चिल्ली महा आलसी है और दूसरों को भी आलसी बनने की प्रेरणा देता है। वो लोगों को प्रभावित करता रहता है। कहता है कि छोड़ो न काम क्यों करना है, क्या जरूरत है, अपने आप हो जाएगा। गांव के हर व्यक्ति को आलसी बना देता है और वो इतना आलस फैल जाता है कि राजा उसको अपने महल बुलाता है तो वो राजा को भी आलसी बना देगा। इसी बिंदु पर तेनाली राम आता है और हर प्रकार के आलस को अपनी बुद्धि के बल पर समाप्त कराता है। अब वो इसमें सफल होगा या नहीं, तो केवल आने वाले एपिसोड्स देखकर ही पता चल सकता है।

**■ आप ऐसा रोल आने पर किस प्रकार की योजना बनाकर काम करते हैं?**

– मैं अपने चरित्र शेखचिल्ली को करने के लिए विविध ढंग अपनाता हूं ताकि अपने चरित्र से मैं न्याय कर पाऊं। लेकिन ये भी सही है कि आप कितनी भी योजना बना लें और किसी रोल को करने की कितनी भी योजनाएं बना लें लेकिन जब शूटिंग प्रारंभ होती है तो सबकुछ अपने ढंग से होने लगता है। रचनात्मकता अपने आप आती है। जब मैं सेट पर पहुंचता हूं और अपने चरित्र को विस्तार से समझता हूं मेरे लिए उसे निभाना तभी और अधिक प्रभावी हो पाता है।

**■ इस रोल के लिए आपने क्या सोचकर अपनी सहमति दी?**

– एक लंबे समय के बाद किसी चैनल ने मुझे काम करने का ऑफर दिया है। जब कोई चैनल आपको बुलाता है तो ये बड़ी बात होती है और आपको इसका सम्मान करना चाहिये। मुझे प्रसन्नता है कि मुझे सब टीवी पर काम करने का अवसर मिला है क्योंकि इससे पहले मैंने उनके साथ कभी काम नहीं किया है। कॉमेडी करना मेरा मजबूत पक्ष है। मैं लगभग 4 साल के बाद इसपर लौट रहा हूं। बीच में मुझे कई छोटे छोटे रोल मिले लेकिन वे मुझे पसंद नहीं थे। मुझे ये रोल रोचक और अनूठा लगा और यही कारण था कि मैंने हां कह दिया। अपने रोल को लेकर मैं काफी सकारात्मक हूं।

**■ ‘पम्मी आंटी’ का विचार कैसे आप के मन में आया?**

– जब मैंने ‘ससुराल सिमरन का’ पूरा किया था उसके बाद से मैं काम से ब्रेक पर था। फिर एक दिन ऐसे ही बैठे बैठे मेरे मन में दो चार लाइनें आईं और मैंने उन्हें फेसबुक और इंस्टाग्राम पर डाल दिया। लोगों को ये बहुत अच्छी लगीं। मैं कुछ दिन ऐसे ही रहा फिर मुझे पता ही नहीं चला कि ये वीडियो कब वायरल हो गए। इसके बाद से तीन साल हो गए मुझे यूट्यूब पर पम्मी आंटी के वीडियो बनाते हुए। मुझे इसके लिए विष्व भर से कई पुरस्कार भी मिले। मजाक मजाक में अवार्ड भी मिल गए।

**■ ‘कोड रेड से लेकर ‘कॉमेडी नाइट्स बजाओ’ तक चीजो में किस प्रकार का परिवर्तन आपने देखा है?**

– अभिनय बिलकुल पाकषास्त्र की तरह है। आप जितना अधिक भोजन बनाएंगे उतना ही आप कुशल होते जाएंगे। यही बात अभिनय में भी लागू होती है जितना अधिक आप काम करेंगे अभिनेता के रूप में आप उतना ही अधिक परिपक्व होते जाएंगे। जब आप किसी प्रोजेक्ट पर काम करते हैं ऐसे में यदि उसकी क्रियेटिव टीम को पता है कि उन्हें आपसे क्या अपेक्षा है तो सबकुछ अच्छा होता चलता है। जब मैंने कोड रेड किया तो उसके निर्देषक मोहित हुसैन को पता था कि उन्हें मुझसे किस प्रकार के प्रदर्षन की अपेक्षा थी। फिर बाद में सबकुछ वैसा ही उभर कर सामने आया भी। कॉमेडी नाइट बचाओ के साथ भी ऐसा ही हुआ, मैंने बहुत कुछ सीखा वहां से। मुख्य बात ये है कि आप जितना अधिक काम करेंगे, उतना ही अधिक सीखेंगे और एक अभिनेता के तौर पर आपमें उतना ही सुधार आता जाएगा।

**■ शो ‘ससुराल सिमर का’ में शैलेंन्द्र भारद्वाज का चरित्र निभाने के दौरान आपका अनुभव कैसा रहा?**

– ये टीवी पर मेरा पदार्पण कार्यक्रम था। जब पहले दिन मैं सेट पर पहुंचा तो थियेटर में काम करने के कारण मुझे सेट, कैमरा और शूटिंग आदि बातों का अनुभव नहीं था। अब आज जब मैं पलट कर पीछे देखता हूं तो मुझे अपनी छोटी छोटी सी त्रुटियों के बारे में सोचकर हंसी आती है। एक बार मेरे निर्देषक ने मुझसे कहा कि कैमरे पर चीक शॉट दे दो। मैं इतना भ्रमित हो गया कि चीक मतलब क्या? मैं किस प्रकार का लुक दूं। मैंने उस शो से काफी कुछ सीखा और मैं अपनी सफलता का पूरा श्रेय उस शो को ही देता हूं। मेरी पूरी ट्रेनिंग वहीं हुई क्योंकि वहां की टीम में काफी मंझे हुए लोग काम कर रहे थे। जिनमें जयति भाटिया का नाम मुख्य था और वो तेनाली राम में भी मेरे साथ काम कर रही हैं। मैं इस इंडस्ट्री में जहां बहुत लोग आ के चले जाते हैं, केवल इसीलिये टिका रह सका हूं क्योंकि मेरा आधार सषक्त है।

**■ क्या आप हमेशा से अभिनेता ही बनना चाहते थे?**

– नहीं, ऐसा नहीं था। कभी कभी ख्याल आता था लेकिन इतनी हिम्मत नहीं थी। मुझे कहीं न कहीं अभिनय से उतने पैसे नहीं कमा पाऊंगा या इस फील्ड में कोई कॅरियर नहीं होता। मैं एक बिजनेस परिवार से आता हूं और हमें यही सिखाया जाता है कि आप सुरक्षित जॉब पर नजर रखें। लेकिन मैं छोटे स्तर के थियेटर कार्यक्रम किया करता था। बाद में एमबीए की डिग्री के लिए बाहर भी गया। वहां मैंने दस सालों तक काम किया। लेकिन फिर मुझे लगा कि जीवन में कुछ सूनापन है। मैं ये सब नहीं करना चाहता था। मुझे अभिनय ही करना है। फिर मैं भारत वापस आ गया और थियेटर करने लगा। फिर में थियेटर में सक्रियता से काम करने लगा। मैंने सोचा कि देखता हूं कि सबकुछ ठीक होने में कितना समय लगता है।

**■ आप शाहरुख खान से चेहरा मिलने के कारण भी जाने जाते हैं। आप इसपर किस प्रकार से प्रतिक्रिया देते हैं?**

– मैं जब स्कूल में था तभी से मुझे इस प्रकार की बधाईयां मिलती आ रही थीं। लेकिन जैसा कि कहा जाता है कि केवल लुक से ही बात नहीं बनती। यदि मेरी प्रतिभा भी उनके जैसी हो जाए और उनके जैसा अभिनय कर पाऊं तो कुछ बात है।

**■ भविष्य के लिए आपकी क्या योजनाएं हैं?**

– मैं टेलीविजन के अलावा भी कई चीजें करता रहता हूं। मैं फिल्म फेस्टिवल के पैनल में बतौर जज रखा गया हूं। अत: आप समझ सकते हैं कि मैं कितना व्यस्त हूं।। मैं इधर निर्माता बनने की भी योजना बना रहा हूं। अत: उस काम को ध्यान में रखते हुए स्क्रिप्ट आदि भी लिखनी पड़ती हैं। अब ये कहानियां कितनी सफल होती है या नहीं होती, तो केवल समय ही बता सकता है।

## शाहरुख खान ने ‘फौजी’ के निर्देशक को दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली।** अभिनेता शाहरुख खान ने कहा कि फौजी के सेट पर दिवंगत कर्नल राजकपूर के कारण उन्हें बहुत लाड़-प्यार दिया जाता था। उन्होंने वर्ष 1988 में टेलीविजन सीरीज ‘फौजी’ का निर्देशन किया था। राजकपूर का इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली में निधन हो गया। शाहरुख खान ने 87 वर्षीय निर्देशक को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया, वो मुझसे बहुत प्यार करते थे। मुझे प्रेरित करते थे और अगर आज सेट पर मुझे लाड़-प्यार पाने की आदत है तो सिर्फ उनकी वजह से, उन्होंने मुझ जैसे एक साधारण से लड़के को अपने जैसा ‘फौजी’ बनाया। हम आपको बहुत याद करेंगे सर..हमेशा। आपको आपके नए मिशन पर शांति मिले। बढ़ती उम्र में उन्हें कई बीमारियों ने घेर लिया था, जिससे बुधवार को उनका निधन हो गया। इस बात की जानकारी उनकी बेटी रितंभरा ने दी।

## स्टार की तरह राजनीति में नहीं आई हूं: उर्मिला



**मुम्बई।** 1990 के दशक की फिल्म स्टार उर्मिला मातोंडकर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं लेकिन उनका कहना है कि वह स्टार के तौर पर राजनीति में नहीं आई हैं और लोगों के प्रतिनिधि के तौर पर पहचान बनाना पसंद करेंगी। उर्मिला ने एक साक्षात्कार में कहा, मैं स्टार की छवि के साथ यह सब नहीं कर रही हूं। मैं जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने का प्रयास कर रही हूं। मुझे पता है कि यह कठिन है। उन्होंने कहा, मैं जनप्रतिनिधि के तौर पर उनमें अपने प्रति विश्वास जगाना चाहती हूं न कि किसी अन्य स्टार की भांति हाथ हिलाकर केवल वोट मांगना चाहती हूं। क्योंकि इन विचारों के साथ मैं राजनीति में नहीं आई हूं। यह पूछने पर कि वह लोकप्रिय चेहरा हैं और वोट मांगने के लिए क्या बॉलीवुड की अन्य हस्तियां उनके साथ आएंगी तो उन्होंने तुरंत जवाब दिया, मैं दूसरों के बारे में बात नहीं कर सकती, यह उचित नहीं है। वह मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं जहां से कभी गोविंदा भी सांसद रहे हैं। चुनाव प्रचार में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रही उर्मिला का कहना है कि इलाके के मुख्य मुद्दे हैं आवास, पानी की कमी और साफ-सफाई। उर्मिला का मुकाबला भाजपा नेता गोपाल शेट्टी से है।

## वेब सीरीज डेब्यू को लेकर उत्साहित शबीर



**मुंबई।** अभिनेता शबीर अहलूवालिया ‘फिक्सर’ के साथ वेब सीरीज की दुनिया में कदम रखने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इस मंच की छोटी और लचीली शूटिंग अवधि एक मुख्य आकर्षण है। ‘फिक्सर’ एकता कपूर के आल्ट बालाजी का शो है। शबीर इसमें जयवीर मलिक का प्रमुख किरदार निभाएंगे। शबीर ने एक बयान में कहा, मैं आल्ट बालाजी के साथ वेब सीरीज की दुनिया में कदम रखने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं पहले से ही ‘कुमकुम भाग्य’ में शामिल हूं और इस शो के जरिए बालाजी के साथ मेरे साथ का और विस्तार हो गया है, जो यादगार है। एकता कपूर के साथ मेरा काफी अच्छा रिश्ता है और इतने दिलचस्प फॉरमेट में उनके साथ फिर से काम करना बेहद शानदार है।’ ‘फिक्सर’ एक दागदार एटीएस अधिकारी की कहानी है, जो मुंबई के फिल्म माफिया और उद्योगपतियों के चक्रव्यूह में फंस जाता है और आखिरकार एक फिक्सर बन जाता है।

## ‘ब्रीद’ सीजन 2 में नजर आएंगी सैयामी



एजेंसी। मुंबई

**अभिषेक** बच्चन, अमित साध और नित्या मेनन स्टारर ‘ब्रीद’ के दूसरे सीजन से अब सैयामी खेर भी जुड़ गई हैं। शुक्रवार को अमेजन प्राइम वीडियो ने सैयामी खेर के दूसरे सीजन में मुख्य किरदार के तौर पर जुड़ने की घोषणा की। सीरीज में अमित एक बार फिर इंस्पेक्टर कबीर सावंत का किरदार निभाएंगे। इसका निर्देशन मयंक शर्मा करेंगे। सैयामी ने कहा, ‘ब्रीद से मेरा डिजिटल सीरीज में पर्दापण होगा। इसके लिए अमेजन प्राइम वीडियो और अबेन्डेंटिया इंटरटेनमेंट के साथ शुरुआत से बेहतर मौका मुझे नहीं मिल सकता था।’

‘ब्रीद’ एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है, जिसमें असाधारण परिस्थितियों का सामना करने वाले साधारण लोगों के बारे में दिखाया गया है।


## ‘सेटर्स’ और ‘व्हाई चीट इंडिया’ में बहुत फर्क है: श्रेयस तलपड़े

एजेंसी। मुंबई



**श्रेयस** तलपड़े की आगामी फिल्म ‘सेटर्स’ जल्द रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि इमरान हाशमी की ‘व्हाई चीट इंडिया’ और उनकी फिल्म एक-दूसरे से बहुत अलग है। अश्विनी चौधरी निर्देशित फिल्म ‘सेटर्स’ में श्रेयस के अलावा आफताब शिवदसानी, ईशिता दत्ता, सोनाली सहगल शामिल हैं। गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर जारी होने के बाद मुंबई में इसके कलाकारों और निर्माता विकास मनी वनरेंद्र हीरावत ने फिल्म के संबंध में मीडिया से बातचीत की। इमरान हाशमी की हालिया रिलीज फिल्म ‘व्हाई चीट इंडिया’ की तरह इस फिल्म की पटकथा भी भारतीय शिक्षा प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार और शिक्षा माफिया पर आधारित है। फिल्मों की कहानी की समानता पर श्रेयस से सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैंने अब तक ‘व्हाई चीट इंडिया’ नहीं देखी है। लोग दोनों फिल्मों में समानता ढूंढने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन जहां तक मेरा मानना है, दोनों में बहुत फर्क है। इसकी शूटिंग बनारस, जयपुर, मुंबई और दिल्ली में हुई है। फिल्म तीन मई 2019 को रिलीज होगी।

## अकेला ही खुश हूं: आदित्य



एजेंसी। मुंबई

**अभिनेता** आदित्य रॉय कपूर की इस समय किसी के साथ डेटिंग नहीं चल रही है, बल्कि वह अकेले हैं और खुश हैं।

उन्होंने वूट के एपिसोड ‘फीट अप विद स्टार्स सीजन 2’ में दिए एक बयान में कहा कि जब मेजबान अनीता श्रॉफ अदाजानिया ने उनसे पूछा कि इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में ‘सिंगल’ (अकेला) बताने पर उनके साथ काम करने वाले अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा ने उन्हें झूठा क्यों कहा? उन्होंने कहा, वे कहते हैं कि मैं झूठा हूं। मैं झूठा कैसे हूं? मैं खुश हूं और सिंगल हूं। इस पर अनीता ने कहा, मुझे लगता है, तुम दिवा धवन के साथ डेटिंग कर रहे हो, तब सिंगल कैसे हो?

## अमेरिकी सीमा पर रोती हुई बच्ची की तस्वीर ने वर्ल्ड प्रेस फोटो पुरस्कार जीता

एजेंसी। एम्स्टर्डम

**अमेरिकी** सीमा पर एक छोटी लड़की की असहाय रूप से रोने की तस्वीर ने प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो पुरस्कार जीता है। यह तस्वीर उस वक्त ली गई थी जब बच्ची और उसकी मां को अमेरिकी अधिकारी हिरासत में ले कर उनकी जांच कर रहे थे।

पुरस्कार के जजों ने कहा कि अनुभवी गेट्टी फोटोग्राफर जॉन मूर ने यह तस्वीर ली है, जब होंडुरास की नागरिक सैंड्रा सांचेज और उसकी बेटी यनेला ने पिछले साल अवैध रूप से अमेरिकी-मैक्सिकन सीमा पार की थी। इस तस्वीर में दिखने वाली हिंसा सामान्य से अलग है, यह मानसिक है। रोती हुई बच्ची की तस्वीर दुनिया भर में प्रकाशित हुई थी। तब सीमा पर कड़ी जांच संबंधी अमेरिका की विवादित नीति के कारण हजारों प्रवासियों को उनके बच्चों से अलग कर दिया गया था, जिसे लेकर दुनिया भर में अमेरिकी सरकार की आलोचना हुई थी। निर्णायक मंडल में शामिल जजों ने कहा कि अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों ने बाद में कहा कि यनेला और उसकी माँ अलग नहीं हुए थे। लेकिन सार्वजनिक रूप से हुए चौतरफा विरोध के चलते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले साल जून में उस नीति को वापस ले लिया था। मूर पिछले साल 12 जून की अंधेरी रात को रियो ग्रांड वैली में यूएस बॉर्डर पैट्रोल एजेंटों की तस्वीरें ले रहे थे, जब वे मां-बेटी उन लोगों की समूह में आए, जिन्होंने सीमा पार करने की कोशिश की थी। उसके कुछ ही समय बाद मूर ने अमेरिका के नेशनल पब्लिक रेडियो के प्रसारक को एक साक्षात्कार में कहा था, मैं उनके चेहरे पर, उनकी आंखों में साफ-साफ डर देख सकता था।



## फिल्मोद्योग को हर वक्त नए लोगों की जरूरत : अनन्या

### स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 का ट्रेलर लांच



एजेंसी। मुंबई

**फिल्म** स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के साथ अपने अभिनय के सफर की शुरूआत करने वाली नवोदित अभिनेत्री अनन्या पांडे का मानना है कि यदि अभिनय करने वालों के बीच प्रतिस्पर्धा हो तो इससे फिल्मोद्योग आगे बढ़ता है।

अभिनेता चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने कहा कि फिल्मोद्योग में नई प्रतिभा को मौका मिलने से दूसरों को कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के ट्रेलर लांच के मौके पर शुक्रवार को अनन्या ने संवाददाताओं से कहा, मुझे प्रतिस्पर्धा पसंद है और फिल्म में आप उसे देख सकते हैं। प्रतिस्पर्धा में काफी काफी मजा आता है। यह नए लोगों के लिए प्रेरक है। फिल्मोद्योग को नए लोगों की हर वक्त जरूरत होती है। फिल्म में टाइगर के साथ अनन्या पांडे के साथ ही तारा सुतारिया ने भी बॉलीवुड में डेब्यू किया है। ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2’ फिल्म 10 मई को रिलीज होगी। इस फिल्म को पुनीत मल्होत्रा ने डायरेक्ट किया है।